RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 9 अंक 81
नई दिल्ली, मंगलवार, 26 जनवरी, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
www.dailypioneer.com



न्यायालय से कंगना को मिली राहत
विविध-11

# चीन की घुसपैठ की कोशिश, सेना ने की नाकाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पूर्वी लद्दाख** के बाद चीन ने अब सिक्किम में घुसपैठ की कोशिश की, जिसे भारतीय सैनिकों ने नाकाम कर दिया। एलएसी पर जारी गतिरोध को सुलझाने के लिए जिस समय भारत और चीन पिछले सप्ताह एक और दौर की बातचीत की तैयारी कर रहे थे, उसी दौरान उत्तरी सिक्किम के ऊंचाई वाले नाकू ला इलाके में 20 जनवरी को पीपल्स लिब्रेशन आर्मी के सैनिकों ने एलएसी पार करने का प्रयास किया। चीनी सैनिकों को रोकने के लिए हल्की झड़प भी हुई है। इसमें दोनों ओर के सैनिक घायल हुए हैं। भारतीय सेना ने सोमवार को इस घटना को 'मामूली तनातनी' करार दिया और कहा कि विवाद को निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत स्थानीय कमांडरों ने सुलझा लिया है। हालांकि चीन ने ऐसी किसी भी घटना से इनकार किया है।

भारतीय सेना ने संक्षिप्त बयान में कहा कि यह स्पष्ट किया जाता है कि उत्तरी सिक्किम के नाकू ला में 20 जनवरी को 'मामूली तनातनी' हुई थी, जिसे निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत स्थानीय कमांडरों ने सुलझा लिया। मीडिया से अनुरोध है कि इसे तूल देने या बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने से बचे जो तथ्यात्मक रूप से गलत हो। घटना की जानकारी रखने वालों ने बताया कि चीन के सैनिकों ने वास्तविक



- **दोनों पक्षों के जवानों के बीच मामूली झड़प, स्थानीय कमांडरों ने मामले को सुलझाया**
- **पिछले हफ्ते शांति वार्ता की तैयारियों के बीच नाकुला में एलएसी पर हुई घटना**

नियंत्रण रेखा (एलएसी) पार कर भारतीय इलाके में घुसपैठ करने की कोशिश की, लेकिन भारतीय सेना के जवानों ने उन्हें रोक दिया। उन्होंने बताया कि नाकू ला में हुई झड़प के बाद दोनों पक्षों ने अतिरिक्त सैनिकों की तैनाती की है और अब तक स्थिति नियंत्रण में है। माना जा रहा है कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और शीर्ष सैन्य नेतृत्व को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी गई है। उल्लेखनीय है कि 13,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित नाकू ला वही स्थान है, जहां पिछले साल नौ मई को भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच झड़प हुई थी। इसके बाद पूर्वी लद्दाख के पेंगोंग लेक इलाके में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हिंसक झड़प हुई थी और तब से अब तक करीब नौ महीने से वहां सैन्य गतिरोध जारी है। पिछले साल नौ मई को नाकू ला में करीब 150 भारतीय और चीनी सैनिकों में झड़प हुई थी और दोनों पक्ष के कम से कम 10 जवान घायल हुए थे। नाकू ला की घटना के बारे में पूछे जाने पर चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने कहा कि जिस विशेष घटना का उल्लेख किया जा रहा है, उसके बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। झाओ ने बीजिंग में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि सीमा पर तैनात चीनी सैनिक भारत के साथ लगती सीमा पर शांति और धैर्य बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि हम भारतीय पक्ष से भी इसी दिशा में कार्य करने और ऐसी घटनाओं से बचने का आह्वान करते हैं, जिससे सीमा पर तनाव बढ़े या स्थिति जटिल हो। हम उम्मीद करते हैं कि मतभेदों को दूर करने के लिए उचित कदम उठाया जाएगा और सीमा पर शांति व स्थिरता के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। इस बीच, पूर्वी लद्दाख के सभी तनाव वाले इलाकों से सैनिकों की वापसी के उद्देश्य से रविवार को भारत और चीन की सेनाओं के बीच एक और दौर की कोर कमांडर स्तर की वार्ता हुई। बैठक रविवार सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर शुरू हुई और रविवार-सोमवार की दरमियानी रात दो बजकर 30 मिनट तक चली। लद्दाख में चीन के साथ जारी गतिरोध के बाद भारतीय सेना ने सिक्किम एवं अरुणाचल प्रदेश सहित 3,500 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों की तैनाती बढ़ा दी है। सूत्रों ने बताया कि अरुणाचल सेक्टर से लगे एलएसी के हवाई क्षेत्र की रक्षा (शेष पेज 8)

## सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाने पर भारत-चीन सहमत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत और** चीन पूर्वी लद्दाख में गतिरोध वाले स्थानों से सैनिकों को जल्द पीछे हटाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाने पर सहमत हो गए हैं और दोनों देशों ने स्थिति को स्थिर और नियंत्रित करने के लिए प्रभावी प्रयास करने का संकल्प जताया है। यह जानकारी सोमवार को जारी संयुक्त बयान में दी गई। रक्षा मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि बैठक सकारात्मक, व्यावहारिक और तर्कपूर्ण रही, जिससे परस्पर विश्वास और समझ बढ़ी है। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास चीन की तरफ मोल्दो में 16 घंटे तक चली वार्ता के बाद मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्ष अग्रिम मोर्चे पर तैनात सैनिकों के धैर्य बनाए रखने, भारत-चीन सीमा के पष्चिमी सेक्टर में एलएसी के पास स्थिति को नियंत्रित करने और संयुक्त रूप से शांति एवं धैर्य बनाए रखने पर सहमत हुए। बयान में बताया गया कि वे कोर कमांडर स्तर की दसवें दौर की वार्ता करने पर भी सहमति बनी है। सैन्य सूत्रों ने कहा कि कोर कमांडर स्तर की वार्ता रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे षुरू हुई और यह सोमवार तड़के करीब ढाई बजे तक चली। बातचीत (शेष पेज 8)

## गलवान झड़प के हीरो कर्नल बाबू को मरणोपरांत महावीर चक्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**पिछले साल** गालवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ झड़प के दौरान अपने 19 सैनिकों के साथ शहीद हुए कर्नल बी संतोष बाबू को इस साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर मरणोपरांत महावीर चक्र से सम्मानित किया गया। यह पदक दूसरा सबसे बड़ा युद्धकालीन वीरता पदक है। पांच अन्य सैनिकों को तीसरे सर्वोच्च युद्ध वीरता पदक वीर चक्र से सम्मानित किया गया है। ये सभी सैनिक भी पूर्वी लद्दाख में बीते साल 15 जून को हुए खूनी संघर्ष में 16 बिहार रेजिमेंट के कमांडिंग ऑफिसर बाबू के साथ षहीद हुए थे। चीनी सैनिकों ने भारतीय सेना की टीम पर नुकले हथियारों और लोहे की रॉड से हमला किया था। इस झड़प में 35 से अधिक चीनी सैनिक भी मारे गए थे। हालांकि, चीन ने अपने हताहत हुए सैनिकों की संख्या उजागर नहीं की है। वीर चक्र पुरस्कार प्राप्त करने वालों में नायब सूबेदार न्यूदुराम सोरेन, हवलदार के पलानी, हवलदार तेजिंदर सिंह, नाइक दीपक सिंह और नाइक (शेष पेज 8)

# सरकार को घेरने के लिए विपक्ष तय करेगा रणनीति

**संसद का बजट सत्र**

- **गुरुवार को होगी बैठक, कृषि कानूनों को खत्म कराने के लिए बनाएंगे दबाव**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**बजट सत्र** में सरकार की घेरेबंदी और कृषि कानूनों को निरस्त करने के लिए रणनीति तय करने को विपक्षी दल गुरुवार को बैठक कर सकते हैं। सूत्रों ने कहा कि राजग का पूर्व सहयोगी शिअद भी 29 जनवरी से शुरू हो रहे बजट सत्र में तीनों कानूनों को खत्म कराने को संयुक्त प्रयास करने के लिए संपर्क में है। विपक्षी दलों का मुख्य मकसद सरकार को कानून निरस्त करने के लिए मजबूर करना है क्योंकि राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद विधेयक प्रभाव में आ गया है लिहाजा इसे निलंबित नहीं किया जा सकता। कांग्रेस तथा कुछ अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं ने इस बात की पुष्टि की कि उनके सांसद गुरुवार को बजट सत्र के लिए रणनीति तय करने को बैठक करेंगे। इसके बाद विपक्षी दलों का एक बड़ा सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। कृषि कानूनों के विरोध में शिअद राजग से अलग हो गया था और उसकी लोकसभा सांसद हरिसिमरत कौर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था।

कांग्रेस के एक राज्यसभा सांसद ने कहा, 'हम राजनीतिक दलों के नेताओं के संपर्क में हैं। हमारी पार्टी प्रमुख (सोनिया गांधी) ने पहले ही हमें इस बात की अनुमति दे दी है कि हम सरकार पर कानूनों को खत्म करने के लिए दबाव बनाएं तथा देश के किसानों के साथ खड़े रहें। सरकार पर दबाव डालने के लिए हम अन्य पार्टियों के साथ एक संयुक्त मोर्चा बनाएंगे।' विपक्षी दलों ने फिलहाल आंदोलन से एक दूरी बना रखी है जिससे कि उसका अराजनैतिक चरित्र बना रहे। एक वरिष्ठ विपक्षी नेता ने कहा कि पार्टियों को यह संतुलन बनाए रखना होगा। साथ ही हम यह भी नहीं दिखाना चाहते हैं कि हम कुछ नहीं कर रहे हैं। विपक्षी दलों का एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल इस मुद्दे पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मिल चुका है। वहीं वामदलों ने एक संयुक्त बयान जारी किया है जिस पर माकपा महासचिव सीताराम येचुकी, भाकपा महासचिव डी. राजा, भाकपा (एमएल) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, आल इंडिया फारवर्ड ब्लाक के महासचिव देबब्रत बिस्वास तथा रिवोल्यूशनरी (शेष पेज 8)

# विदेशी मीडिया के आकर्षण का भी केंद्र बनी ट्रैक्टर रैली

- **अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा से बड़ी संख्या में यूट्यूब चैनल राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे**

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**नए कृषि** कानूनों के खिलाफ 26 जनवरी को निकलने वाले वाली किसानों की ट्रैक्टर रैली विदेशी मीडिया के आकर्षण का भी केंद्र बन गई है। किसान परेड को कवर करने के लिए अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा से बड़ी संख्या में यूट्यूब चैनल चलाने वाले राजधानी दिल्ली पहुंच गए हैं। विदेशी प्रिंट और टीवी मीडिया के पत्रकार भी पहले से ही तीनों प्रदर्शन स्थल टिकरी, सिंघू और गाजीपुर बार्डर पर डटे हैं। सोमवार को 61वें दिन में प्रवेष करने वाला किसानों का विरोध प्रदर्शन दुनिया भर का ध्यान आकर्षित कर रहा है और विदेशी मीडिया में इसे खूब जगह दी जा रही है। ग्राउंड रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रैक्टर रैली को कवर करने के लिए बड़ी संख्या में अंतरराष्ट्रीय मीडिया प्रिंट, टीवी और और सोशल मीडिया के लोग तीनों प्रदर्शन स्थलों- टीकरी बॉर्डर, गाजीपुर बॉर्डर और सिंघू बॉर्डर पर इकट्ठा हो चुके हैं। आजादी के बाद यह पहली बार है जब किसान राष्ट्रीय झंडे के साथ एक अनोखी किसान परेड निकालेंगे। गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टर रैली में भाग लेने के लिए हजारों किसानों ने दिल्ली की सीमाओं की ओर बढ़ना शुरू कर दिया है। कृषि संगठनों ने देश भर में राज्य और जिला मुख्यालयों पर इसी तरह की परेड आयोजित करने का फैसला किया है।

बीबीसी, अल जजीरा, वाषिंगटन पोस्ट, न्यूयॉर्क टाइम्स, टोरंटो स्टार, रॉयटर्स, द प्रोविंस, हैमिल्टन स्पेक्टर, सीएनएन, सीबीसी 24, ब्लूमबर्ग, द गार्जियन और द सन सहित तमाम विदेशी मीडिया अभी तक संघू बॉर्डर पर ही केंद्रित थे। अब उन्होंने गाजीपुर और टिकरी सीमाओं पर भी अपने पत्रकारों और कैमरामैन की टीमें तैनात कर दी हैं। मीडिया ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर (शेष पेज 8)



नई दिल्ली में रैली के लिए किसानों ने बड़ी संख्या में ट्रैक्टर जुटाए हैं

# किसानों का एक और ऐलान बजट के दिन संसद तक कूच

- **दिल्ली में आज गणतंत्र दिवस समारोह के बाद होगी ट्रैक्टर रैली, सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त**
- **पांच स्तरीय सिक्योरिटी कवर, पुलिस के छह हजार जवान तैनात, चप्पे चप्पे पर रहेगी नजर**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**गणतंत्र** दिवस पर अपनी प्रस्तावित ट्रैक्टर परेड से पहले प्रदर्शकारी किसान संगठनों ने सोमवार को घोषणा की कि वे एक फरवरी को केंद्रीय वार्षिक बजट के दिन विभिन्न स्थानों से संसद की तरफ कूच करेंगे। क्रांतिकारी किसान यूनियन के नेता दर्शनपाल ने कहा कि प्रदर्शनकारी किसान तीनों नए कृषि कानूनों को रद्द करने की अपनी मांग पर अडिग हैं और मांगें पूरी होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा, 'हम एक फरवरी को बजट के दिन विभिन्न स्थानों से संसद की तरफ पैदल मार्च करेंगे। जहां तक कल की ट्रैक्टर रैली की बात है तो इससे सरकार को हमारी शक्ति के बारे में एक एहसास होगा और उसे पता चलेगा कि आंदोलन केवल हरियाणा या पंजाब तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे देश का आंदोलन है।' दर्शनपाल ने कहा कि प्रत्येक कूच या प्रदर्शन शांतिपूर्ण होगा, जैसा कि अब तक रहा है। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'ट्रैक्टर परेड के लिए आए किसान अब वापस नहीं जाएंगे तथा प्रदर्शन से जुड़ेंगे। हमारी मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।' राजपथ और (शेष पेज 8)



# सीएम योगी ने गौतमबुद्ध नगर को कई सौगातों से नवाजा

**यूपी दिवस समारोह**

- **706 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का ऐलान**
- **वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये रंगारंग कार्यक्रमों और प्रदर्शनियों के साथ हुई शुरुआत**
- **अयोध्या के दीपोत्सव की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र**

**रिंकू यादव।** नोएडा

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को नोएडा सेक्टर-33ए स्थित शिल्प हाट में आयोजित होने वाले यूपी दिवस कार्यक्रम का लखनऊ से वीडियो कांफ्रें सिंग के माध्यम से शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर 706 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात भी दी, जिनमें मुख्य रूप से गोवंश आश्रय स्थल, सामुदायिक केंद्र का निर्माण, नोएडा एक्सप्रेसवे रिसर्फेसिंग, सेक्टर-78 में बनने वाले वेद वन पार्क, भूमिगत पार्किंग, बायोडायवर्सिटी पार्क आदि शामिल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा तथा यमुना एक्सप्रेसवे तीनों प्राधिकरण क्षेत्र मे हो रहे कार्य की वजह से गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश की आर्थिक राजधानी के रूप में उभर रहा है। यहां पर विकास कार्यों की अपार संभावनाएं है। जेवर एयरपोर्ट के बनने के बाद क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं बड़ी हैं। इस क्षेत्र में विदेशी कंपनियां इन्वेस्ट कर रही है। उन्होंने कहा कि गौतमबुद्ध नगर में आयुक्त प्रणाली लागू होने के बाद (शेष पेज 8)



लखनऊ में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कार्यक्रम की शुरुआत करते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। फोटो दीपक यादव

**अवकाश सूचना**

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में पायनियर प्रेस और कार्यालय में आज 26 जनवरी 2021 को अवकाश रहेगा। अतः 27 जनवरी का अंक प्रकाशित नहीं होगा।

**बाजार**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 48,348 | ↓ | 531 | |
| निफ्टी | 14,238 | ↓ | 133 | |
| सोना | 48,650 | ↓ | 141 | /10g |
| चांदी | 66,019 | ↑ | 43 | /kg |

**क्विक न्यूज**

**शिंजो आबे, बालासुब्रमण्यम को पद्म विभूषण सम्मान**

**नई दिल्ली।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे और दिवंगत गायक एसपी बालासुब्रमण्यम को पद्म विभूषण पुरस्कार देने की घोषणा की गई। वही, दिवंगत तरुण गोगोई तथा दिवंगत केशुभाई पटेल, दिवंगत राम विलास पासवान और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन का नाम पद्म भूषण पुरस्कार पाने वालो मे शामिल है।

# दिल्ली के हर्ड इम्युनिटी की ओर बढ़ने के संकेत

**कोविड-19**

- **सीरो सर्वेक्षण कर रहा इशारा, एक जिले में एकत्र नमूनों में से 50-60 फीसदी लोगों में बनी कोरोना के खिलाफ एंटीबॉडी**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी में पांचवें दौर के सीरो-प्रीवलेंस सर्वेक्षण के नतीजों से संकेत मिला है कि हो सकता है कि दिल्ली की आबादी कोरोना वायरस संक्रमण के खिलाफ समूह प्रतिरोधक क्षमता (हर्ड इम्युनिटी) हासिल करने की ओर बढ़ रही हो। यह जानकारी सूत्रों ने सोमवार को दी। सूत्रों ने कहा कि सर्वेक्षण में पाया गया है कि एक जिले में एकत्रित नमूनों में से 50-60 प्रतिशत लोगों में कोविड-19 के खिलाफ एंटीबॉडी विकसित हुई हैं। अधिकारियों ने कहा कि सर्वेक्षण कुछ दिनों पहले समाप्त हुआ। इसके लिए शहर भर के विभिन्न जिलों के 25,000 से अधिक लोगों के नमूने एकत्रित किए गए। दिल्ली की आबादी दो करोड़ से अधिक है जो कि 11 जिलों में फैली हुई है। एक सूत्र ने जिले का नाम बताये बिना कहा, 'एक जिले में, सीरो-प्रीवलेंस दर 50-60 प्रतिशत के बीच है, जिससे संकेत मिलता है कि बड़ी संख्या में लोगों में एंटीबॉडी विकसित हुई हैं, इसलिए हम कह सकते हैं कि शहर समूह प्रतिरोधक क्षमता प्राप्त करने की दिशा में बढ़ रहा है।'

विशेषज्ञों का कहना है कि समूह प्रतिरोधक क्षमता एक जनसंख्या तब विकसित होना कहा जाता है जब एक सीरो-प्रीवलेंस सर्वेक्षण में 50-60 प्रतिशत लोगों में एंटीबॉडी पाई जाती है। समूह प्रतिरोधक क्षमता उसे कहते हैं जब एक समूह के लोगों के वायरस से संक्रमित होने के बाद कई लोगों में इसकी प्रतिक्रिया में एंटीबॉडी बनने की वजह से (शेष पेज 8)



## कोरोना टीके को लेकर अफवाह फैलाने पर हो सकती है कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- **केंद्र ने सभी राज्यों को लिखा पत्र**

**कोविड-19** टीकों की प्रभावशीलता पर अफवाहों का सामना कर रहे केंद्र ने राज्यों को इस तरह की भ्रामक सूचना के प्रसार पर अंकुश लगाने के लिए कहा है। केंद्र ने राज्यों को सलाह दी है कि वे गलत सूचना फैलाने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करें। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे एक पत्र में इसपर भी जोर दिया कि देश के राष्ट्रीय नियामक प्राधिकरण ने पाया है कि दोनों टीके - सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया का कोविशील्ड और भारत बायोटेक लिमिटेड द्वारा निर्मित कोवैक्सीन सुरक्षित हैं और रोग प्रतिरोधी क्षमता का निर्माण करते हैं। केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों और केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रशासन के साथ मिलकर 16 जनवरी से देश भर में दो टीकों की सहायता से कोविड-19 टीकाकरण अभियान शुरू किया है। केंद्रीय गृह सचिव ने कहा कि कोविड-19 टीकाकरण पर राष्ट्रीय विशेषज्ञ समूह द्वारा तय की गई प्राथमिकता के अनुसार स्वास्थ्य कर्मियों और अग्रिम मोर्चे में लगे कर्मियों को टीके लगाए जा रहे हैं और बाद में प्राथमिकता समूह 2 और 3 को टीका लगाया जाएगा। पत्र में कहा गया है, मैं इस (शेष पेज 8)



# प्रदूषण कम करने के लिए पुराने वाहनों पर ग्रीन टैक्स की तैयारी

- **हाईब्रिड, इलेक्ट्रिक, वैकल्पिक ईंधन व कृषि में इस्तेमाल होने वाले वाहनों को मिलेगी छूट**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**चरणबद्ध** तरीके से खराब और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को बाहर कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने की मंशा से केंद्र पुराने वाहनों पर ग्रीन टैक्स लगाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। आठ साल से पुराने कमर्शियल वाहनों से फिटनेस के नवीनीकरण के लिए ग्रीन टैक्स वसूला जाएगा और यह रोड टैक्स का 10 से 25 फीसदी तक होगा। इसके अलावा निजी वाहनों से 15 साल के बाद पंजीकरण प्रमाण पत्र के नवीनीकरण के दौरान ग्रीन टैक्स लिया जाएगा। इन प्रस्तावों को भूतल परिवहन तथा राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंजूरी दे दी है। इन प्रस्तावों को अधिसूचित करने से पहले राज्यों के पास सलाह मशविरा के लिए भेजा जाएगा। हाईब्रिड, इलेक्ट्रिक वाहन और जिनमें वैकल्पिक ईंधन जैसे सीएनजी, एथेनॉल, एलपीजी आदि का इस्तेमाल होता है उन्हें ग्रीन टैक्स से छूट मिलेगी। इसी तरह कृषि में इस्तेमाल होने वाले वाहन जैसे ट्रैक्टर, हार्वेस्टर और टिलर आदि को भी इसके दायरे से बाहर रखा जाएगा। सार्वजनिक परिवहन वाहन जैसे सिटी बस से कम ग्रीन टैक्स लिया जाएगा तथा ज्यादा प्रदूषित शहरों में पंजीकृत वाहनों से ज्यादा ग्रीन टैक्स (रोड टैक्स का 50 फीसदी) वसूला जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि संग्रह किए गए ग्रीन टैक्स को (शेष पेज 8)

**ICICI Bank** | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली – 110005

**सार्वजनिक सूचना – संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा–सह–नीलामी**

**नियम 8 (6) का परंतुक देखें.**

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई–नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पून: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृरित अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एंव दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है" एवं जैसी है, वैसी है " एवं जिस भी स्थीत में है " के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :–

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह–कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | सत्यवीर सिंह (कर्जदार), सुमन (सह–कर्जदार) LBDEL00001386142 | फ्लैट नंबर 1, पहली मंजिल, प्लॉट नंबर एस– 2 ब्लॉक– ए शालीमार गार्डन एक्सटेंशन– 2 गाजियाबाद. क्षेत्र– 748 वर्ग फीट। | रू. 32,86,780.5 (जनवरी 15, 2021 तक) | रू. 16,00, 000/- / रू. 1,60,000/- | फरवरी 12, 2021 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | फरवरी 25, 2021को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था मैसर्स नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं कों **फरवरी 24, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अतिंम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पतियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली – 110005** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक– **फरवरी 24, 2021** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली – 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्तांक्षरित प्रति को दिनांक **फरवरी 24, 2021** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9372730494** या मैसर्स **नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन नंबर **9710029933/ 9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड 3. प्रॉप्स एएमसी** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है। बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

तिथि : जनवरी 25, 2021
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**पढ़ाई के साथ खेलों में रूचि रखे युवा : अनिल : गाजियाबाद।** सरकार खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रही है। खेलों में करियर बनाने के लिए अपार संभावनाएं हैं। इसलिए युवा पढ़ाई के साथ–साथ खेलों में भी अपनी रुचि रखें। युवा विश्वस्तरीय खेलों में पदक जीतकर अपने माता–पिता के साथ.साथ देश का नाम रोशन करें। ये बातें राज्यमंत्री अनिल शर्मा (पर्यावरण एवं वन व जलवायु परिवर्तन विभाग) ने कही।

**KAVYAM AFFORDABLE GROUP HOUSING**
**Being Developed by Agrante Realty Ltd, having**
License No. 101 of 2017 dated 30.11.2017
HARERA No. RC/REP/HARERA/GGM/2018/23 dated 22.11.2018
Hotel **"The Plazzio Hotel, 292-296 Sector-29 City Centre Gurugram- Haryana**
22 जनवरी 2021 शुक्रवार को आयोजित काव्यम अर्फोडेबल ग्रूप हाउसिंग प्रोजेक्ट सेक्टर–108, गुरूग्राम स्थित फ्लैट्स के ड्रा के सफल आवेदकों एवं प्रतीक्षा आवेदकों की सूची:–

**TYPE-1 2 BHK 512.50 Sq.ft**

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9228 | 10537 | 10540 | 10536 | 10413 | 9935 | 10571 | 10387 | 10502 | 10538 | 10553 | 10407 |
| 10501 | 10595 | 10597 | 10431 | 9556 | 10354 | 10615 | 10500 | 10555 | 10601 | 10529 | 10504 |
| 10539 | 10517 | 10528 | 10353 | 10352 | 9542 | 10596 | 10527 | 10519 | 10603 | 10607 | 3677 |
| 10525 | 10515 | 10605 | 10514 | 3679 | 10244 | 10600 | 10612 | 9937 | 10606 | 10618 | 10523 |

**TYPE-3 2 BHK 488.30 Sq.ft**

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10661 | 10658 | 10620 | 10221 | 10656 | 10513 | 10522 | 10355 | 10660 | 10663 | 10619 | 10621 |
| 10549 | 10662 | 10550 | 10592 | 10554 | 10617 | 9184 | 10563 | 10505 | 10557 | 10530 | 9633 |
| 10521 | | | | | | | | | | | |

**प्रतिक्षा सूची – TYPE-3 2 BHK 488.30 Sq.ft**

| | | |
|---|---|---|
| 10541 | 10533 | 10651 |

डिस्क्लेमर:
काव्यम के फ्लैट्स का ड्रा हरियाणा अर्फोडेबल हाउसिंग पॉलिसी गृहमंत्रालय/डी.टी. सी.पी. हरियाणा/डी.सी. गुरूग्राम द्वारा जारी दिशा निर्देशो के तहत रखे गये मापदंडों के आधार पर तथा संबंध पदाधिकारी की निगरानी में किया गया है।
सुनिश्चित आबंटन सूची आवेदन पत्र संख्या व ड्रा के क्रमांक के अनुसार है।
अधिक जानकारी के लिये **www.kavyamhomes.com** पर लॉग ऑन करेज हाँ सफल आवेदकों की सूची, नाम व फ्लैट नंबर सहित उपलब्ध हैं।

अग्रांते रियल्टी लिमिटेड सिननंबर U70101DL2013PLC248731
रजिस्टर्ड ऑफिस 704 डीएलएफ टावर–बीजसोला नई दिल्ली–110025
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें–वेबसाइट www.kavyamhomes.com
ईमेल contact@agrante.com 011-41924100-199, 8800499674




**महानगर में यातायात का दबाव होगा कम**

# डासना से लोनी नॉर्दन पेरीफेरल रोड निर्माण की कवायद तेज

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

● **प्राधिकरण ने शासन को भेजी डीपीआर**

महानगर के निवासियों के लिए एक बड़ी खबर है। शहर में यातायात दबाव को कम करने के लिए डासना से लोनी तक पचास मीटर चौड़ा नार्दन पेरीफेरल रोड बनाने की कवायद तेज हो गई है। इस रोड के बनने के बाद डासना से लोनी तक का रास्ता 15 मिनट में तय हो जायेगा।

ये दोनों इलाके अभी तक विकास के दृष्टिकोण से काफी पीछे चल रहे थे। इस रोड के बनने के बाद इन इलाकों में औद्योगिक व गैर औद्योगिक विकास की गति भी तेजी पकड़ लेगी। जीडीए प्रशासन का अभियंत्रण विभाग इस योजना में तेजी लाने के लिए मैराथन बैठक कर इसका खाका तैयार कर रहा है। यह रोड पचास मीटर चौड़ी और 25 किमीमीटर लंबी होगी। हालांकि इस योजना को मूर्त रूप देने के लिए उत्तर प्रदेश शासन ने कोई फंड जारी नहीं किया है। इस संबंध में शासन को जीडीए प्रशासन तमाम कागजी कार्रवाई कर चुका है। किसी भी दिन प्रदेश शासन से फंड जारी करने की सूचना जीडीए को मिल सकती है।

गाजियाबाद के सांसद और केंद्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह भी इस रोड के निर्माण में काफी रूचि ले रहे हैं। इस संबंध में वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भी लिख चुके हैं। खास बात यह है कि जीडीए ने पिछले दिनो 490 करोड़ की डीपीआर तैयार कराकर शासन को भेजी थी। डासना से लोनी तक तीन चरणों में निर्माण करने की बात का डीपीआर में उल्लेख किया गया था।

प्राधिकरण सचिव संतोष राय ने बताया कि मधुबन–बापूधाम योजना और डासना पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण भी इसी योजना के तहत किया जायेगा। इस ओवर ब्रिज के बनने के बाद जाम लगने की समस्या का भी निराकरण हो जायेगा। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद गाजियाबाद–हापुड और मेरठ के यात्री सीधे लोनी और पूर्वी दिल्ली आसानी से आ जा सकेंगे।

# देश को बताएं आपने उसके लिए क्या किया : डॉ. पीएन अरोड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद


डॉ. पीएन अरोड़ा

हमारे पूर्वजों ने हमें एक शानदार अतीत दिया, अब हमें भविष्य बनाने की आवश्यकता है। अतीत की शानदार घटनाओं के बारे में बात करना बहुत महत्वपूर्ण है ताकि हम अपने इतिहास को कभी खो न सकें। ये बातें यशोदा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशाम्बी के एमडी डॉ. पीएन अरोड़ा ने कही। गणतन्त्र दिवस के उपलक्ष्य में हॉस्पिटल स्टॉफ को संबोधित अपने संक्षिप्त संदेश में डॉ. पीएन अरोड़ा ने कहा कि आप यह न पूछें की देश ने आपके लिए क्या किया, बल्कि यह बताएं कि आप देश की लिए क्या कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि विकास पथ पर आगे बढ़ते हुए, हमारा देश और हम सभी देशवासी, विश्व–समुदाय के साथ सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि हमारा और पूरी मानवता का भविष्य सुरक्षित रहे और समृद्धिशाली बने। डॉ. अरोड़ा ने सभी से आगे बढ़कर कोविड टीकाकरण में भाग लेने की अपील की। जिससे कि इस बीमारी को जल्द से जल्द खत्म कर अपने देश की उन्नति एवं आर्थिक प्रगति में ज्यादा से ज्यादा योगदान कर सकें।

# तीन लोगों के खाते से ठगों ने उड़ाए डेढ़ लाख रुपए

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

● **साइबर सेल की मदद से पुलिस ने शुरू की जांच-पड़ताल**

संदिग्ध तरीके से ठगों ने तीन लोगों के बैंक खाते से डेढ़ लाख रुपए निकाल लिए। जानकारी होने पर पीड़ितों ने संबंधित थाना पुलिस में शिकायत दी है। पुलिस ने सभी मामलों को अलग–अलग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहला मामला कविनगर कोतवाली में कृष्णा विहार कॉलोनी लालकुआं में रहने वाले नितिन कुमार के साथ 95 हजार रुपये की ठगी का है। पीड़ित नितिन ने अपनी शिकायत में बताया कि 19 जनवरी की दोपहर उनके मोबाइल पर एक के बाद एक कुल चार संदेश आए। उन्होंने देखा तो इन संदेशों में कुल 95 हजार रुपये बैंक खाते से निकलने की सूचना थी। उन्होंने तुरंत मामले की शिकायत बैंक में दी और खाते को बंद कराया। इसके बाद पुलिस को लिखित तहरीर दी है।

दूसरा मामला पंचशील सोसायटी, गोविंदपुरम में रहने वाले दिनानाथ प्रसाद के बैंक खाते से जालसाजों ने पांच बार में 41 हजार रुपये निकाल लिए। जबकि तीसरे मामले में राजनगर एक्सटेंशन में रहने वाले आशीष दयाल के बैंक खाते से जालसाजों ने दस हजार रुपये निकाल लिए।

तीनों पीड़ितों ने बताया कि वारदात के वक्त उनका एटीएम कार्ड और चेकबुक उनके पास मौजूद था और इन पैसों की निकासी के लिए उनके पास कोई ओटीपी भी नहीं आई। पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर मामला दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है।

# बकायेदारों पर निगम ने की कार्रवाई, दुकानें सील

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नगर निगम ने बड़े कर बकाएदारों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। सोमवार को शहर में दो बड़े बकायेदारों के खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई की गई जबकि कई बकायेदारो को तीन दिन के अंदर बकाया राशि जमा करने के नोटिस जारी किय गए हैं। यदि तीन दिन के अंदर बकाया राशि जमा नहीं की गई तो उनके खिलाफ संपत्ति कुर्की की कार्रवाई की जायेगी।

निगम के मुख्यकर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव सिन्हा ने बताया कि वार्ड संख्या 33 में बड़े बकायेदारों के विरुद्ध वसूली हेतु कुर्की अभियान जोनल प्रभारी सुधीर शर्मा के नेतृत्व में चलाया गया। इस दौरान योगेश कुमार गोयल बजरिया शर्की पर कर राशि 90 हजार 306 रूपये बकाया थी। समय पर भुगतान न करने पर उसकी दुकान को सील किया गया तथा बजरिया स्थित गोपाल प्लाजा होटल जिस पर छः लाख की राशि बकाया थी। उसको भी सील कर दिया गया है।

सिन्हा ने बताया कि शहर में अभी भी 9 बड़े बकायेदार हैं। इन्हें कुर्की के नोटिस दिए गए हैं जिन्हें तीन दिन का समय दिया गया है। तीन दिन बाद बकाया धनराशि जमा ना होने पर नियमानुसार चल–अचल संपत्ति की कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली–110002, दूरभाष: 011–40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी–9 सेक्टर–3, नोएडा–201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ–31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर–201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120–4879800–4879900।

# दिल्ली में मार्च से घर पहुंचेगा राशन

## आप सरकार ने किया ऐलान, अब दुकानों पर नहीं लगेंगी लंबी लाइनें

● सीएम ने सचिवालय में फहराया तिरंगा, देश के लोगों को दी बधाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली सचिवालय में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण करते मुख्यमंत्री केजरीवाल।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली वालों और देश वासियों को ढेर सारी बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि देश दुनिया पिछले 1 साल से कोविड-19 महामारी से जूझ रहा है। यही कारण है कि आज गणतंत्र दिवस भी दिल्ली सचिवालय में मना रहे हैं। इससे पहले बड़े पैमाने पर छत्रसाल स्टेडियम में स्कूली बच्चों के साथ मनाया करते थे। केजरीवाल तिरंगा फहरा कर लोगों को संबोधित किया।

अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को सचिवालय में कहा कि मार्च से राशन लोगों के घर-घर पहुंचेगा। इससे उन्हें दुकानों पर लंबी लाइनें लगाने से छुटकारा मिल जाएगा।

अगर उपभोक्ता को 25 किलो गेहूं और 10 किलो चावल मिलना है, तो 25 किलो की एक शानदार पैकिंग में साफ-सुथरा गेहूं या आटा और 10 किलो चावल की एक बोरी बनाकर घर पहुंचा दिया जाएगा। उन्हें किसी दुकानदार के पास जाने की जरूरत नहीं होगी। मुझे लगता है कि पूरी शासन व्यवस्था को बदलने के लिए यह अपने आप में बहुत ही बड़ा क्रांतिकारी कदम होगा।

उन्होंने बताया कि झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों को घर देने का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। बहुत जल्द उन्हें पक्का मकान भी मिलेगा। कोविड-19 महामारी के दौरान मुश्किल हालातों में भी उन्होंने दिल्ली वालों को मिलने वाली सुविधाएं जारी रखीं।

पुलिसकर्मी, सेना के जवान और फायर सर्विस के लोग अपनी जान की बाजी लगाकर हमारी सेवा करते हैं। वह उनके परिवारों को अकेला नहीं छोड़ते, बल्कि उन्हें एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि देते हैं। सम्मान के लिए दिल्ली सरकार पूरी तरह तत्पर्य है।

### साल के अंत तक मिलेगा हेल्थ कार्ड

इस साल के अंत तक दिल्ली वालों का अपना हेल्थ कार्ड होगा और लोग डॉक्टर से मिलने का समय ऑनलाइन ले सकेंगे। हेल्थ कार्ड ऐसा होगा कि मरीज किसी भी अस्पताल में जाएंगे तो उसकी बीमारी की जानकारी डॉक्टर के पास उपलब्ध होगी। यह व्यवस्था सबसे पहले सरकारी अस्पतालों में शुरू होगी। सीएम ने दावा किया कि उन्होंने दिल्ली में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किया है। एक दिन में 8.5 हजार कोरोना के केस आने पर भी चिकित्सा व्यवस्था चरमराई नहीं। जबकि कई विकसित देशों के स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त हो गई थीं।

# किसान रैली के रास्तों पर जाने से बचें चालकः पुलिस

● तीनों रूटों पर परेड खत्म होने तक यातायात प्रतिबंधित रहेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस परेड के बाद मंगलवार को होने वाली किसान ट्रैक्टर रैली को लेकर यातायात पुलिस ने पुख्ता तैयारी की है। ट्रैक्टर परेड के लिए तय किए गए तीनों रूटों पर परेड खत्म होने तक यातायात प्रतिबंधित रहेगा। इस बीच यातायात को अन्य मार्गों पर डायवर्ट किया गया है। जिससे जाम की समस्या पैदा न हो।

यातायात परामर्श जारी करते हुए संयुक्त पुलिस आयुक्त यातायात (आपरेशंस) मीनू चौधरी ने बताया कि ट्रैक्टर परेड के तीनों रूटों पर आम लोगों के लिए यातायात बंद रहेगा। वाहन चालक इन रास्तों पर जाने से बचें और वैकल्पिक रास्तों को ही इस्तेमाल करें। मीनू चौधरी ने बताया कि सिंघू बार्डर से ट्रैक्टर रैली का मार्ग-सिंघू बार्डर-संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर-डीटीयू-शाहबाद डेयरी-बरवाला गांव-पूठ खुर्द गांव-कंझावला टी प्वाइंट-कंझावला चौक-कुतुबगढ़-औचंदी बार्डर-खरखोंदा टोल प्लाजा।

**सिंधू बार्डर से इन रास्तों पर रहेगा डायवर्जन**

सिंघू बार्डर से एनएच-44 जीटी करनाल रोड की ओर जाने वाले यातायात को सिंघू शनि मंदिर, अशोक फार्म / जंती टाल, हमिदपुर, सुंदरपुर माजरा, जिंदोपुर मुखमेलपुर, कादीपुर, कुसुम कालोनी, मुकरबा चौक, जीटीके डिपो से डायवर्ट किया जाएगा। बवाना रोड की ओर जाने वाले यातायात को केएनके मार्ग, जीथ्रीएस माल, मधुबन चौक, रोहिणी पूर्व मेट्रो स्टेशन, रिठाला चौक, पनसली चौक, हेलीपेड टी प्वाइंट, डीएसआइआइडीसी रोड, नरेला-बवाना रोड, चित्रा धरम कांटा, डीएसआइआइडीसी गोल चक्कर और झंडा चौक की ओर डायवर्ट किया जाएगा। कंझावला रोड की ओर जाने वाले यातायात को कराला, कंझावला गांव, जौंती टोल, कुतुबगढ़-गढ़ी रोड की ओर डायवर्ट किया जाएगा।



**टीकरी बार्डर से इन रास्तों पर रहेगा डायवर्जन**

रोहतक रोड से किराड़ी मोड़ और मंगोलपुरी की ओर, घेवरा मोड़ से कंझावला की ओर, पीरागढ़ी चौक से डिस्ट्रिक्ट सेंटर और मंगोलपुरी की ओर डाववर्ट किया जाएगा। इसके साथ ही झटीकरो मोड़ नजफगढ़ से व्यावसायिक वाहनों को प्रवेश नहीं मिलेगा। वहीं, द्वाराका मोड़ से दिल्ली गेट और नजफगढ़ के बीच व्यावसायिक वाहनों को प्रवेश नहीं मिलेगा। साथ ही गोयला डेयरी प्वाइंट से नजफगढ़ के, शुरखपुर टी प्वाइंट से ढांसा रोड की ओर किसी व्यावसायिक वाहन को नहीं जाने दिया जाएगा।

झड़ोदा नाले से वाहनों को कैर गांव की ओर डायवर्ट कर ढांसा रोड से निकाला जाएगा। पुराने ककरौला रोड पर स्थित नजफगढ़ नाले से नजफगढ़ की ओर किसी भी व्यावसायिक वाहन को जाने की अनुमति नहीं होगी।

# भाजपा का सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

● जल बोर्ड में कथित 26,000 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप

**पायरियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली जल बोर्ड में 26 हजार करोड़ रुपये के कथित घोटाले को लेकर सभी मंडलों में विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने करोल बाग जिले के आरके आश्रम मेट्रो स्टेशन पर प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केजरीवाल सरकार के खिलाफ हल्ला बोला। उन्होंने कहा कि जो ईमानदारी की कसमें खाते थे, गाड़ी, बंगला और सुरक्षा नहीं लेने की बात करते थे, वही केजरीवाल आज भ्रष्टाचार में ऊपर से नीचे तक डूबे हुए हैं। भाजपा ने पूरे शहर में जो पोस्टर और होर्डिंग्स लगाए थे उसको फाड़वाया जा रहा है।

उन्होंने सीएम केजरीवाल को चुनौती दी कि पोस्टर फाड़ने से घोटाला छुपने वाला नहीं है। दिल्ली सरकार में सबसे बड़ा भ्रष्टाचार का अड्डा जल बोर्ड के अंदर है। कभी फायदें में चलने वाला जल बोर्ड केजरीवाल सरकार के आने के बाद कंगाली और बर्बादी के दौर से गुजर रहा है। दिल्ली जल बोर्ड को हर साल 3400 करोड़ रुपये लोन का ब्याज चुकाना पड़ता है जबकि सिर्फ 24,00 करोड़ रुपये जल बोर्ड की आय है।

गुप्ता ने सीएम केजरीवाल से इस्तीफा देने की मांग की है। जल बोर्ड में जो 26 हजार करोड़ का घोटाला हुआ। उसका कोई हिसाब नहीं है। दिल्ली सरकार को इसका हिसाब देना ही पड़ेगा।

## किसानों का अपने क्षेत्रों में स्वागत करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस कार्यकर्ता गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टर रैली के रुट पर जगह-जगह मंच बनाकर रैली का स्वागत करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार खुद भी एक जगह किसानों के समर्थन में कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग को लेकर ट्रैक्टर रैली का स्वागत करेंगे।

कुमार ने कहा कि किसान पिछले दो महीने से कड़कड़ाती ठंड में तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं। करीब 100 से ज्यादा किसानों ने अपनी जान तक गंवा दी है।

# ट्रैक्टर रैली के चलते आनंद विहार बस अड्डा रहेगा बंद



● बसों को सराये काले खां से भेजा जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

किसानों की ट्रैक्टर परेड के मद्देनजर एहतियाती उपाय के तहत मंगलवार को आनंद विहार बस अड्डा पूरे दिन के लिए बंद रहेगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस से मिले अनुरोध के बाद बस अड्डे को बंद रखने का निर्णय लिया गया। दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग के विशेष आयुक्त (संचालन) केके दहिया ने कहा, बचाव उपाय के तहत आनंद विहार बस अड्डा मंगलवार को बंद रहेगा।

इस बस अड्डे को जाने वाली सभी बसों को सराय काले खां बस अड्डे भेजा जाएगा।

आनंद विहार बस अड्डा गाजीपुर बॉर्डर के पास दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बीच स्थित है। किसानों की ट्रैक्टर परेड सिंघू, टीकरी और गाजीपुर बॉर्डर से रवाना होगी। हालांकि आवागमन को लेकर पुलिस एडवाईजरी जारी कर चुकी है।

## किसानों के समर्थन में कनॉट प्लेस पहुंचा समूह

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के नए कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों के समर्थन में मध्य दिल्ली के कनॉट प्लेस में कुछ लोग एकत्र हुए। पुलिस के मुताबिक कनॉट प्लेस के ए और बी ब्लॉक के पास 20 से 25 लोग जमा हुए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि उन्हें उस जगह पर प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं दी गई और वहां से जाने को कहा गया।


ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

सार्वजनिक सूचना

बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि निम्नवर्णित (कर्जदार/रों) ने नीचे वर्णित सुविधा अनुबंध संख्या तथा पता के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 26 दिसम्बर, 2018 के द्वारा दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि अर्थकॉन ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति पता |
|---|---|---|
| 1. | अविनाश एस दीक्षित, आरती दीक्षित एलबीएनओडी00002283212 | फ्लैट नंबर बी-607, छठा तल, अर्थकॉन कासा ग्रैण्ड प्लॉट नंबर 7ए, सेक्टर चाई 5 ग्रेटर नोएडा-201307 |

दिनांकित : 25 जनवरी, 2021
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
हस्ता./-





## यूपी दिवस पर नोएडा के निवासियों को बड़ी सौगात

# शहर में 34 ओपेन जिम स्थापित करेगा प्राधिकरण

● कई सेक्टरों को मिलेगी पार्क की सुविधा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



शिल्प हॉट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मनमोहक नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार। फोटो : दीपक यादव

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण 28 जनवरी को अपनी 30वें स्थापना दिवस के मौके पर शहर के लोगों को कई सौगात देगा। निवासियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्राधिकरण 34 ओपन जिम सुविधा की शुरुआत करने जा रहा है। पहला ओपन जिम ग्रेटर नोएडा सम्राट मिहिर भोज पार्क सिटी पार्क में खोला जाएगा। हालांकि इसका उपयोग नागरिक 28 जनवरी से कर सकेंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नरेंद्र भूषण ने बताया कि शहरवासियों के लिए इन 34 ओपेन जिम पर करीब 5.50 करोड़ रुपये का खर्च आएगा।

बताते चलें कि 28 जनवरी, 2021 को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की स्थापना को 30 साल पूरे हो जाएंगे। विगत 30 सालों में प्राधिकरण ने शहर वासियों के लिए सराहनीय कार्य किया है। प्राधिकरण शहर के लोगों की बेहतरी, स्वास्थ्य-शिक्षा और दूसरी जरूरतों के लिए हमेशा नए और अभिनव तरीके अपनाता रहा है। 30वीं स्थापना दिवस पर प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा के लोगों के बेहतर स्वास्थ्य और फिटने के लिए काम करेगा। इस सिलसिले में ग्रेटर नोएडा में 34 ओपन जिम स्थापित किए जाने का लक्ष्य है। हालांकि इसमें अगले 3 माह का समय लगेगा।

**इन सेक्टर में मिलेगी पार्कों की सुविधा :** अगले 3 महीनों में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण शहर के अन्य क्षेत्रों में ओपन जिम की सुविधा देगा। अथॉरिटी सेक्टर सिगमा 1, 2, 3, 4, सेक्टर. 3 पॉकेट ए, पी .3 पी 4, ओमेगा वन, बिल्डर एरिया, डेल्टा 1,2,3 और बीटा 1, 2 में 34 ओपेन जिम स्थापित करेगा। इनके अलावा शहर के गामा 1,2, गामा .1 पॉकेट.ए, ओमिक्रान 1,2,3, 1ए, रो.1,2 पाई.1, स्वर्ण नगरी, जू 1,2,3, म्यू 1,2, जीटा.1, एटा.1 और अल्फा 1,2 के पार्कों में भी लोगों को ओपने जिम की सुविधा दी जाएगी।

**प्राधिकरण ने मांगा सुझाव**

प्राधिकरण ने शहर के सभी निवासियों से कहा है कि उनके सेक्टर के पार्क में कराए जा रहे कार्यों के बारे में अगर किसी नागरिक को कोई सुझाव या आपत्ति देनी है तो वह ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी को इस बारे में अवगत करा सकते हैं। इसके लिए अथॉरिटी ने दूरभाष नंबर और व्हाट्सएप नंबर जारी किया है। साथ ही निवासी मित्रा ऐप के जरिए भी अपनी समस्याए जानकारी या सुझाव प्राधिकरण को भेज सकते हैं। प्राधिकरण ने जो नंबर जारी किया है, वह 0120, 2336046,47,48 और 49 है। संपर्क के लिए व्हॉट्सअप नंबर 8800203912 है। निवासी इन नंबरों पर अपनी शिकायत, आपत्ति और सुझाव प्राधिकरण संग साझा कर सकते हैं।

## अत्याधुनिक और बेहतरीन उपकरण लगेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

पहला ओपन जिम शहर के सिटी पार्क में आरंभ किया जाएगा। इस जिम में अत्याधुनिक और जरूरी 17 तरह की मशीनें और उपकरण लगाए जाएंगे। इन उपकरणें में मुख्य रूप से एयर वॉकर, सीटेट चेस्ट प्रेस, हॉर्स राइडर, एयर स्विंग, आर्म व्हील, लेग प्रेस, पुल चेयर, ट्विस्टर, एक्ससरसाइजिंग बार्स, सिटअप स्टेशन, रोइंग मशीन, डबल क्रॉस वॉकर, एलिप्टिकल एक्ससरसाइज़र, फ़िक्स्ड डम्बल, ब्रिज लैडर, स्टेयर स्टेपर, और वेट लिफ्टर जैसे अत्याधुनिक उपकरण शामिल हैं।

सीईओ ने कहा कि शहर के सभी निवासियों को स्वास्थ्य और फिटनेस के बारें में प्राधिकरण जागरूक बनाने की कोशिश कर रहा है। प्राधिकरण की कोशिश है कि सभी लोग घरों से बाहर निकलकर प्राकृतिक और शुद्ध हवा में व्यायाम, जोगिंग कर सकें । इससे लोगों का स्वास्थ्य बेहतर रहेगा और उन्हें खुली और स्वच्छ हवा में सांस लेने का मौका मिलेगा।

**रखरखाव को वेंडर होंगे नियुक्त :** प्राधिकरण इन खुले जिम की सुरक्षा व रखरखाव के लिए एक वेंडर को नियुक्त करेगा। यह वेंडर अगले 5 वर्ष तक इन ओपेन जिम की निगरानी और देखभाल करेगा। हालांकि प्राधिकरण ने वेंडर के चयन में कई अहम मानकों को पूरा करने वालों को ही मौका देने का निर्णय लिया है।

# ट्रैक्टर रैली : प्रशासन के लिए चुनौती का दिन

**विभु मिश्रा।** गाजियाबाद



यूपी गेट गाजीपुर बॉर्डर पर अपने ट्रैक्टरों पर झंडा लगाकर खड़े किसान।

आखिर वह दिन आ ही गया जब किसान पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आज गणतन्त्र दिवस पर ट्रैक्टर परेड निकालेंगे। ये ट्रैक्टर परेड पुलिस-प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है। इसी के मद्देनजर सोमवार को फिर डीएम अजय शंकर पांडे और एसएसपी कलानिधि नैथानी ने सुबह यूपी गेट पहुंचकर किसान नेताओं से वार्ता की।

गणतंत्र दिवस के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के साथ ही किसानों की ट्रैक्टर परेड को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना पुलिस के लिए कड़ी परीक्षा साबित होने जा रही है। हर बार पुलिस लाइन में भव्य तरीके से समारोह पूर्वक यह राष्ट्रीय त्योहार मनाया जाता है। जिला मुख्यालय पर भी झंडारोहण होता है। पूर्व की भांति अधिकारियों के जिम्मे इस बार भी यह आयोजन करा शहर भर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ ट्रैक्टर परेड को निकलवाने का काम है। डीएम अजय शंकर पांडेय और एसएसपी कलानिधि नैथानी के साथ ही रेंज व जोन के अधिकारियों का दावा है कि पुलिस-प्रशासन बंदोबस्त पूरे कर लिए हैं।

इसी परीक्षा में शत-प्रतिशत पास होने के लिए एडीजी जोन मेरठ राजीव सभरवाल और आइजी रेंज मेरठ प्रवीण कुमार बीते दो दिनों से यूपी गेट पर ही डेरा डाले हुए हैं। दोनों अधिकारी आज होने वाली ट्रैक्टर परेड की तैयारी में एक हफ्ते से जुटे हैं। खुद जायजा लेने के साथ ही वह पुलिस अधीक्षक से भी पल-पल की खबर ले रहे हैं।

## राकेश टिकैत ने लिया परेड के रूट का जायजा

**गाजियाबाद।** किसानों के ट्रैक्टर मार्च का रूट फाइनल होने और दिल्ली पुलिस के ट्विटर हैंडल पर संदिग्ध गतिविधि वाले बयान के बाद किसान नेता राकेश टिकैत का बयान आया है। राकेश टिकैत ने कहा कि हम भी ऐसे लोगों को चिन्हित कर रहे हैं और दिल्ली पुलिस भी उन्हें पकड़े।

उन्होंने दोहराया कि गाजीपुर बॉर्डर से ट्रैक्टर मार्च अक्षरधाम की तरफ जाएगा। जहां से ट्रैक्टर वापस गाजीपुर की तरफ चलेंगे। इसके बाद आनंद विहार से होते हुए अप्सरा बॉर्डर से वापस यूपी में किसानों के ट्रैक्टर प्रवेश करेंगे। टिकैत ने दिल्ली पुलिस के बयान के तुरंत बाद कहा कि पूरी तरह से शांतिपूर्ण ट्रैक्टर मार्च रहेगा। किसी भी तरह की परेशानी आम लोगों को भी नहीं होने दी जाएगी।

## यातायात के लिए तैयार किया पुलिस ने डायवर्जन प्लान

● सुबह 7 से शाम 7 तक कई प्रमुख मार्गों पर आवागमन रहेगा बाधित

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

आज एनएच-9 से लेकर जीटी रोड और दिल्ली-मेरठ हाईवे समेत तीनों प्रमुख मार्गों से ट्रैक्टर गुजरेंगे। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने डायवर्जन प्लान बनाया है। इसके तहत अप्सरा बार्डर, महाराजपुर बार्डर, चंद्रनगर बार्डर व ईडीएम माल से किसी भी वाहन को दिल्ली की ओर नहीं जाने दिया जाएगा। इसी तरह इन मार्गों से होकर दिल्ली से गाजियाबाद भी नहीं आने दिया जाएगा।

एसपी ट्रैफिक रामानंद कुशवाहा ने बताया कि मंगलवार सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक इन सभी मार्गों के दिल्ली जाने वाले लेन पर आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

एसपी ट्रैफिक ने बताया कि दिल्ली जाने के लिए वाहन चालकों को वजीराबाद रोड होते हुए भोपुरा से और न्यू लिंक रोड व एनएच-9 से होकर नोएडा सेक्टर-62 से होकर जाना पड़ेगा। एसपी ट्रैफिक ने कहा कि ट्रैक्टर परेड के चलते मेरठ रोड, जीटी रोड और एनएच-9 पर भी यातायात प्रभावित रहेगा। ट्रैक्टरों के निकलने के समय इन मार्गों से पहले ही यातायात को रोक दिया जाएगा।

## गायक कैलाश खेर ने गाया नोएडा एंथम

**नोएडा।** फिल्म जगत के मशहूर भारतीय सिंगर कैलाश खेर ने नोएडा एंथम गाना गाया है। जिसके बोल यूपी की शान नोएडा, शहरों की जान नोएडा है। नोएडा शिल्प हाट में आयोजित यूपी दिवस समारोह के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ से वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए इस एंथम को लांच किया गया। इस एंथम को नोएडा प्राधिकरण द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

नोएडा सिर्फ उत्तर प्रदेश का ही नहीं बल्कि पूरे देश का एक खूबसूरत शहर बनता जा रहा है। एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट जेवर में बनाया जा रहा है। गौतमबुद्धनगर में ही सबसे बड़ी फिल्म सिटी बसने जा रही है। स्वच्छता की रैंकिंग में भी नोएडा अव्वल नंबर पर आ गया है। नोएडा की स्वच्छता गुणगान पूरे भारत में चारों तरफ हो रही है। जिसके चलते प्राधिकरण द्वारा सिंगर कैलाश खेर द्वारा नोएडा एंथम तैयार किया गया है।

# सर्दी से बचने को कमरे में आग जलाकर सो रहे युवक की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

● अस्पताल में भर्ती पिता की हालत गंभीर

थाना साहिबाबाद क्षेत्र की राजीव नगर कॉलोनी में सर्दी से बचने के लिए कमरा बंद कर आग जलाकर सो रहे बेटे की मौत हो गई और पिता को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौत की वजह कमरा बंद करने से कमरे में आक्सीजन की कमी होना बताया गया है।

जानकारी के अनुसार विवाह शादी पार्टियों में डीजे बजाने का काम करने वाले 17 साल के तुषार और उसके पिता मिट्ठन डीएलएफ पुलिस चौकी के अंतर्गत राजीव नगर कॉलोनी में रहते थे। वे बीती रात सिकंदरपुर गांव में एक पार्टी में डीजे बजाकर आये थे। रात को पिता-पुत्र ने कमरे को गरम करने के लिए कमरे में टायर जलाया और सो गये। सवेरे पता चला कि पिता की हालत गंभीर है और वह बेहोशी में है। वहीं उनके बेटे तुषार की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने तुषार के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थानाध्यक्ष साहिबाबाद विष्णु कौशिक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही पता चलेगा कि मौत कैसे हुई है। अब तक के साक्ष्यों से पता चला है उन्होंने कमरे के अंदर सर्दी से बचने के लिए आग जला रखी थी और उससे आक्सीजन की काफी कमी हो गई जिससे यह हादसा हो गया। पिता मिट्ठन की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

## चोरी की बाइक के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** एनसीआर में वाहन चोरी करने वाले गिरोह के दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों के पास दिल्ली व मुरादनगर से चोरी की गई दो बाइक बरामद की है। बदमाश वाहन चोरी करके मौज मस्ती करते थे। इनके खिलाफ जिले के कई थानों में वाहन चोरी के केस दर्ज हैं।

थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि देर रात सूचना मिली कि दिल्ली-मेरठ मार्ग के रास्ते दो बदमाश चोरी की बाइक बेचने के लिए मेरठ जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस नेचैकिंग अभियान शुरू कर दिया। इसी बीच बाइक पर दो युवक आते हुए दिखाई दिए, जो पुलिस को देखते ही भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। पकड़े गए बदमाशों ने अपना नाम आकाश कुमार निवासी प्रतापनगर थाना हर्ष विहार दिल्ली व चेतन निवासी गांव शाहपुर बताया।

# फुटपाथ पर रहने वाले बच्चों को मिलेगी वैकल्पिक शिक्षा

## वाहनों को हरी झंडी दिखाकर प्राधिकरण सीईओ रितु माहेश्वरी ने किया रवाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



कमिश्नर ऑफिस सेक्टर-108 में बच्चों की वैकल्पिक शिक्षा के लिए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करतीं प्राधिकरण सीईओ रितु माहेश्वरी।

स्वयंसेवी संस्था चेतना के सहयोग से गौतमबुद्धनगर पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर-108 नोएडा में बच्चों के वैकल्पिक शिक्षा के लिए वाहनों को प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु माहेश्वरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर सांसद डॉ. महेश शर्मा नोएडा विधायक पंकज सिंह और जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह ने बताया कि नन्हे परिंदे परियोजना की परिकल्पना इस उद्देश्य से की गई है कि जो बच्चें सड़कों पर विभिन्न स्थानों पर घूमते रहते हैं और छोटी उम्र में अपने जीवनयापन की व्यवस्था स्वयं करते हैं। जिन्हें कभी-कभी विभिन्न प्रकार के शोषण का सामना भी करना पड़ता है। इनको एक सुरक्षित वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने और अपने कौशल के विकास का अवसर प्रदान किया जाना है। साथ ही बाल अपराधों की तरफ अग्रसर और दुष्प्रेरित होने वाले इन बच्चों को भविष्य के जिम्मेदार नागरिक बनाना है। जो इस देश के विकास में अपना पूर्ण योगदान दे सकेंगें।

उन्होंने बताया कि इस परियोजना का लक्ष्य अगले 3 सालों में शिक्षा के लिए ऐसे 5 मोबाइल वैन संचालित कराकर बच्चों को शिक्षा से जोड़ना और पोष्टिक आहार भी उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि इस बात पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है कि वाहनों को महिला चालकों द्वारा चलाया जायेगा। शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के लिये खेलकूद, कला, कौशल, अंग्रेजी भाषा का ज्ञान आदि की भी नियमित जानकारियां दी जायेगी। साथ ही इसमें डिजिटल शिक्षा की व्यवस्था भी होगी। यह मोबाइल वैन एचसीएल फाउंडेशन और स्वयंसेवी संस्था चेतना द्वारा चिन्हित स्थानों पर एक निश्चित समय सारणी के अनुसार रूक-रूक कर बच्चों के शैक्षिक विकास के लिये कार्य करेगी।




# दिल्ली पुलिस के 38 अफसर और कर्मी राष्ट्रपति पुलिस पदक से हुए सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



स्पेशल सीपी नीरज ठाकुर



डीसीपी संजीव यादव



एड. डीसीपी आरपी मीणा



इंस्पेक्टर जरनैल सिंह



हवलदार दिनेश कुमार



हवलदार गीता देवी

दिल्ली पुलिस के 38 अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित करने की घोषणा की गई है। जिन अधिकारियों व कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा उनमें स्पेशल सेल में तैनात विशेष आयुक्त नीरज ठाकुर, डीसीपी संजीव कुमार यादव, डीसीपी प्रमोद सिंह कुशवाहा, इंस्पेक्टर जरनैल सिंह शैरो, इंस्पेक्टर विनोद बडोला, इंस्पेक्टर पंकज कुमार, इंस्पेक्टर प्रभात कुमार पंकज, इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार, इंस्पेक्टर नीरज कुमार शर्मा, हवलदार गिरधारी लाल गुर्जर, हवलदार गुरदीप सिंह, एसीपी ह्दय भूषण, इंस्पेक्टर संदेश कुमार, एएसआइ भूपेंद्र कुमार, डीसीपी जी राम गोपाल नाइक, एसीपी राजेश कुमार, इंस्पेक्टर विनय त्यागी, सिपाही कुलदीप, एसीपी ऋतंभरा प्रकाश, एसआइ सुरेश कुमार, डीसीपी राजेश देव, अतिरिक्त उपायुक्त राजेंद्र प्रसाद मीणा, एसीपी अनिल शर्मा, इंस्पेक्टर विनोद नारंग, इंस्पेक्टर मनीष जोशी, इंस्पेक्टर हरीश कुमार बक्शी, इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह, इंस्पेक्टर प्रतिभा शर्मा, एएसआइ बहादुर शर्मा, एसआइ रेखा, एएसआइ महाबीर सिंह, एएसआइ दिनेश कुमार, हवलदार गीता देवी, सिपाही नरेश यादव, सिपाही हरीराम व हवलदार विनोद कुमार शामिल हैं। डीसीपी संजीव कुमार यादव को आठवीं बार वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया जा रहा है। इन्होंने दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय कुख्यात क्रांति गिरोह को समाप्त करने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

डीसीपी प्रमोद सिंह कुशवाहा को पहले भी दो बार वीरता के लिए पुलिस पदक प्राप्त से सम्मानित किया जा चुका है। इनकी टीम ने धोलाकुआं के समीप से आइएसआइएस के आतंकी को विस्फोटक के साथ गिरफ्तार किया उपायुक्त डा. जी राम गोपाल नायक की टीम वर्ष 2018 में कारोबारी के पुत्र को बदमाशों के चुंगल से बचाकर यूपी से सकुशल वापस लेकर आइ थी। इंस्पेक्टर जरनैल सिंह वर्ष 1990 में दिल्ली पुलिस में बतौर एसआई भर्ती हुए। वह कई सनसनीखेज और संगीन आपराधिक वारदातों को सुलझाने में अहम् भूमिका निभा चुके जरनैल को वर्ष 2009 में कुख्यात सत्ते गैंग के साथ हुई हिंसक मुठभेड में अहम भूमिका निभाने पर गैलंट्री अवार्ड से सम्मानित किया गया। 30 सालों के बेदाग सेवाकाल के दौरान उन्होंने गैलंट्री पुलिस अवार्ड, अति उत्कृष्ट सेवा पदक, सिल्वर डिस्क अवार्ड तथा चार बार असाधारण कार्य पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। स्पेशल सेल में तैनात इंस्पेक्टर विनोद बडोला की टीम ने मुठभेड़ के बाद आइएसआइएस माड्यूल के तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया था।

# खुलासा : कोविड वैक्सीनेशन में आधार कार्ड फेल

कविता। फरीदाबाद

**कोरोना** वायरस से लोगों को बचाने के लिए इन दिनों देशभर में टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिले में भी अभियान को लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। जिसके तहत पहले चरण में स्वास्थ्य कर्मियों को टीके लगाए जा रहे हैं। लेकिन जहां एक तरफ सरकार ने आधार कार्ड सभी कामों के लिए जरूरी किए थे, इस कार्ड में जहां आजकल बैंक से पैसे तक निकाले जा सकते हैं।

वहीं दूसरी तरफ आधार कार्ड का वैक्सीन लगाने के लिए आईडी के तौर पर इस्तेमाल नहीं हो रहा है। वैक्सीन की ऑनलाइन एंट्री में आधार कार्ड नंबर स्वीकार नहीं किया जा रहा है।



इस बड़ी लापरवाही के कारण स्वास्थ्य कर्मियों को अब घर से पैनकार्ड और वोटर कार्ड लाकर दिखाने को मजबूर किया जा रहा है।

### स्वीकार नहीं है आधार

**वैक्सीनेशन** कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि वैक्सीन लगाने के लिए बनाया गया पोर्टल आधार कार्ड को स्वीकार नहीं किया जा रहा है। जहां पहले कहा जा रहा था कि कोई भी एक आईडी दिखाने पर यह वैक्सीन लगाई जा सकती है, लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है। वैक्सीन के लिए कर्मचारियों से पैनकार्ड का नंबर और वोटर कार्ड के नंबर मांगे जा रहे हैं। क्योंकि वोटर कार्ड और पैनकार्ड के नंबर ऑनलाइन पोर्टल में डालते ही लिंक स्वीकार हो रहे है, आधार कार्ड नंबर से वैक्सीन का लिंक स्वीकार नहीं हो रहा है।

### पहले चरण में टीकाकरण

**जिले** में 16 जनवरी से शुरू हुए टीकाकरण अभियान में सात दिन टीके लगाए गए। जिसमें जिले में 13158 के लक्ष्य पर 12173 स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाया गया। स्वास्थ्य कर्मियों को किसी तरह की कोई दिक्कत न हो इसके लिए अधिक से अधिक स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण केंद्र बनाए गए हैं। अभी तक 30 हजार पंजीकरण में 40 फीसदी टीकाकरण हो चुका है। अधिकारियों की मानें तो पहली डोज के लिए जिले में 26 हजार 820 वैक्सीन आई थीं। अब दूसरी डोज के लिए 20 हजार वैक्सीन फरीदाबाद के लिए आवंटित हो चुकी हैं। दूसरी डोज जिले में आगामी 13 फरवरी से लगनी शुरू हो जाएगी।

## एसडीएम करेंगी ध्वजारोहण

**फरीदाबाद।** उपमंडल स्तर पर आज 26 जनवरी को देश के राष्ट्रीय पर्व 72वें गणतंत्र दिवस समारोह में एसडीएम अपराजिता बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर राष्ट्रीय ध्वजारोहण करेंगी। नगर निगम के संयुक्त आयुक्त दिनेश कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर 26 जनवरी को प्रातः 09.50 बजे मुख्य अतिथि द्वारा स्थानीय शहीद स्मारक पर राजा नाहर सिंह पार्क में माल्यार्पण किया जाएगा। तत्पश्चात वे 09.58 बजे स्थानीय पंचायत भवन में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### हीरो मोटर कॉर्प ने ओमेक्स को हराया



**फरीदाबाद।** एशियन कॉरपोरेट क्रिकेट लीग का 7 वां मैच ओमेक्स और हीरो मोटर कॉर्प के बीच सेक्टर 74 स्थित लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड ग्रेटर फरीदाबाद में खेला गया। हीरो मोटर कॉर्प टीम ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 19 ओवर में सभी विकेट खोकर 173 रन बनाए। हीरो मोटर कॉर्प के अंकुर ने 35 बॉल में 56 रन बनाए जिसमे 8 चौके। राहुल धैया ने 27 बॉल में 7 चौके के साथ 41 रन्स बनाये। ओमेक्स के पैन सिंह ने 4 ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट लिए। जबकि गोपा कुमार रवि ने 2.3 में 3/24 लिए। जवाब में ओमेक्स ने 20 ओवर्स में 140/4 रन बनाए। ओमेक्स हनी ने 51 बॉल में 1 चौके और एक छक्के के साथ 36 रन बनाए। गोपा कुमार रवि ने 37 बॉल में 7 चौके लगाकर 37 रन बनाए। हीरो मोटर कॉर्प के अंकुर 3 ओवर में 24 रन देकर 2 विकेट लिए, सुमित ने 3 ओवर्स में 1 विकेट लिकर 15 रन दिए। अंकुर को उनकी शानदार परफॉर्मेंस के लिए मैन ऑफ मैच दिया गया।

### बीफार्मा का रिजल्ट हुआ घोषित



**फरीदाबाद।** पंडित बीडी शर्मा यूनिवर्सिटी रोहतक द्वारा बी फार्मा सेकेंड सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। जिसमें पंडित एलआर कॉलेज ऑफ फार्मेसी फरीदाबाद के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कॉलेज व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। पंडित एलआर कॉलेज ऑफ फार्मेसी फरीदाबाद के 14 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास की। जिसमें राहुल कुमार यादव ने 77 प्रतिशत, मधु ने 76.4 प्रतिशत व मानसी ने 76.3 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। सभी विद्यार्थियों को संस्थान के चेयरमैन डॉ एलसी भारद्वाज, डायरेक्टर आरपी आर्य, प्रिंसिपल डॉ रवि मल्होत्रा ने शुभकामनाएं दी।

### पैनासोनिक ब्लास्टर्स ने 52 रन से जीता मैच



**फरीदाबाद।** एशियन कॉरपोरेट क्रिकेट लीग का 8 वां मैच पैनासोनिक ब्लास्टर्स और पारस हॉस्पिटल के बीच सेक्टर 74 स्थित लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड ग्रेटर फरीदाबाद में खेला गया। पैनासोनिक टीम ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 200 रन बनाए। पैनासोनिक ब्लास्टर्स टीम के लिए गिरीश ने 67 बॉल में 14 चौके और 4 छक्कों के साथ शानदार 104 रनों की पारी खेली। दीपक ने 3 चौके और 1 छक्के के साथ 28 बॉल में 35 रन बनाए। पारस हॉस्पिटल के यश शर्मा ने 4 ओवर में 30 रन देकर 1 विकेट लिया। जवाब में पारस अस्पताल ने अपने 20 ओवरों में 148/7 का स्कोर बनाया। पारस अस्पताल के यश शर्मा ने 29 बॉल में 39 रन्स बनाए। जिसमें 3 चौके और 3 छक्के। पैनासोनिक ब्लास्टर्स टीम के जोगिंदर ने चार ओवर में 17 रन देकर 3 विकेट लिए। शेखर ने 4 ओवर में 22 रन देकर एक विकेट लिया। पैनासोनिक ब्लास्टर्स ने 52 रनों से मैच जीता। गिरीश ने अपने 104 रनों के लिए मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता।

### कालका मनीराम ने जीता 101 रन से मैच



**फरीदाबाद।** छठें ऑल इंडिया रविंद्र फागना अंडर 15 क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में कालका मनीराम क्रिकेट अकादमी ने वान्या क्रिकेट अकादमी (फरीदाबाद) को 101 रन से हराया। यह मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। बीसीसीआई कोच धर्मेंदर फागना ने बताया कि यह मैच 40-40 ओवर का था। कालका मनीराम क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। कालका मनीराम क्रिकेट अकादमी की टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 40 ओवर में 04 विकेट पर 248 रन बनाए। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए आश्विन भंडारी ने 70 रन, रवि ने 64 रन, हर्ष राजपूत ने 42 और अभिनव ने 33 रन बनाए। वान्या क्रिकेट अकादमी फरीदाबाद की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रीत कुमार ने 03 विकेट, मुजीब अहमद ने 01 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए वान्या क्रिकेट अकादमी की टीम को 27.2 ओवर में 10 विकेट में 147 रन बनाकर हार का सामना किया। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए हर्ष बिधूड़ी ने 50 रन, राघव भाटिया ने 23 रन और प्रीत कुमार ने 17 रन बनाए। कालका मनीराम क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए ध्रुव शर्मा ने 04 विकेट, सचिन वर्मा ने 03 विकेट और भुवन खतुरीया ने 02 विकेट लिए। निक्की (एंपायर रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी) के द्वारा मैन आफ दा मैच का पुरस्कार ध्रुव शर्मा को दिया गया। ध्रुव शर्मा ने 4.02 ओवर में 27 रन देकर 04 विकेट लिए ओर 25 रन बनाए।

# गणतंत्र दिवस और किसान आंदोलन के लिए तैयार शहरवासी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**गणतंत्र** दिवस को लेकर जहां एक ओर सभी तैयारियां जिला प्रशासन पूरी कर चुका है। वहीं दूसरी तरफ किसान आंदोलन की तैयारियां भी शहर में जोर-शोर से होती नजर आई। इसके लिए आंदोलन से जुड़े समाजसेवियों ने गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले देर शाम तक बैठकें की गई। इसमें गणतंत्र दिवस पर किसानों की ट्रैक्टर रैली में शामिल होकर उनके हौसले को बढ़ाएंगे।

जानकारी के मुताबिक शहर में विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं ने गणतंत्र दिवस पर किसान आंदोलन के तहत निकाली जाने वाली ट्रैक्टर रैली में भाग लेने की तैयारियां पूरी कर ली हैं। देर शाम तक शहर में रैली में हिस्सा लेने की तैयारियां चलती रहीं। समाजसेवी जगजीत कौर पन्नू ने बताया कि उन्होंने सोमवार को जगह-जगह बैठक करके किसानों की ट्रैक्टर रैली में हिस्सा लेकर उनका साथ देने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि वह पिछले दिनों पलवल में किसान आंदोलन में भी कई बार भाग ले चुकी हैं। गणतंत्र दिवस के मौके पर किसानों की ट्रैक्टर रैली में भी वह शामिल होंगी। वहीं अकाली दल के नेता रविन्द्र सिंह राणा ने कहा कि वह भी किसानों की रैली का हिस्सा बनने के लिए तैयार है।



### यह बने कार्यक्रम

**जगजीत** कौर पन्नू ने बताया कि गणतंत्र दिवस की सुबह वह 10 बजे जवाहर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारे के निकट एकत्रित होंगे। वहां से सुबह 11 बजे बल्लभगढ़ स्थित गुडइयर कंपनी के मथुरा रोड स्थित गेट के पास एकत्रित होंगे। वहां पलवल से आने वाले किसानों का स्वागत करेंगे और उनकी रैली में शामिल हो जाएँगे। वहीं दूसरी तरफ अकाली दल के नेता रविन्द्र सिंह राणा ने कहा कि वह किसानों के साथ है। पलवल से आने वाली रैली का वह बाटा मोड़ पर स्वागत करेंगे और वहां से उनके साथ ही सेक्टर-37 टोल तक जाएंगे।

## राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा ने जीते 3 स्वर्ण समेत 5 पदक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एथलेटिक्स** हरियाणा मीडिया प्रभारी और हरियाणा टीम मैनेजर सत्यवीर धनखड के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार हरियाणा के 47 एथलीट खिलाड़ी 25 से 27 जनवरी तक फैडरेशन कप राष्ट्रीय प्रतियोगिता टीटी नगर स्टेडियम भोपाल में भाग ले रहे हैं। हरियाणा की तनु ने ऊंची कूद में 1 मीटर 66 सैंटीमीटर कूद लगाकर पहले दिन पहला स्वर्ण पदक हरियाणा राज्य को दिया।

एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव श्री राजकुमार मिटान के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यशवीर सिंह ने भाला फेंक में 78 मीटर 68 सेंटीमीटर भाला फेंक कर प्रतियोगिता का नया कीर्तिमान बनाकर स्वर्ण पदक जीता। रेखा ने 14 मीटर 14 सेंटीमीटर गोला फेंककर स्वर्ण पदक जीता। 1500 मीटर दौड में पूजा ने 4 मिनट 28.61 सेकेण्ड के




साथ रजत पदक और मेघा ने 4 मिनट 44.75 सैकण्ड का समय देकर कांस्य पदक अपने नाम किया।

टीम मैनेजर सत्यवीर धनखड ने बताया कि हरियाणा टीम के एथलीट खिलाडियों ने पहले दिन 3 स्वर्ण पदक, 1 रजत पदक और एक कांस्य पदक जीतकर कुल पांच पदक जीते। संयुक्त सचिव कुलदीप अहलावत, मुख्य चयनकर्ता यशपाल चोपडा, चीफ कोच धर्मवीर चिकारा,आयु जांच अधिकारी राजीव खत्री और टीम कोच रोहताश सिवाच ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को इस जीत की बधाई दी।

## शहर में आज

- सेक्टर-12 में युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि: सुबह 9.40 बजे
- सेक्टर-12 खेल परिसर में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण: सुबह 10 बजे
- बल्लभगढ़ में ध्वजारोहण एसडीएम द्वारा : सुबह 9.50 बजे
- एफआईए परिसर में ध्वजारोहण : सुबह 9.10 बजे
- बीके अस्पताल में ध्वजारोहण : सुबह 9 बजे
- विधायक राजेश नागर और संदीप गोसाईं करेंगे प्रायणाम सोसायटी में सीवरेंट कनेक्शन का उद्घाटन : सुबह 10 बजे
- सेक्टर-81 स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में ध्वजारोहण : सुबह 11 बजे
- सेक्टर-75 में चौधरी फार्म हाउस में विपुल गोयल करेंगे ध्वजारोहण: सुबह 11.30 बजे

# दिल्ली में राजनीतिक मोर्चा खोलने की तैयारी में भारतीय प्रवासी परिषद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**राजधानी** दिल्ली में प्रवासियों में राजनीतिक चेतना का संचार और राजनीतिक हिस्सेदारी और भागीदारी को लेकर भारतीय प्रवासी परिषद जनकपुरी के सेंट माइकल पब्लिक स्कूल बिंदापुर में बैठक आयोजित की। बैठक की शुरुआत गिरिवर गिरि गोस्वामी निर्मोही द्वारा की गई। जिन्होंने अपने द्वारा रचित निर्मोही सरल रामायण के कुछ अंशों को गाकर सुनाया।

वहीं डॉ. राम कुमार निरंजन संस्थापक नव जीवन एकेडमी ग्रुप ऑफ स्कूल्स एंड सेंट माइकल स्कूल जिन्होंने प्रवासियों की पीड़ाओं को अपने भाषण में प्रस्तुत किया। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय तिवारी एवं परिषद के राष्ट्रीय महासचिव आरपी सिंह, राष्ट्रीय सचिव डॉ. उमेश मिश्रा, दिलीप भारतीय ने भारतीय प्रवासी परिषद के उद्भव एवं कार्यों पर प्रकाश डाला। जिसकी सभी लोगों ने दिल खोलकर सराहना की।

इस मौके पर डॉ. राम कुमार निरंजन को परिषद का संरक्षक बनाकर दिल्ली में भारतीय प्रवासी परिषद की जिम्मेदारी सौंपी गई। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय तिवारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राजधानी दिल्ली में प्रवासियों की संख्या सबसे अधिक है उसके बावजूद प्रवासियों को




राजनीतिक हिस्सेदारी और भागीदारी से साजिशन दूर रखा गया है। जिस कारण प्रवासियों का शोषण हो रहा है।

राजनीतिक दलों में जो पूर्वांचली नेता प्रवासियों का प्रतिनिधित्व करने का ढोंग कर रहे हैं वह सही मायने में राजनीतिक दलों के कठपुतली हैं और वे अपने दलों में प्रवासियों की समस्याओं को कह नहीं सकते और कहेंगे तो वह दल उन्हें बाहर का रास्ता दिखा देंगे। इस डर को दूर करने व अपने स्वाभिमान की रक्षा और सम्मान को लेकर भारतीय प्रवासी परिषद दिल्ली में राजनीतिक बदलाव को लेकर काम करने में जुट गई है।

तिवारी ने कहा कि जिसकी जितनी जनसंख्या है उसकी उतनी राजनीतिक हिस्सेदारी होनी चाहिए और भविष्य में जल्द ही एक बडी जनसभा परिषद की ओर से आयोजित की जाएगी। जिसमें राजनीतिक मंथन कर ऐतिहासिक फैसला किया जाएगा। इस बैठक में ध्रुव नारायण पर्वत, राम अवतार गिरि, काली चरण गिरि, रमेश गिरि, मुन्ना पहलवान अंतरराष्ट्रीय बॉडीबिल्डर, संजीव गोस्वामी, आरएन पर्वत और संजीव पुरी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# ग्यारहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर ली शपथ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एनएच**-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की जूनियर रेडक्रास और सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में आयोजित विशेष कार्यक्रम में ग्यारहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता अभियान चलाया।

सब से पहले विशेष असेंबली में प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा एवं सभी अध्यापकों एवं बालिकाओं ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ ली कि 'हम, भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।' सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड तथा जूनियर रेड क्रॉस की बालिकाओं ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर के माध्यम से माय वोट माय राइट, मेरा वोट मेरा अधिकार, मुझे मिला वोट देने का अधिकार, अपने वोट को पहचान लो-अपनी पसंद के प्रतिनिधि चुन लो आदि।




प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने सभी बालिकाओं से आग्रह किया कि वे अपने घर में 18 वर्ष की आयु पार कर चुके अपने भाई, बहन, मित्रों और संबंधियों एवं अन्य लोगों को अपना वोट बनवाने और समय आने पर निष्पक्षता से वोट डालने के लिए प्रेरित करें। आयोजन में सभी अध्यापकों की विशेष एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा ने शीतल, अंजलि चौरसिया, शीतल, जया, निकिता, अंजुम, अंशिका, चंचल, भूमिका और सोनी की प्रशंसा करते हुए सभी को राष्ट्रीय हित में मतदान प्रक्रिया से हतह वोटर कोर्ड पत्र बनवाने का आग्रह किया।

## यशपाल यादव और संदीप ने दिलाई जीत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**गांव** कावरा कलां के एचआर क्रिकेट मैदान पर खेले गए मुकाबले में डीसी इलेवन ने विजय यादव क्रिकेट अकैडमी की टीम को हरा दिया।

डीसी इलेवन ने 168 रन के जवाब में यादव अकैडमी मात्र 97 रन ही बना सकी। डीसी इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 168 रन बनाए। टीम के कप्तान यशपाल यादव ने बेहतरीन पारी खेली। उन्होंने 60 गेंद पर 65 रन बनाए। बल्लेबाज संदीप मोर ने 41 रन बनाए। विजय यादव की ओर से गेंदबाजी करते हुए मनोज प्रभाकर ने चार ओवर में 24 रन देकर दो विकेट लिए। तरुण गौड ने चार ओवरों में 20 रन देकर तीन विकेट प्राप्त किए। लक्ष्य का पीछा करते उतरी विजय यादव अकैडमी की टीम केवल 97 रन ही बना सकी। मनोज प्रभाकर ने 30 और प्रदीप मोहंती ने 24 रन बनाए। डीसी इलेवन की ओर से गेंदबाजी करते हुए शिव ने तीन विकेट प्राप्त किए। यशपाल यादव ने एक विकेट लिया। डीसी यशपाल यादव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

# बीजेपी कार्यकर्ताओं ने बताए कृषि कानूनों के फायदे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### जन सम्पर्क अभियान के माध्यम से तीनों कृषि कानूनों को लोगों के सामने रखा

**भारतीय** जनता पार्टी जिला फरीदाबाद के कार्यकर्ताओं और नेताओं द्वारा पिछले एक सप्ताह से चलाया जा रहा जन सम्पर्क अभियान आज पूर्ण हुआ। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों और मंडल और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं ने मंडल अनुसार दस-दस टोली बनाकर जन सम्पर्क अभियान के माध्यम से तीनों कृषि सुधार कानूनों में किए गए प्रावधानों को लोगों के सामने रखा।

भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से फरीदाबाद के सैकड़ों कार्यकर्ता कृषि सुधार कानूनों के सन्दर्भ में जन सम्पर्क अभियान में सम्मिलित हुए। गांव-गांव, घर-घर जाकर व छोटी जनसभाओं के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने जन सम्पर्क अभियान चलाया और लोगों को कृषि सुधार कानूनों की विस्तृत जानकारी दी। इस अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ताओं ने किसान भाइयों से भी मिलकर उनको जागरूक करते हुए उनको बताया कि अन्नदाता किसानों की दशा सुधारने और उनकी आय को दुगुना करने के लिए कृषि सुधार कानून बनाये गए हैं। इन तीनों कृषिसुधार कानूनों से किसानों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। एमएसपी यानी न्यूनतम समर्थन मूल्य जारी रहेगा। मंडियां जारी रहेंगी। किसान भाई अपनी फसल को अपनी इच्छानुसार कहीं भी किसी भी राज्य में बेच सकता है ताकि उनको ज्यादा मुनाफा मिले। कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग के ज़रिए किसान बिजाई से पहले किसी भी कम्पनी से कीमत तय करके समझौता कर सकता है और अच्छे रेट पर माल बेच सकता है। फसल खराब होने की स्थिति में व्यापारी द्वारा उसकी भरपाई की जाएगी।



अगर बाजार में रेट बढ़ जाता है तो किसान तय समझौता तोड़कर अच्छे रेट पर अपनी फसल बेच सकता है। कृषि कानून में सिर्फ उपज के भाव का कॉन्ट्रैक्ट किया जा सकता है। भूमि के कॉन्ट्रैक्ट का कोई प्रावधान नहीं है। सभी किसान भाइयों की भूमि सुरक्षित रहेगी। अपने इस अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने बताया कि विपक्षी पार्टियां अपनी राजनीतिक ज़मीन तैयार करने और अपना उल्लू सीधा करने के लिए किसान भाइयों को भड़काकर किसान आंदोलन को हवा दे रही हैं। विपक्ष कभी नहीं चाहता कि देश का अन्नदाता किसान सशक्त हो। इस जन सम्पर्क अभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने लोगों और किसान भाइयों को जागरूक करते हुए कार्यकर्ताओं ने बताया कि दशकों से जिस कृषि सुधार कानून बनाने की मांग की जा रही थी उसको सबसे पहले मोदी सरकार कानून बनाकर लेकर आई। पिछले 70 सालों में अन्नदाता किसान कभी भी खुशहाल नहीं हुआ आज इन कृषिसुधार कानूनों के माध्यम से सशक्त करने का कार्य देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। भारत सरकार किसानों के प्रति बहुत ही संवेदनशील है।

किसानों के साथ कई दौर की बातचीत में भारत सरकार ने किसानों द्वारा सुझाए गए सभी सुझावों को कानून में संशोधन करने के लिए तैयार है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश और देशवासियों को सशक्त करने के लिए दिन रात कार्यरत हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का मानना है कि देश का अन्नदाता अगर सशक्त होगा तो देश अपने आप सशक्त होगा। जिला अध्यक्ष ने बताया कि इस अभियान में हजारों लोगों से सम्पर्क कर किसान कानूनों पर चर्चा की और देश के कृषिमंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर की चिट्ठी को घर घर पहुंचाया।

# गरीबी से लड़ने में अहम है वित्तीय समावेशन की भूमिका : अनुराग ठाकुर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

### वित्त राज्य मंत्री ने दिए 12वें इन्क्लूसिव फाइनेंस इंडिया ऑवार्ड

**वित्तीय** संस्थानों को वित्तीय समावेशन के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एसएसबीसी इंडिया के सहयोग से 12वें इन्क्लूसिव फाइनेंस इंडिया अवार्ड दिए गए। यह पुरस्कार वित्त राज्य मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और नाबार्ड के चेयरमैन डॉ. जीआर चिंताला ने दिया।

**वित्त राज्य** मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, 'गरीबी से लड़ने और समाज में हाशिए पर जी रहे लोगों के कल्याण में वित्तीय समावेशन की भूमिका अहम है। सरकार की ओर से पिछले पांच साल में वित्तीय समावेशन की दिशा में उठाए गए कदमों से कई उल्लेखनीय बदलाव हुए हैं। वित्तीय समावेशन के जरिये हम तीन लक्ष्य लेकर चल रहे हैं - बैंक से दूर रह गए लोगों को बैंकिंग सुविधाएं देना, इंश्योरेंस कवर देकर लोगों को सुरक्षित करना और आर्थिक गतिविधियों के लिए फंडिंग की व्यवस्था करना। छोटे कारोबारियों और उद्यमियों को डिजिटल लेनदेन की दिशा में प्रोत्साहित करने के लिए, सरकारी बैंकों ने 15 अगस्त, 2020 से 31 दिसंबर, 2020 तक 'डिजिटल अपनाएं' के नाम से अभियान भी चलाया था। आज लोगों की वित्तीय रूप से सशक्त करने और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में संभावनाएं बढ़ी हैं।'

इस दौरान एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज ने 17वें इन्क्लूसिव फाइनेंस इंडिया समिट का आयोजन भी किया। दो दिवसीय सम्मेलन के 24 सत्रों में दुनियाभर से 121 प्रतिष्ठित वक्ताओं ने देश एवं दुनिया में वित्तीय समावेशन की दिशा में आने वाली चुनौतियों पर विमर्श किया। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कांत ने कहा, 'वित्तीय समावेशन एक ऐसा लक्ष्य है, जिसे प्राप्त करने के लिए, सरकार लगातार प्रयासरत है। इस दिशा में सफर की शुरुआत 2014 में प्रधानमंत्री जन-धन योजना से हुई थी। आज करीब 42 करोड़ लोग इससे जुड़ चुके हैं और जन-धन खातों में 135 करोड़ रुपये की राशि जमा है।' तेजी से बढ़ते डिजिटल समावेशन का जिक्र करते हुए अमिताभ कांत ने बताया कि यूपीआइ के जरिये डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) की मदद से सरकार लॉकडाउन के शुरुआती चरणों में 33.25 करोड़ लोगों तक करीब 31,000 करोड़ रुपये की सहायता पहुंचाने में सक्षम हुई।

# कांग्रेस का हाल

## समन्वय का अभाव

**कांग्रेस ने** हाल ही में मतभेद दूर करने के प्रयास किए हैं, लेकिन इनसे समाधान के बजाय समस्यायें ज्यादा पैदा हो गई हैं। आश्चर्य है कि आखिरकार भारत की 'सबसे पुरानी पार्टी' को क्या हुआ है? कांग्रेस द्वारा नए अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया शुरू करने के चार महीने बाद कांग्रेस कार्यसमिति ने शुक्रवार को सर्वसम्मति से इसे जून तक स्थगित कर दिया। क्या कांग्रेस यह नहीं समझती है कि वह देश में एक के बाद दूसरे राज्य में पराजय के बाद तेजी से अपनी प्रासंगिकता खोती जा रही है? मई या उससे पहले राज्यों में विधानसभा चुनावों के पहले क्या पार्टी को ऐसा नेता नहीं चुन लेना चाहिए जो अपनी पराजयों को उलटने की रणनीति बना सके? स्पष्ट है कि राहुल गांधी अपनी मां की बहुत इच्छा के बावजूद शिखर पर नहीं आना चाहते हैं। हालांकि, राहुल तेजी से ऐसे नेता के रूप में उभर रहे हैं जो अक्सर सरकार के लिए असहज करने वाले और प्रासंगिक सवाल खड़े कर प्रधानमंत्री को चुनौती देता है, लेकिन वे 'अनिच्छुक राजनेता' बने हुए हैं जो लड़ाई के बीच में सही कदम उठाने के बजाय पीछे हट जाता है। क्या कांग्रेस को स्थानीय लड़ाइयों के लिए 'वंश परिवार' से बाहर का नेता नहीं चुन लेना चाहिए? लेकिन पार्टी कार्यसमिति द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार यह सुनिश्चित होगा कि नए अध्यक्ष को पांच विधानसभा चुनाव परिणामों का जिम्मेदार न ठहराया जा सके।



ऐसे में यह सोचना गलत न होगा कि एक बार फिर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी गांधी परिवार के वंशज को मिलेगी। क्या पार्टी को अपने अनेक वरिष्ठ नेताओं में विश्वास नहीं है के वे पार्टी को विजय के रास्ते पर ले जाने में सक्षम हैं और इस प्रकार उसकी राजनीतिक प्रासांगिकता का विस्तार कर सकते हैं? अथवा क्या नेता बदलने के बजाय स्वामिभक्त लोगों द्वारा जमीनी स्तर पर पार्टी का संचालन ज्यादा अच्छा है? क्या 'सबसे पुरानी पार्टी' में इतनी दुश्मनी है कि उसके सदस्य इससे ऊपर उठ कर कांग्रेस और इस प्रकार देश के भविष्य के लिए कुछ बेहतर कर सकें? सभी जानते हैं कि किसी देश में लोकतंत्र को प्रासांगिक व जीवन्त बने रहने के लिए एक मजबूत विपक्ष जरूरी है जो सरकार को लगातार सतर्क बनाए रखे। लेकिन विपक्षी एकता बनाने के सारे प्रयास विफल हो गए हैं क्योंकि वरिष्ठ नेता, जैसे चंद्रबाबू नायडू, ममता बनर्जी, शरद पवार, आदि एक युवा और अनुभवहीन नेता के सामने झुकने को तैयार नहीं हैं जो कभी मुख्यमंत्री भी न रहा हो। इसके साथ ही इनमें से प्रत्येक में प्रधानमंत्री बनने की इच्छा है। ऐसे में कोई कद्दावर विपक्षी नेता वंश-परिवार के समक्ष झुकने को तैयार क्यों होगा? इसका नतीजा यह है कि आज देश में एक कमजोर और बिखरा हुआ विपक्ष है तथा कोई नेता केन्द्र में वैकल्पिक सरकार बनाने व प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने में सक्षम नहीं है। शर्म की बात है कि जब कांग्रेस को भावी विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति बनानी चाहिए तब वह आंतरिक चुनावों को लेकर टकराव में फंसी है। कांग्रेस कार्यसमिति-सीडब्लूसी के चुनाव 1998 में उस समय हुए थे जब सोनिया गांधी कांग्रेस अध्यक्ष बनीं थी। कांग्रेस को स्पष्ट रूप से अपने तथा देश के लिए पार्टी की स्थिति सुधारनी चाहिए।

# नौकरी बनाम स्व-रोजगार

सभी लोगों को यह सीखने की जरूरत है कि एक बड़ी कंपनी कैसे चलाई जाए। वास्तव में छोटे उद्यमों की बहुत संभावनायें हैं, पर मुझे संदेह है कि स्कूल इसके बारे में कोई शिक्षा दे सकेंगे।



**प्रफुल्ल गोराडिया**
(लेखक, लोकप्रिय स्तंभकार हैं।)



**वर्तमान** समय में दुनिया में केवल आधे रोजगार योग्य लोगों के पास नौकरियां हैं, अत: नौजवानों द्वारा स्व-रोजगार के बारे में सोचने का समय आ गया है। आजीविका के लिए किसी उद्यम के स्वामित्व व उसके संचालन से अच्छा और कुछ नहीं हो सकता है। हालांकि, इधर हाल में भारत में कुछ कंपनियों ने वेतन-भत्तों में भारी वृद्धि की है जो छोटे या मझोले उद्यम या बिजनेस के मुनाफे से अधिक हैं। इसके बावजूद किसी उद्यम का स्वामित्व सर्वोच्च स्तर पर वेतन से अधिक संतोषजनक होता है। एक बड़े उद्यम के मुख्य कार्यकारी को केवल वेतन या भत्तों के अलावा अनेक अन्य लाभ होते हैं। बड़े पैमाने पर काम करने तथा और विस्तार करने की क्षमता प्राप्त करना अपने आप में बहुत बड़े संतोष का विषय है। कोई उद्यम जितना बड़ा होता है, उतना ही उसका बाजार और प्रभाव बड़ा होता है तथा सीईओ को रिपोर्ट करने वाले लोग भी उतने अधिक होते हैं। कुछ मुख्य कार्यकारियों का अनुभव है कि एक मझोले उद्यम से यह संतोष नहीं मिल सकता है। 1980 तक मैं एक कंपनी का प्रमुख था जिस पर कोई सवाल नहीं उठते थे और उसमें 25,000 लोग काम करते थे। मेरे अपने बिजनेस-उद्योग में वह संतोष नहीं मिल रहा है जो अपने आकार के अनुसार सफल है। एक संगीतज्ञ के लिए एक बड़े पियानो को बजाने का आनन्द एक हारमोनियम बजाने से बहुत अधिक है, भले ही पियानो किसी और का हो और हारमोनियम उसकी अपनी। ऐसे में पियानो छीन लेने से होने वाला कष्ट और अपमान पहले मिलने वाले आनन्द की तुलना में बहुत अधिक होगा। इसके बावजूद यदि मेरा पुनर्जन्म हो तो मैं अपना बिजनेस जल्दी शुरू करना चाहूंगा। लेकिन मुझे यह उल्लेख अवश्य करना चाहिए कि बड़े संगठन के लिए काम से एक खास अनुशासन और कार्य पद्धति मिलती है जो छोटे संगठन से विरले ही संभव है। ज्यादातर लोग जानते हैं कि प्रबंधन विज्ञान या बिजनेस प्रबंधन एक विषय है जिसकी शुरुआत प्रथम विश्व युद्ध में जर्मन सेना के एक अधिकारी ने की थी। उसने निर्धारित किया था कि कोई प्रभावी संगठन आर्थिक रूप से कैसे गठित होकर बेहतर काम कर सकता है। इसका एक उदाहरण लोकप्रिय 'टूथ टु टेल रेशियो' है। इसके अनुसार एक डिवीज़न सैनिक अपनी लड़ाकू क्षमता अधिकतम बनाते हैं तथा राइफलों और मशीनगनों के साथ मोर्चे पर न्यूनतम सैनिकों की तैनाती सक्षम बनाते हैं। बाद में पता चला कि ब्रिटिश सेना में इसका अनुपात 1:10 है, जबकि जर्मन सेना में यह 1:4 था। इस आधार पर जर्मन लड़ने तथा दुश्मन को मारने में ढाई गुना ज्यादा सक्षम थे। इससे यह छवि नहीं बननी चाहिए कि मैं एक बड़ी कंपनी बनाने के लिए सेना को आदर्श उदाहरण मानता हूं। मैंने तो केवल एक शताब्दी पहले का एक उदाहरण दिया है। वर्तमान संदर्भ में सेना में युद्धरत सैनिकों व अधिकारियों को अनेक स्तरों में विभाजित किया जाता है।

एक बेहतर प्रशिक्षण से निगरानी या नेतृत्व के कम स्तरों की आवश्यकता होती है। इसके उलट छोटे बिजनेसों को ज्यादा विविधतापूर्ण पुरुषों व महिलाओं की आवश्यकता होती है। उनको ऐसे लोगों की आवश्यकता होती है जो अनेक काम कर सकें क्योंकि कंपनी जितनी छोटी होती है, उतनी ही कम संख्या में वह लोगों को नौकरी दे सकती है। विश्व परिदृश्य पर गौर करने से स्पष्ट है कि केवल आधे रोजगार करने योग्य लोगों को नौकरियां मिल पाती हैं। आधे लोग स्व-रोजगार करते हैं जिनमें सबसे अमीर उद्यमी व छोटे फेरी लगाने वाले तक शामिल हैं। संदेश यह है कि रोजगार के लिए बाजार आने वाले दो नौजवानों में से एक को स्व-रोजगार तलाशना चाहिए। यदि किसी को विधि, चिकित्सा, एकाउंटेंसी या ऐसे ही पेशों की शिक्षा मिली हो तो वह जानता है कि क्या करना चाहिए। ऐसा न होने पर कोई बिजनेस में अपनी किस्मत आजमा सकता है। बिजनेस परिवारों से संबंध न रखने वाले नौजवानों को इस स्थिति में नुकसान उठाना पड़ सकता है। बिजनेस प्रबंधन अध्ययनों का संबंध अनेक सिद्धान्तों व वाणिज्य संबंधी विषयों से है। लेकिन वे विरले ही यह सलाह देते हैं कि यदि किसी को कोई अनुभव न हो तो वह बिजनेस की स्थापना कैसे करे। कुछ सफल उद्यमियों ने अपनी जीवन कथाएं लिखी हैं जिनसे शुरुआत में लोग सीख सकते हैं। हालांकि, शैक्षिक पुस्तकों के प्रकाशकों ने समुचित बिजनेसमैनों को इस बात के लिए प्रेरित नहीं किया है कि वे इस क्षेत्र में खाली स्थान भरें। इस संदर्भ में एक सतर्कता बरतने की जरूरत है। बिजनेस शुरू करने वाला या कोई अकादमीशियन सचमुच लाभदायक पुस्तक लिखने में सक्षम नहीं होगा। केवल बिल्कुल शुरुआत से अपना

बिजनेस शुरू करने वाला ऐसे लेखक के रूप में सफल हो सकता है। मेरा तर्क तात्कालिक महत्व का है क्योंकि वर्तमान रोजगार बाजार में अनेक महिलायें बड़ी संख्या में नौकरियों की तलाश में हैं जहां पहले केवल पुरुषों का एकाधिकार था। हमने पहले कभी वायुसेना में महिला फाइटरों के बारे में नहीं सुना है, पर अब वे यथार्थ बन गई हैं। दूसरी ओर कोविड-19 संक्रमण के कारण अनेक रोजगार नष्ट हुए हैं। क्या सभी दूकानें बनी रहेंगी या उनके स्थान पर होम डिलीवरी का वर्चस्व हो जाएगा? रोजगार पर घर से काम का क्या प्रभाव पड़ेगा? परिवार में बिजनेस की कोई परंपरा न होने के कारण मैंने एक बड़ी कंपनी में 23 साल तक कार्यकारी का काम किया। बहुराष्ट्रीय निगमों में पहचान बनाने के बाद मैंने ठेका निर्माण का काम शुरू किया। इससे मुझे ऐसी ही वस्तुओं के निर्माण व बिक्री के लिए छोटी फैक्ट्रियां स्थापित करने में सहायता मिली। यह एक उदाहरण है कि कोई नौसिखिया कैसे अपना उद्यम शुरू कर सकता है। लेकिन एक आयाम निश्चित है कि संबंधित व्यक्ति को असुरक्षा का अपना भाव छोड़ना पड़ेगा। कभी-कभी सुरक्षित नौकरी की सुरक्षा बीमारी की तरह खराब हो सकती है। भारत को अपने बिजनेस प्रबंधन स्कूलों पर गर्व है जिन्होंने प्रथम श्रेणी के कार्यकारी तैयार किए हैं। लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि

हमारे विशिष्ट लोगों में से कितने लोगों ने अपने उद्यम स्थापित किए हैं? मुझे लगता है कि छोटे उद्यमों के लिए ऐसे स्कूल होने चाहिए। एक लांड्री, एक रेस्टोरेंट, एक किराने की दूकान और एक पान वाला भी बिजनेस करता है जिसमें सीखने और उसके रास्ते पर चलने के लिए बहुत कुछ होता है। सभी लोगों को यह सीखने की जरूरत है कि एक बड़ी कंपनी कैसे चलाई जाए। वास्तव में छोटे उद्यमों की बहुत संभावनायें हैं, पर मुझे संदेह है कि स्कूल इसके बारे में कोई शिक्षा दे सकेंगे।

**वर्तमान रोजगार बाजार में अनेक महिलाएं बड़ी संख्या में नौकरियों की तलाश में हैं जहां पहले केवल पुरुषों का एकाधिकार था। हमने पहले कभी वायुसेना में महिला फाइटरों के बारे में नहीं सुना है, पर अब वे यथार्थ बन गई हैं। दूसरी ओर कोविड-19 संक्रमण के कारण अनेक रोजगार नष्ट भी हुए हैं।**

# विश्व इतिहास में अगला कदम

> अमेरिका और चीन टकराव में उलझे रहेंगे और भारत विकसित देशों की कतार में शामिल हो जाएगा। मेरे विचार से विश्व इतिहास में अगला कदम दो घटनाओं से निर्धारित होगा, अमेरिका और चीन के बीच टकराव तथा भारत का विकसित देशों की कतार में शामिल होना।

**मार्कण्डेय काटजू**
(लेखक, सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश हैं।)



**अमेरिका** और चीन टकराव में उलझे रहेंगे और भारत विकसित देशों की कतार में शामिल हो जाएगा। मेरे विचार से विश्व इतिहास में अगला कदम दो घटनाओं से निर्धारित होगा, अमेरिका और चीन के बीच टकराव तथा भारत का विकसित देशों की कतार में शामिल होना। दुनिया में आज दो महाशक्तियां हैं, अमेरिका और चीन। दोनों के बीच अंतर यह है कि चीन आक्रामक एवं विस्तारवादी है, जबकि अमेरिका रक्षात्मक स्थिति में है। इसलिए चीन की तुलना 1930 के दशक व 1940 के दशकारंभ वाले नाजी साम्राज्यवादियों से की जा सकती है, जबकि अमेरिका की तुलना तत्कालीन ब्रिटेन व फ्रांस से हो सकती है जो रक्षात्मक स्थिति में थे। उस समय दुनिया को असली खतरा ब्रिटिश या फ्रेंच के बजाय नाजी जर्मनी से था। आज चीन अपने 3.2 टिलियन डालर विदेशी मुद्रा भंडार के साथ आक्रामक रूप से कच्चे माल, निवेश तथा नए बाजारों की खोज दुनिया भर में कर रहे हैं। हिटलर के साम्राज्यवाद की तरह वे विश्व शांति के लिए असली खतरा हैं। चीन पर मुख्यत: अमेरिका ही लगाम लगा सकता है। इसलिए उनके बीच टकराव होना अवश्यंभावी है। हालांकि, वर्तमान समय में दोनों के बीच यह टकराव खुले युद्ध का रूप नहीं लेगा क्योंकि दोनों के पास नाभिकीय हथियार हैं। लेकिन सीमित टकराव व्यापार युद्ध तथा दक्षिण चीन सागर में होने वाली घटनाओं के रूप में हो सकते हैं। जहां तक भारत के उभरने का सवाल है, वर्तमान युग में वास्तव में केवल दो दुनिया हैं। एक विकसित देशों की है जिसमें उत्तर अमेरिका, यूरोप, जापान, आस्ट्रेलिया और चीन जैसे देश शामिल हैं, जबकि दूसरी दुनिया अल्पविकसित देशों की है जिसमें भारत तथा एशिया, अफ्रीका व लैटिन अमेरिका के अन्य देश शामिल




हैं। भारत विकसित देशों की कतार में शामिल होने के रास्ते पर बढ़ रहा है। 18वीं शताब्दी में इंग्लैंड में शुरू हुई औद्योगिक क्रान्ति के पहले इसका विस्तार सभी जगह हुआ। यह मुख्यत: सामंती कृषि समाजों में हुआ। उत्पादन का सामंती तरीका इतना पिछड़ा था कि इससे बहुत कम संपदा सृजित होती थी। इसके परिणामस्वरूप केवल मुट्ठी भर राजा और सामंत अमीर होते थे, जबकि बाकी लगभग 95 प्रतिशत जनता गरीब बनी रहती थी। औद्योगिक क्रान्ति के बाद इस स्थिति में तेजी से बदलाव हुआ। अब आधुनिक उद्योग इतना शक्तिशाली और विशाल है कि उससे सबको अच्छा जीवन बिताने के लिए काफी संपदा का सृजन होता है। इसके बावजूद दुनिया की 75 प्रतिशत जनता, खासकर अल्पविकसित देशों में गरीब है। इन अल्पविकसित देशों का लक्ष्य विकसित देश बनना होना चाहिए।

इस प्रकार 21वीं शताब्दी तथा इतिहास का अगला चरण अल्पविकसित देशों की जनता के लिए संघर्ष होगा जो ऐतिहासिक परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ेगी। ऐसा न होने पर वह कभी गरीबी, बेरोजगारी, भूख, स्वास्थ्यरक्षा की कमी व अन्य बुराइयों से बाहर नहीं निकल सकेगी। मुख्यत: ये शक्तियां निहित स्वार्थी तत्वों के खिलाफ हैं जो ऐतिहासिक परिवर्तनों का विरोध करते हैं। यह काम आसान नहीं है, लेकिन देशभक्तों को इसी दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। इस प्रक्रिया में भारत को अल्पविकसित देशों का नेतृत्व करना चाहिए क्योंकि वह इनमें सर्वाधिक विकसित है तथा विकसित देशों की कतार में शामिल होने जा रहा है। भारत में तकनीकी प्रतिभा का बहुत बड़ा भंडार है, उसके पास हजारों इंजीनियर व तकनीकविद तथा वैज्ञानिक हैं। भारतीयों ने कैलीफोर्निया की सिलिकान वैली के विकास में असाधारण योगदान दिया है तथा अनेक अमेरिकी विश्वविद्यालयों में विज्ञान, इंजीनियरिंग व गणित विभागों में भारतीय प्रोफेसर हैं। इसके साथ ही भारत के पास विशाल प्राकृतिक संसाधन हैं। लेकिन अनेक भारतीयों में वास्तविक देशभक्ति की भावना की कमी है तथा राजनीतिक नेतृत्व उनको अब तक जाति व धर्म के सामंती आधारों पर विभाजित करता रहा है। इससे भारत की प्रगति बाधित होती है। हालांकि, अब भारतीय विभाजनकारी राजनीति को छोड़ रहे हैं तथा राजनेता पहले के किसी अन्य समय की तुलना में ज्यादा एकजुट हो रहे हैं। वर्तमान समय में जारी किसान आंदोलन एक परिवर्तनकारी कदम सिद्ध हो सकता है। इससे भारत को विकसित देश बनने के लिए समुचित ऊर्जा मिल सकती है।

## आप की बात

### सहयोग की पहल

**अभी हाल** ही में भारत ने विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू किया था और यह लगातार प्रगति कर रहा है।भारत में बहुत सारे हैल्थवर्कर्स को टिका लग चुका है अब धीरे धीरे जन मानस को टीका पहुंचाने की तैयारी है। इसी बीच भारत ने अपने पड़ोसी देशों को भी कोविड 19 का टीका उपलब्ध कराया है। हाल ही में भारत ने भूटान मालदीव, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार और सेशेल्श को कोविड 19 टीके की खेप दी है। इसके साथ साथ भारत श्री लंका अफ़ग़ानिस्तान, मॉरीशस से टिके की आपूर्ति के लिये जरूरी नियामक मंजूरी की प्रतीक्षा कर रहा है। भारत की यह एक बहुत अच्छी और सराहनीय मदद है। इससे भारत को अनेक फायदे होंगें। साथ ही साथ भारत का दक्षिण एशिया में वर्चस्व बढ़ेगा। इससे भारत के अपने पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते और मजबूत होंगे। दक्षिण एशियाई अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के साथ साथ निर्यात से भारत को अर्थव्यवस्था में भी मजबूती मिलेगी। बतातें चले कि भारत दुनिया के बड़े टीका निर्माताओं में एक है। इसलिए कोरोना का टीका खरीदने के लिए भारत से कंबोडिया और ब्राज़ील समेत कई देशों ने टीका हासिल करने के लिए संपर्क किया है।

**सुदर्शन सोराड़ी,** नैनीताल

### कूड़ा खाने को मजबूर जानवर

**पूरी दुनिया में** हर रात लाखों लोग खाने का दुरुपयोग करते है और दूसरी तरफ करीब 69 करोड़ लोग भूखे पेट भी सोते हैं लेकिन करोड़ों जंगली जानवरों की भी यही कहानी है। लोग अपना सुख-दु:ख एक दूसरे के साथ बांट तो लेते हैं परन्तु जानवर तो वह भी नहीं कर सकतें। बहरहाल दुनिया में इस समय बड़े आकार के क़रीब 130 करोड़ जंगली जानवर हैं परन्तु इंसानों के लालच ने इन जानवरों को भूखा मरने पर मजबूर कर दिया है। श्रीलंका में हाथियों का एक बड़ा दल मजबूर है, कूड़े के ढेर में रोज़ अपने लिए खाना ढूंढने के लिए। श्रीलंका में एक बडा लैंडफिल है, जिसका नाम अमपारा हैं व उस लैंडफिल के आस पास जंगल है जहां 200 से 300 हाथी रहते हैं लेकिन भूख से परेशान यह हाथी अक्सर इस कूड़े के ढेर में खाना ढूंढने आ जाते हैं एंव कई हाथी तो कूड़ा और प्लास्टिक खाकर मर भी जाते हैं। हाल ही में एक तस्वीर ने पूरी दुनिया को यह सोचने पर मजबूर कर दिया था कि जो हाथी इंसानों से भी पहले से इस पृथ्वी का हिस्सा रहे हैं व जिन्हें कभी प्रकृति ने भूखा नहीं रहने दिया, आज वो हाथी इतने मजबूर कैसे हो गए कि उन्हें इंसानों द्वारा फेंके गए कूड़े में अपना खाना ढूंढना पड़ रहा है।

**निधि जैन,** लोनी, गाजियाबाद

### चीन से टकराव

**भारत द्वारा** अपने पास मौजूद सभी विकल्पों पर आगे बढ़ने के कारण चीन एलएसी पर दबाव के नए बिंदु बना रहा है। वह इनका विस्तार कर सैन्यीकरण कर सकता है जो उसकी हिंद-प्रशांत रणनीति, खासकर हिंद महासागर क्षेत्र में रणनीति का हिस्सा है। उत्तरी सीमा और एलएसी पर चुनौती का सामना कर रहे भारतवर्ष ने मलक्का क्षेत्र में चीन की नौसेना पर दबाव डालना शुरू किया है। हिंद महासागर के इस क्षेत्र से रोज 6 से 7 विशाल चीनी टैंक 10 मिलियन बैरल तेल लेकर गुजरते हैं। भारत चीन पर मलक्का क्षेत्र में अपनी उपस्थिति से दबाव डालना चाहता है। भारत को एक समुचित जवाबी रणनीति बनानी होगी ताकि किसी प्रकार के सैनिक उकसावे से निपटा जा सके। सरकार को पीएलए की आक्रामकता से कुछ सबक सीखने चाहिए। डोकलाम में भारतीय सीमा चौकी को स्थिति पर सतर्क नजर रखनी चाहिए क्योंकि पीएलए के सीमा पार करने पर उसे सबसे पहले जवाबी प्रतिक्रिया करनी होगी। सदैव सतर्कता बनाए रखनी चाहिए तथा लगातार सैनिक क्षमता बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

– **विमल चंद्र,** प्रयागराज

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**मतदाता** दिवस निर्वाचन आयोग द्वारा हमारे लोकतांत्रिक ताने-बाने को मजबूत करने और चुनावों के सुचारू रूप से आयोजन में उल्लेखनीय योगदान की सराहना करने का अवसर है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**किसी को** भी जय श्री राम कहने को मजबूर नहीं किया जा रहा और इस तरह के नारों में बुरा मानने की कोई बात नहीं है।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



**भाजपा लगातार** बंगाल की महान शख्सियतों का अपमान कर रही है और नेताजी भी इस फहरिस्त में शामिल हो गए हैं।

– **ममता बनर्जी**
मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल

# वैक्सीनेशन कोरोना जंग पर अंतिम प्रहार: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कोरोना से जंग में अंतिम प्रहार करने के लिए पूरे देश में कोविड वैक्सीनेशन अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार कोरोना के खिलाफ जंग को सफलतापूर्वक लड़ रही हैए जिसके कारण राज्य में इस महामारी की स्थिति नियंत्रण में है। इसके साथ ही सीएम ने कहा कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। इसके तहत चिकित्सा सेवाओं में निरन्तर सुधार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोरोना टीकाकरण अभियान के प्रथम चरण में हेल्थ वर्कर्स का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। इसके तहत आगामी 28 व 29 जनवरी को सम्पन्न किये जाने वाले वैक्सीनेशन कार्य की सभी तैयारियां समय से सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि कोविड वैक्सीनेशन अभियान निरन्तर भारत सरकार की गाइडलाइन्स एवं क्रम के अनुसार संचालित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज हुई है, किन्तु कोविड.19 का खतरा अभी टला नहीं है। इसलिए प्रत्येक स्तर पर पूरी सतर्कता बरतना आवश्यक है। उन्होंने कोविड.19 से बचाव व नियंत्रण की प्रभावी व्यवस्था को बनाये रखने के निर्देश दिये हैं।

उन्होने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि समस्त कोविड चिकित्सालयों में आवश्यक औषधियों, बैकअप सहित ऑक्सीजन तथा मेडिकल उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता निरन्तर बनी रहे। कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ने में मेडिकल टेस्टिंग के महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने टेस्टिंग कार्य को पूरी क्षमता से संचालित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस सिस्टम को प्रभावी बनाये रखें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपदों में इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर सुचारू ढंग से कार्यशील रहें। इनके माध्यम से कोरोना संक्रमण के नियंत्रण हेतु जिला स्तर पर संचालित गतिविधियों की नियमित समीक्षा की जाए। सभी जिलाधिकारियों तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारियों द्वारा सुबह कोविड चिकित्सालय में तथा शाम को इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर में प्रतिदिन बैठक कर आगामी रणनीति का निर्धारण किया जाए। उन्होंने कोविड.19 से बचाव के सम्बन्ध में लोगों को विभिन्न प्रचार साधनों तथा पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से निरन्तर जागरूक किये जाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता को कम दाम पर दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के स्थापना कार्य को गति दी जाए। इसके अन्तर्गत नये औषधि केन्द्रों को खोले जाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों की संख्या में वृद्धि होने से लोगों को सुगमतापूर्वक कम मूल्य की औषधियां उपलब्ध होंगी। उन्होंने बर्ड फ्लू के दृष्टिगत सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं।

## गणतंत्र दिवस पर चलाएं विशेष स्वच्छता अभियान

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर संचालित इस अभियान के तहत प्रत्येक गांव व शहर में व्यापक स्तर पर साफ-सफाई के कार्य किये जाएं। मुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी आवास पर विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने शीतलहर को ध्यान में रखते हुये रैन बसेरों के सुचारु संचालन तथा अलाव की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने जरूरतमंदों को कम्बल वितरित करने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ किये जाएं। कार्य की प्रभावी मानीटरिंग करते हुए निर्माण परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि पूर्वान्चल एक्सप्रेस वे परियोजना का निर्माण कार्य तेज गति से जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वरासत अभियान को निर्धारित समय सारणी के अनुरूप संचालित करते हुए निर्विवाद उत्तराधिकार को खतौनियों में दर्ज किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को अभियान की नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिये। बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सीएम योगी से मिले सोनू निगम, बताया दूरदर्शी नेता



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**दुनिया** के करोड़ों लोगों को अपना चहेता बनाने वाले सीएम योगी आदित्यनाथ की फैन लिस्ट में नया नाम जुड़ गया है। प्रख्यात गायक सोनू निगम ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर भेंट की और नोएडा में प्रस्तावित फिल्म सिटी समेत कई विषयों पर वार्ता की। सोनू निगम ने अपनी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच आज की मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया है। उन्होंने इस दौरान मुख्यमंत्री की काफी तारीफकी और खुद को उनका प्रशंसक बताया। मुख्यमंत्री ने इस मुलाकात के दौरान सोनू निगम को अयोध्या के श्रीराम मंदिर शिलान्यास का सिक्का और कुंभ की एक पुस्तक भेंट की। सोनू निगम ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बहुत ही डायनामिक और दूरदर्शी नेता हैं। अगर ऐसे लोगों का नेतृत्व किसी प्रदेश या देश को मिलता है तो उसकी प्रशंसा की जानी चाहिए।

# बाइपासों का मास्टरप्लान आगामी 20 वर्षों को ध्यान में रखकर बनाया जाय: केशव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बड़े शहरों व घनी आबादी के क्षेत्रों जहां जाम लगने की समस्या अक्सर बनी रहती है, वहां पर बाइपास बनाने की कार्ययोजना बनायी जाय। इस सम्बन्ध में उन्होंने यह भी निर्देश दिये हैं कि सभी 75 जनपदों में इसका चिन्हाकंन करा लिया जाय कि कहां कहां पर बाइपास बनाये जाने की वास्तव में आवश्यकता है। श्री मौर्य सोमवार को लोक निर्माण विभाग मुख्यालय स्थित तथागत सभागार में लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम व उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे।

श्री मौर्य ने कहा कि बाइपासों का मास्टरप्लान आगामी 20 वर्षों को ध्यान में रखकर बनाया जाय क्योंकि सड़कों के विकास से ही प्रदेश का सर्वांगीण विकास हो सकेगा। उन्होंने कहा कई जिलों में तो एक से अधिक बाइपास बनाये जाने की आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश की जनसंख्या और सबसे अधिक ट्रांस्पोर्ट की वजह से बाइपास बनाया जाना आवश्यक है और इस दृष्टिकोण से पूरे प्रदेश में बाइपास बनाये जाने के हर सम्भव प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि इससे जहां जाम की समस्या से निजात मिलेगी, वहीं काफी लोगों को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने निर्देश दिये कि बाईपास के निर्माण के प्रपोजल और कार्ययोजना जिलों से तत्काल मंगाई जाय। उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिये सभी जिला मुख्यालयों व तहसील स्तर पर स्थाई रूप से हेलीपैड बनाये जाने की भी कार्ययोजना बनायी जाय। कार्ययोजना बनाते समय सभी तकनीकी पहलुओं पर गहन विचार विमर्श कर लिया जाय। जिलास्तर पर जहां पर लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन हैं, वहीं पर भूमि की उपलब्धता को देखते हुये हेलीपैड बनाये जाने की कार्ययोजना बनायी जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि जहां पर हेलीपैड बनने हैं, वहां सेफहाउस बनाये जाने पर भी विचार कर लिया जाय। श्री मौर्य ने निर्देश दिये कि बड़े प्रोजेक्ट व सेतु निगम की बड़ी परियोजनाओं को ईपीसी मोड पर करने का भी विचार किया जाय। चालू कार्यों तथा नये कार्यों की कार्यवार व उनके लिये आवंटित धनराशि की जानकारी लेते हुये स्पष्ट निर्देश दिये कि युद्धस्तर पर कार्य करके सभी परियोजनाओं को पूरा किया जाय, जहां पर धन की मांग है, उपयोगिता प्रमाण पत्र लेते हुये शीघ्र से शीघ्र धनराशि जारी की जाय। छूटी हुयी अनजुड़ी बसावटों को मुख्य मार्गों से जोड़ने का कार्य सभी औपचारिकताएं पूरी करते हुये कराया जाना सुनिश्चित किया जाय। यह ध्यान रखा जाये कि इन लिंक मार्गों की चैड़ाई 5 मीटर से कम नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिये कि एनएच व एनएचएआई की सभी सड़कों का मुख्यालय व शासन के अधिकारियों को लगाकर भौतिक सत्यापन कराया जाय और उसकी विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाय। वाह्य सहायतित परियोजनाओं इण्डो नेपाल बार्डर परियोजना व अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी हासिल की तथा सम्बन्धित मुख्य अभियन्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम के उल्लेखनीय कार्यों व अभिनव योजनाओं के बारे में एक छोटी बुकलेट छपवाकर जिलों में भेजी जाय ताकि लोगों को जानकारी हासिल हो सके। बैठक में प्रमुख सचिव नितिन रमेश गोकर्ण, सचिव जेबी सिंह, विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी, प्रमुख अभियन्ता विकास राजपाल सिंह, प्रमुख अभियन्ता एके जैन, सेतु निगम के एमडी अरविन्द श्रीवास्तव, यूपीआरएनएन के एमडी एसपी सिंघल, मुख्य अभियन्ता संजय श्रीवास्तव, अशोक कनौजिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस पर किसी नई परम्परा की न हो शुरुआत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने केंद्र सरकार से तीनों नए कृषि कानून वापस लेने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर किसी नई परम्परा की शुरुआत न हो। सोमवार को अपने ट्विटर अकाउंट पर ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि बसपा का केन्द्र सरकार से पुन: अनुरोध है कि आन्दोलित किसानों की मांगों में से खासकर तीन कृषि कानूनों को जरूर वापस ले लेना चाहिए ताकि कल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर किसी नई परम्परा की शुरूआत न हो और न ही दिल्ली पुलिस के संदेह के मुताबिक कोई गलत व अनहोनी हो सके। बता दें कि कि कृषि सुधार कानूनों का विरोध कर रहे किसानों को लंबी जद्दोजहद के बाद आखिर पुलिस ने कुछ शर्तों के साथ राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टर परेड निकालने की इजाजत दे दी है। 26 जनवरी को राजपथ पर गणतंत्र दिवस परेड खत्म होने के बाद किसान दिल्ली के तय रूटों पर ही ट्रैक्टर परेड निकाल सकेंगे।

# पुलिस कर्मियों को कार्यस्थल के निकट ही मिलेंगी बेहतर आवासीय सुविधाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● प्रदेश में 584 आवासीय एवं अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों के लिए स्वीकृत की गई 2770 करोड़ से अधिक की धनराशि

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर विभिन्न स्थानों पर तैनात पुलिस कर्मियों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उनके कार्य स्थल के निकट उपलब्ध कराए जाने के प्रयास तेज किए गए हैं। प्रदेश में पुलिस विभाग के लिए बेहतर आवासीय एवं अनावासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि प्रदेश की वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 243 आवासीय एवं अनावासीय निर्माण कार्य पूरा कर उन्हें सम्बन्धित इकाई को हस्तगत किया जा चुका है, जिसपर 1101 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि व्यय की गयी है। उन्होंने किए गये प्रमुख निर्माण कार्यों का ब्यौरा देते हुए बताया कि 141 थानों पर पुरुष व महिला बैरकों का निर्माण, 16 थानों पर आवासीय भवन, 8 अग्निशमन केन्द्र, 4 पुलिस अधीक्षक कार्यालय, 8 पुलिस लाइन्स बैरक आदि प्रमुख हैं। अवस्थी ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के परिप्रेक्ष्य में 584 निर्माण कार्य प्रचलित हैं, जिसके लिए 2770 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गयी है। इस धनराशि से 317 थानों पर हॉस्टल, 30 पीएसी बैरक, 88 पुरुष–महिला हॉस्टल, 35 ट्रांजिस्ट हॉस्टल, 61 अग्निशमन केन्द्र तथा 53 थानों व चैकियों पर आवासीय एवं अनावासीय भवनों का निर्माण कार्य विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं से कराया जा रहा है। अपर मुख्य सचिव गृह ने बताया कि इसके अलावा मुख्यमंत्री की घोषणा के परिप्रेक्ष्य में 66 अग्निशमन केन्द्रों के अलावा 37 थानों के नए प्रशासनिक भवन एवं 37 थानों के नए आवासीय भवन, 1425 थानों पर हॉस्टल, बैरक व विवेचना कक्ष, 68 पुलिस लाइन्स में ट्रांजिस्ट हॉस्टल एवं महिला व पुलिस बैरक, 31 पीएसी वाहिनियों में 200 जवानों की क्षमता युक्त 31 बैरक, 13 नई चौकियों के प्रशासनिक भवन, 11 नई चौकियों के आवासीय भवन के निर्माण कार्य प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री की घोषणा के अलावा भी प्रदेश में कुल 295 अन्य निर्माण कार्य भी प्रस्तावित किए गए हैं, जिसपर 1882 करोड़ से अधिक की धनराशि व्यय होगी। इस धनराशि से प्रदेश में 23 थानों के प्रशासनिक भवनए 05 महिला थानों के प्रशासनिक भवन, 3 चौकियों के प्रशासनिक भवन, एक पीएसी वाहिनी, विधि विज्ञान विश्वविद्यालय, 22 अग्निशमन केन्द्र, एक प्रशिक्षण संस्थान तथा 41 आवासीय व 185 अन्य अनावासीय भवनों का निर्माण किया जायेगा।

## गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल ने दी बधाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 72वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने बधाई सन्देश में समस्त अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान से प्राप्त आजादी तथा देश की एकता और अखण्डता को बनाये रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस का अवसर हम सभी को सौहार्द, शांति तथा भाईचारा कायम करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने पूर्वजों से प्राप्त अनुभवों तथा चिन्तन की समृद्ध विरासत से प्रेरणा प्राप्त कर देश एवं प्रदेश के विकास में सक्रिय सहयोग करना चाहिए। गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्यपाल का जनता के नाम सन्देश का प्रसारण दूरदर्शन केन्द्र लखनऊ से 26 जनवरी को प्रात: 8.30 बजे और उसी दिन आकाशवाणी केन्द्र लखनऊ से रात्रि 7.30 बजे प्रसारित किया जायेगा।

# सीनियर आईपीएस अरविंद सेन की अग्रिम जमानत अर्जी हाईकोर्ट ने की खारिज

**पशुधन घोटाला मामला**

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

● भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत में सेन की आत्मसमर्पण वाली अर्जी पर सुनवाई 27 को

**पशुधन** घोटाला मामले में वांछित सीनियर आईपीएस अफसर अरविंद सेन की अग्रिम जमानत याचिका हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दी है। जस्टिस आलोक माथुर की एकल पीठ ने यह आदेश सेन की याचिका पर दिया है।

दूसरी तरफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने अरविंद सेन की आत्मसमर्पण वाली अर्जी पर सुनवाई के लिए 27 जनवरी की तारीख मुकर्रर की है। सोमवार को विशेष अदालत में मुल्जिम अरविंद सेन की ओर से एक अर्जी दी गई। कहा गया कि वो आज बीमार हैं। लिहाजा अदालत में उपस्थित होने में असमर्थ है। ऐसे में गुजारिश है कि कोई दूसरी तारीख तय की जाए, उस रोज वो आत्मसमर्पण कर देंगे। विशेष जज संदीप गुप्ता ने उनकी अर्जी उक्त आदेश के साथ मंजूर कर ली। हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका में अरविंद सेन की ओर से कहा गया था कि उसे इस मामले में झूठा फंसाया जा रहा है। उसके विरुद्ध अब तक कोई भी साक्ष्य नहीं मिला है। जबकि राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता वीके शाही का कहना था कि याचिकाकर्ता इस मामले के एक मुल्जिम आशीष राय के साथ सक्रिय रूप से सम्मिलित था। उसने खुद को सीबीसीआईडी का अधिकारी बताकर इस मामले की एफआईआर कराने वाले से मुलाकात की थी। उसे 35 लाख रुपए भी मिले थे। 10 लाख तो अपने बैंक खाते में ही मंगाए थे। यह भी तर्क था कि याचिकाकर्ता सीनियर आईपीएस अफसर है। पहले भी जांच को प्रभावित करने की कोशिश कर चुका है। 13 जून 2020 को इस मामले की एफआईआर इंदौर के एक व्यापारी मंजीत सिंह भाटिया उर्फरिन्कू ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी। इस मामले में मोंटी गुर्जर, आशीष राय व उमेश मिश्रा समेत 13 मुल्जिमों को नामजद किया गया था। विवेचना में सीनियर आईपीएस अफसर अरविंद सेन का नाम भी प्रकाश में आया। इनके खिलाफगिरफ्तारी वारंट के साथ ही कुर्की की कार्रवाई से पहले की नोटिस भी जारी है। बीते 24 दिसंबर को विशेष अदालत ने यह आदेश इस मामले की विवेचक व एडीशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस गोमतीनगर, श्वेता श्रीवास्तव की अर्जी पर दिया था। मुल्जिमों पर कुटरचित दस्तोवजों व छद्म नाम से गेहूं, आटा, शक्कर व दाल आदि की सप्लाई का ठेका दिलवाने के नाम पर नौ करोड़ 72 लाख 12 हजार की ठगी का आरोप है।

## पिछले सप्ताह 25,862 लीटर अवैध शराब बरामद, 214 गिरफ्तार

**लखनऊ।** अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की रोकथाम हेतु आबकारी विभाग द्वारा निरन्तर प्रवर्तन की कार्रवाई की जा रही है। अपर मुख्य सचिव संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि विगत सप्ताह प्रदेश में कुल 790 मुकदमे पकड़े गये, जिसमें 25,862 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी तथा मदिरा निर्माण में प्रयुक्त होने वाली 96,298 किग्रा लहन को मौके पर नष्ट किया गया। अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त 214 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा 11 वाहनों को जब्त किया गया। अपर मुख्य सचिव द्वारा यह भी बताया गया कि मुख्याालय प्रयागराज की ईआईबी टीम द्वारा जनपद प्रतापगढ़ में एक ट्रक में कोयले की बोरियों की आड़ में छिपा कर लाई जा रही हरियाणा राज्या निर्मित 296 पेटी विदेशी मदिरा बरामद की गयी। जनपद भदोही में दबिश देकर एक मकान से 10 ड्रमों में कुल 2000 ली अवैध रेक्टिफाइड स्प्रिट एवं 4 मोटर साइकिल बरामद की गयीं तथा 7 व्यक्तियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया।

## समाजवादी किसानों के साथ ट्रैक्टरों पर तिरंगा लगाकर ध्वजारोहण करेंगे: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आव्हान है कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद में तहसील स्तर पर समाजवादी किसानों के साथ ट्रैक्टरों पर तिरंगा लगाकर ध्वजारोहण करेंगे। समाजवादी पार्टी प्रारम्भ से ही किसानों के समर्थन में है और किसान यात्रा, समाजवादी किसान घेरा तथा चौपाल कार्यक्रमों के जरिए उनके साथ अपनी एकता प्रदर्शित की है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की गलतनीतियों के चलते देश का किसान दु:खी है। खेती और फसलों पर बड़े उद्योग घरानों और बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की नज़र है। खेती में प्रयोग होने वाले सभी कृषि यंत्र, खाद, बीज, रसायन, डीजल, बिजली मंहगी है। किसान को उत्पादन की लागत भी नहीं मिल रही है। एमएसपी की अनिवार्यता और तीन कृषि कानूनों को रद्द किये जाने की उचित मांग भी केन्द्र सरकार नहीं मान रही है। किसान दो महीने से अपना शांतिपूर्ण धरना कर रहे हैं। 26 जनवरी को ट्रैक्टर रैली को किसान निर्धारित रूटों पर ही निकालने को सहमत हैं। फिर भी भाजपा सरकार किसानों की नाकाबंदी कर रही है तो किसान ही भाजपा की नाकाबंदी कर देंगे। किसानों की आवाज को कुचलने के लिए साजिशें कर रही है। भाजपा नए कृषि कानूनों को लेकर हठधर्मिता पर उतर आई है। इन कानूनों से किसान बंधुआ मजदूर बन जाएगा। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों को लगातार धोखा देने का काम किया है। अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में किसान पूरी तरह उपेक्षित रहा है। उनके नाम पर शुरू कथित योजनाएं केवल बिचौलियों को लाभ देने वाली रही है।

# हाईकोर्ट ने राजा महमूदाबाद की सरप्लस जमीनों का कब्जा लेने पर लगाई रोक

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

● कहा, अपील का निस्तारण होने तक डीएम नहीं ले सकते जमीनों का कब्जा

**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने मोहम्मद आमिर मोहम्मद खान उर्फ राजा महबूदाबाद को भारी राहत प्रदान की है। पीठ ने सीलिंग अधिनियम के तहत एडीएम प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुक्रम में सरप्लस जमीनों का कब्जा लेने से डीएम को रोक दिया है। पीठ ने कहा है कि जब तक एडीएम प्रशासन के आदेश के खिलाफ दाखिल अपील पर कमिश्नर का अंतिम निर्णय नहीं आता तब तक उक्त जमीनों पर कब्जा नहीं लिया जाएगा। 26 दिसंबर 2020 को एडीएम प्रशासन ने राजा महमूदाबाद की करीब 422 हेक्टेयर जमीन का क्लेम खारिज कर दिया था। ये जमीन सीतापुर, बाराबंकी व लखीमपुर खीरी जिले में हैं।

जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय एवं जस्टिस मनीष कुमार की पीठ ने यह आदेश राजा महमूदाबाद की याचिका पर दिया है। याचिका पर बहस करते हुए वरिष्ठ वकील जेएन माथुर व शोभित मोहन शुक्ला का तर्क था कि आठ जनवरी 2021 को एडीएम प्रशासन के आदेश के खिलाफ कमिश्नर के समक्ष सीलिंग अधिनियम की धारा 13 के तहत अपील दाखिल की गई थी। जिसका निस्तारण अभी नहीं हुआ है। बावजूद इसके डीएम सरप्लस जमीनों का कब्जा लेने की कार्यवाही कर रहे हैं। कहा गया कि सीलिंग अधिनियम की धारा 14 के मुताबिक दौरान अपील सरप्लस जमीनों पर कब्जा नहीं लिया जा सकता है। पीठ ने उक्त कानूनी प्रावधानों का संज्ञान लेते हुए कब्जे की कार्यवाही पर रोक लगा दी।

# गणतंत्र दिवस पर डीजीपी के प्लेटिनम, गोल्ड व सिल्वर प्रशंसा चिन्ह से सम्मानित होंगे 658 पुलिसजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**गणतंत्र** दिवस 2021 के अवसर पर प्रदेश पुलिस के 658 अधिकारियों व कर्मचारियों को ऑपरेशनल कार्य, उत्कृष्ट सेवा और सराहनीय सेवा के लिए डीजीपी के प्लेटिनम, गोल्ड व सिल्वर प्रशंसा चिन्ह से सम्मानित किया जाएगा।

इनमें ऑपरेशनल कार्यों के लिए 18 पुलिस कर्मियों को डीजीपी का प्लेटिनम प्रशंसा चिन्ह, 72 को गोल्ड तथा 202 पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को सिल्वर प्रशंसा चिन्ह मिलेगा। सेवाभिलेख के आधार पर 18 पुलिसकर्मियों को डीजीपी का प्लेटिनम प्रशंसा चिन्ह, 37 को गोल्ड व 62 को सिल्वर चिन्ह प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा सेवा अभिलेख के आधार पर 50 पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह और 199 पुलिसकर्मियों को सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह प्रदान किया जाएगा। प्लेटिनम प्रशंसा चिन्ह से सम्मानित होने वालों में एडीजी पीएसी बीके सिंह, एडीजी अभियोजन आशुतोष पाण्डेय व एडीजी यूपी.112 असीम कुमार अरुण, एडीजी वाराणसी जोन वीएम मीना, पुलिस कमिश्नर नोएडा आलोक सिंह, आईजी बरेली रेंज राजेश कुमार पाण्डेय, आईजी मेरठ रेंज प्रवीण कुमार, आईजी कानपुर रेंज मोहित अग्रवाल, आईजी प्रयागराज रेंज केपी सिंह, डीआइजी कानपुर डॉ. प्रीतिंदर सिंह, एसपी आजमगढ़ सुधीर कुमार सिंह, एसपी अम्बेडकर नगर आलोक प्रियदर्शी, एएसपी लखनऊ चिरंजीव सिन्हा, एएसपी नोएडा कुंवर रणविजय सिंह, डीएसपी कानून व्यवस्था डीजीपी ऑफिस वीरेंद्र कुमार, प्रतिसार निरीक्षक प्रथम डीजीपी मुख्यालय पवन कुमार दुबे, उप निरीक्षक एटीएस विनोद कुमार तथा मुख्य आरक्षी आगरा रेंज आदेश त्रिपाठी शामिल है। इनके अलावा डीजीपी गोल्ड प्रशंसा चिन्ह से डीजी ट्रेनिंग सुजानवीर सिंह, एडीजी पुलिस भर्ती एवं प्रोनन्ति बोर्ड रेणुका मिश्रा, एडीजी मानवाधिकार एमके बशाल, एडीजी सीबीसीआइडी एसके माथुर, एडीजी पीटीसी मेरठ अंजू गुप्ता, एडीजी क्राइम डीजीपी हेडकवॉर्टर डा. केएस प्रताप कुमार, एडीजी पीटीसी सीतापुर राजा श्रीवास्तव, एडीजी कानपुर जोन जेएन सिंह, एडीजी यातायात अशोक कुमार सिंह, जेपीसी लखनऊ नवीन अरोड़ा, आईजी बस्ती रेंज अनिल कुमार राय, आइजी मिर्जापुर पीयूष श्रीवास्तव, आईजी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड पद्मजा चौहान, डीआइजी पीटीसी सीतापुर दिलीप कुमार, एसपी गाजीपुर डॉण् ओपी सिंहए एसपी देवरिया श्रीपति मिश्र, एसपी डीजीपी हेडक्वॉर्टर संजीव त्यागी, एएसपी एसटीएफ विशाल विक्रम सिंह, एएसपी ईओडब्ल्यू डॉ राम सुरेश, एएसपी लखनऊ राजेश कुमार श्रीवास्तव, एएसपी एसटीएफ दीपक कुमार सिंह, डीएसपी मथुरा वरुण कुमार सिंह, डीएसपी बुलंदशहर वंदना शर्मा, निरीक्षक आगरा शैलेष कुमार सिंह, निरीक्षक वाराणसी अश्वनी पाण्डेय, निरीक्षक कानपुर नगर रवि श्रीवास्तव तथा निरीक्षक एसटीएफ अजय पाल सिंह को सम्मानित किया जाएगा।

# आईजी विजय भूषण बने सर्वाधिक बार राष्ट्रपति का पुलिस पदक पाने वाले आईपीएस अफसर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश पुलिस के तेजतर्रार और जाबांज अधिकारी माने जाने वाले पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के आईजी विजय भूषण को सातवीं बार राष्ट्रपति का पुलिस पदक प्राप्त होने का गौरव हासिल हुआ है। यूपी पुलिस के अधिकारी हैं जिन्हें सर्वाधिक बार इस सम्मान से नवाजा गया। आईपीएस अधिकारी विजय भूषण ने अपने अब तक के कार्यकाल के दौरान कई ऐसे उत्कृष्ट कार्य किए हैं जिनकी वजह से वे अक्सर सम्मानित किए जाते रहे हैं। अपने अब तक के करियर में वह प्रदेश पुलिस के कई अवार्डों समेत सीएम गोल्ड मैडल से भी सम्मानित हो चुके हैं।

वर्ष 1986 में प्रांतीय पुलिस सेवा में भर्ती हुए विजय भूषण मूल रूप से इलाहाबाद के रहने वाले हैं। अपने शुरुआती कार्यकाल के दौरान ही विजय भूषण उत्तर प्रदेश के आपराधिक गढ़ माने जाने वाले इलाकों में तैनात रहे। जिसमें बुलंदशहर, नोएडा, गाजियाबाद मुरादाबाद, बनारस और लखनऊ शामिल है। विजय भूषण का हर जिले में लंबे समय तक रहने का रिकार्ड रहा है। वर्ष 2002 में भारतीय पुलिस सेवा में प्रोन्नत होने के बाद उन्हें महाकुंभ 2012 का एसपी बनाया गया था। यहां उन्होंने अपने काम से काफी प्रशंसा हासिल की। विजय भूषण को उसके बाद एसपी नक्सल ऑपरेशन, एटीएस और एसटीएफ में एसपी बनाया गया। जिस समय में शामली में पलायन का मुद्दा काफी जोरों पर था उस समय विजय भूषण को शामली में पुलिस अधीक्षक का पद दिया गया था। लेकिन प्रमोशन पाने के बाद विजय भूषण को शामली से डीआईजी बनारस बना दिया गया। बनारस में लंबे समय तक रहते हुए उन्होंने अपराधियों को नाकों चने चबवा दिए। जनता के दिल में जगह बनाने वाले विजय भूषण सीएम योगी आदित्यनाथ सिक्योरिटी के भी डीआईजी रह चुके हैं। जिसके बाद उनको डीआईजी आजमगढ़ का चार्ज दिया गया था और बाद में कानून व्यस्था के मद्देनजर उनको डीआईजी कानून व्यस्था बनाया गया था। वर्तमान में विजय भूषण आईजी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नत बोर्ड के पद पर तैनात हैं।

# ईडी ने मुंबई में बिल्डर समूह के परिसरों पर छापेमारी की

**भाषा।** नई दिल्ली, मुंबई

● यस बैंक मामला

**प्रवर्तन निदेशालय** ने सोमवार को मुंबई के रियल एस्टेट से जुड़े एक समूह के कम से कम 10 परिसरों में छापेमारी की। एजेंसी ने यह छापेमारी यस बैंक में कथित धोखाधड़ी के मामले में अपनी धन शोधन संबंधी जांच के सिलसिले में की। अधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। ओमकार रियल्टर्स एंड डेवलपर्स ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तलाशी को नियमित कार्वाई करार देते हुए कहा कि यह मामला बंबई उच्च न्यायालय में उसके खिलाफ दायर रिट याचिका से जुड़ा है। कंपनी ने दावा किया कि उसने कोई धनशोधन नहीं किया और कानून एवं नियमों के तहत काम किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने ओमकार रियल्टर्स एंड डेवलपर्स के मुंबई स्थित सात आवासीय और तीन कार्यालय परिसरों में छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों बताया कि यह कार्वाई धन शोधन निरोधक अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है और छापेमारी का लक्ष्य इस मामले में और सबूत जमा करना है।उन्होंने बताया कि ओमकार ग्रुप के अध्यक्ष कमल किशोर गुप्ता और प्रबंध निदेशक बाबूलाल वर्मा इस समूह के प्रवर्तक हैं। ईडी सूत्रों ने बताया कि समूह पर आरोप है कि इसने झुग्गी पुनर्वास प्राधिकरण (एसआरए) के तहत हासिल की गई कई अनुमतियों का गलत इस्तेमाल किया। वहीं समूह पर यह भी आरोप है कि इसने यस बैंक से ऋण के तौर पर लिए करीब 450 करोड़ रुपए की राशि को किसी और मद में खर्च किया। कारोबारी समूह ने कहा कि याचिकाकर्ता द्वारा अदालत में यस बैंक से प्राप्त कोष को दूसरे मद में खर्च करने का आरोप गलत है। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, ओमकार समूह यह स्पष्ट करना चाहता है कि ऐसे आधारहीन आरोप लगाना भ्रम की स्थिति पैदा करने की कोशिश है ... योजना से जुड़े सभी कार्य राज्य (महाराष्ट्र) सरकार द्वारा तय नियमों के तहत किए गए हैं। प्रवक्ता ने कहा, याचिकाकर्ता द्वारा यस बैंक से मिले 450 करोड़ ऋण का जहां तक मुद्दा उठाने का मामला है तो यह बैंक के दिशानिर्देश के तहत परियोजना ऋण है जिसे साख को बेच कर प्राप्त किया गया और निर्धारित उद्देश्य के लिए ही खर्च किया गया। यस बैंक के सह-प्रवर्तक राणा कपूर और डीएचएफएल के प्रवर्तक कपिल वधावन और धीरज वधावन को पिछले साल प्रवर्तन निदेशालय इस मामले में गिरफ्तार कर चुका है और वे फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।इससे संबंधित एक मामले में कपूर की जमानत याचिका बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को खारिज कर दी।

## राणा कपूर को नहीं मिली जमानत

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने धन शोधन मामले में आरोपी यस बैंक के संस्थापक राणा कपूर को जमानत देने से सोमवार को इनकार कर दिया।प्रवर्तन निदेशालय ने कपूर को पिछले साल मार्च में गिरफ्तार किया था। केंद्रीय एजेंसी डीएचएफएल से संबंद्ध कंपनी से कथित तौर पर 600 करोड़ रुपए हासिल करने के मामले में कपूर, उनकी पत्नी और उनकी तीन बेटियों के खिलाफ जांच कर रही है। पिछले साल जुलाई में मुंबई की एक विशेष अदालत ने कपूर की जमानत याचिका खारिज कर दी थी जिसके बाद उन्होंने उच्च न्यायालय का रुख किया था। कपूर के वकील हरीश साल्वे ने सोमवार को न्यायमूर्ति पी डी नाइक की अध्यक्षता वाली एकल पीठ को बताया कि कपूर की कंपनी को 600 करोड़ रुपए का कर्ज मिला था, रिश्वत के तौर पर यह राशि नहीं दी गई थी। ईडी के वकील हितेन वेनेगांवकर ने जमानत याचिका का विरोध किया और अदालत को बताया कि कंपनी के मालिकों में कपूर की बेटियां भी हैं। प्रवर्तन निदेशलालय (ईडी) ने कपूर को धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया था। ईडी के मुताबिक, कपूर, उनके परिवार के सदस्यों और सहयोगियों को कर्ज की मंजूरी देने के लिए उनके नियंत्रण वाली कंपनियों के जरिए 4,300 करोड़ रुपए का फायदा हुआ। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) भी इससे जुड़े एक मामले की जांच कर रहा है।

# यौन हमले पर बंबई उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ महाराष्ट्र सरकार अपील दायर करे: एनसीपीसीआर

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**देश में बाल** अधिकारों की शीर्ष संस्था एनसीपीसीआर ने सोमवार को महाराष्ट्र सरकार से कहा कि वह बंबई उच्च न्यायालय के उस फैसले के खिलाफ तत्काल अपील दायर करे जिसमें कहा गया है कि किसी नाबालिग को निर्वस्त्र किए बिना, उसके वक्षस्थल को छूना, यौन हमला नहीं कहा जा सकता। महाराष्ट्र के मुख्य सचिव को लिखे पत्र में राष्ट्रीय बल संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की प्रमुख प्रियंका कानूनगो ने कहा कि फैसले के "शारीरिक संसर्ग के बिना, यौन मंशा से त्वचा के त्वचा से संपर्क" जैसे शब्दों की समीक्षा की जाने की भी जरूरत है और राज्य को इसका संज्ञान लेना चाहिए क्योंकि यह मामले में नाबालिग पीड़िता के प्रति अपमानजनक लगता है। बंबई उच्च न्यायालय ने 19 जनवरी के अपने फैसले में कहा था कि किसी नाबालिग को निर्वस्त्र किए बिना, उसके वक्षस्थल को छूना, यौन हमला नहीं कहा जा सकता। इस तरह का कृत्य पोक्सो अधिनियम के तहत यौन हमले के रूप में परिभाषित नहीं किया जा सकता।बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ की न्यायमूर्ति पुष्पा गनेडीवाला ने कहा कि यौन हमले का कृत्य माने जाने के लिए यौन मंशा से त्वचा से त्वचा का संपर्क होना जरूरी है।इस फैसले पर देशभर के बाल अधिकार संस्थाओं और कार्यकर्ताओं ने नाखुशी जताई है। एनसीपीआर प्रमुख ने कहा कि ऐसा लगता है पीड़िता की पहचान जाहिर की गई है और आयोग का मानना है कि राज्य को इसका संज्ञान लेना चाहिए तथा जरूरी कदम उठाने चाहिए। कानूनगो ने कहाकि मामले की गंभीरता पर विचार करते हुए, और आयोग पोक्सो अधिनियम 2012 की धारा 44 के तहत निगरानी निकाय होने के नाते आपसे अनुरोध करता है कि इस मामले में जरूरी कदम उठाएं और माननीय उच्च न्यायालय के उक्त विवादित फैसले के खिलाफ



पुरी तट पर कलाकार सुदर्शन पटनायक ने बनाई गणतंत्र दिवस को लेकर बालू की आकृति

# तमिलनाडु में ईडी ने 3,800 एकड़ से अधिक जमीन कुर्क की

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) ने भूमि आवंटन की आड़ में निवेशकों को कथित रूप से धोखा देने वाली कंपनियों के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच के तहत तमिलनाडु के विभिन्न शहरों में 207 करोड़ रुपए कीमत की 3,850 एकड़ जमीन कुर्क की है। केंद्रीय एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। मदुरै, रामनाथपुरम और चेन्नई में स्थित और डिस्क एसेट्स लीड इंडिया लिमिटेड, ईगल्स आई रियल एस्टेट्स, मीडो रियल्टर्स और इन कंपनियों के प्रमुख अधिकारियों के नाम पर पंजीकृत कुल 1,081 भूखंडों को धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कुर्क किया गया है। 3,850 एकड़ में फैली इन अचल संपत्तियों का कुल मूल्य 207 करोड़ रुपए है। समूह और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ ईडी ने यह मामला तमिलनाडु पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की प्राथमिकी के बाद दर्ज किया है जिसमें आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने तमिलनाडु और केरल के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से भूखंड देने के नाम पर किस्तों में पैसे वसूले। एजेंसी ने कहा कि मामले की जांच में पाया गया कि कंपनी (डिस्क एसेट्स) के निदेशकों ने सेबी अधिनियम की कानूनी बाध्यताओं से बचने के लिए डल मार्केटिंग सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और अयान मार्केटिंग सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड जैसी कुछ अन्य संस्थाओं को डिस्क एसेट लीड इंडिया लिमिटेड की ओर से जनता से पैसा वसूलने के लिए आगे किया था। ईडी ने एक बयान में कहा, इस कंपनी ने 1,273 करोड़ रुपए कुल धनराशि एकत्र की है।

## चुनाव आयोग ने डिजिटल मतदाता पहचान पत्र शुरू किया

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने सोमवार को मतदाता फोटो पहचान पत्र का इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप शुरू किया जिसे मोबाइल फोन में सुरक्षित रखा जा सकता है और कंप्यूटर पर डाउनलोड किया जा सकता है।ई-वोटर कार्ड पीडीएफ फॉर्मेट में उपलब्ध होगा जिसे संपादित नहीं किया जा सकेगा और जरूरत पड़ने पर मतदाता इसका प्रिंट लेकर इसे लैमिनेट भी करवा सकता है।सोमवार को इसकी औपचारिक शुरुआत होने के बाद पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल और पुडुचेरी के मतदाता चुनाव के दिन ई-वोटर कार्ड का इस्तेमाल कर सकते हैं। इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में इस वर्ष अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। परंपरागत पीवी वोटर कार्ड भी इस्तेमाल में रहेगा।कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने ई-इपिक कार्यक्रम की शुरुआत की।

## कर्नाटक में एदियुरप्पा ने फिर किया मंत्रिमंडल में बदलाव

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने एक सप्ताह से भी कम समय मे सोमवार को तीसरी बार मंत्रिमंडल में फेरबदल करते हुए तीन मंत्रियो को पुनः विभाग आवंटित किए। जे सी मधुस्वामी को पर्यटन, पारिस्थितिकी और पर्यावरण विभाग दिए गए है। उन्हें 21 जनवरी को किए गए मंत्रिमंडल में फेरबदल के दौरान चिकित्सा शिक्षा, कन्नड़ और संस्कृति विभाग दिए गए थे। इससे पहले वह कानून, संसदीय कार्य, विधाई एवं सिंचाई विभागो के मंत्री थे। मधुस्वामी को 22 जनवरी को हज और वक्फ विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्रालय आवंटित किए गए थे। अब आनंद सिंह को अवसंरचना विकास और हज तथा वक्फ मंत्रालय की जिम्मेदारी सौपी गई है। उन्हे 21 जनवरी को पर्यटन, पर्यावरण और पारिस्थितिकी विभाग दिए गए थे और वन विभाग की जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया था। स्वास्थ्य मंत्री के. सुधाकर से पिछले सप्ताह चिकित्सा शिक्षा मंत्रालय का प्रभार ले लिया गया था और अब उन्हे इसकी जिम्मेदारी पुनः सौपी गई है।


**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल **श्रीमती मनोकामना ठाकुर** पत्नी श्री बिनोद कुमार ठाकुर और श्री बिनोद कुमार ठाकुर पुत्र श्री भूप नारायण ठाकुर के आवासीय भूखंड क्षेत्र 50+71 = 121 वर्ग गज यानी 101.17 वर्ग मीटर, खसरा नं. 77 ग्राम हैबतपुर, परगना और तहसील दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर में स्थित को गिरवी रखना चाहते हैं। उपरोक्त सम्पति मैसर्स विस्तार फाइनेंशियल सर्विसेज प्रा. लि. द्वारा बन्धक प्रस्तवित है और मुवक्किल द्वारा आश्वासन दिया गया है कि पूर्वोक्त संपत्ति के संबंध में शीर्षक जो भी प्रकृति के सभी अतिक्रमणों से मुक्त है। इसके अलावा, मूल बिक्री विलेख 18.01.2011 रजिस्टर्ड डॉक पत्रक संख्या 411 पूर्वोक्त संपत्ति से संबंधित गुम हो गई है और शिकायत सं जीडी-41 को 04.01.2018 को यू.पी. पुलिस में पंजीकृत है।
यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दावा है, तो हमें इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर ईमेल: **heedvalues@gmail.com** पर संपर्क करें या मैसर्स विस्तार फाइनेंशियल सर्विसेज प्रा. लि. कार्यालय: सी -53 दूसरी मंजिल, देना बैंक फेज 1, 110091, शशि गार्डन, मयूर विहार, नई दिल्ली, दिल्ली 110091 से संपर्क करें। जिसे विफल करते हुए, यह माना जाएगा कि उक्त के संबंध में कोई दावे या मुद्दे नहीं हैं।

आकाश ओझा (एडवोकेट)
चौंबर नंबर 830, पीएचसी, नई दिल्ली - 110001

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल श्री संदीप गिरी पुत्र श्री चिन्ता प्रसाद गिरी ने एक समपत्ति जो फ्लेट संख्या एस.एफ.-3 द्वितीय तल (Rear LHS) प्लॉट नं. 107-C, शालीमार गार्डन एक्स.-II पसौंडा, गाजियाबाद श्री राजीव अग्रवाल से खरीदा है। प्रारम्भ में उपरोक्त प्लॉट श्री दीप चन्द कपूर के नाम था और उन्होंने एक वसियनामा श्री हितेश चन्द कपूर के नाम पर दिनांक 22.05.2007 को निष्पादित किया था। बाद में श्री दीप चन्द कपूर की मृत्यु हो गई। स्व. श्री दीप चन्द कपूर की वारिशान प्रमाण पत्र और वसियत दिनांक 22.05.2007 का प्रोबेट उपलब्ध नहीं है।
उपरोक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई दावा है तो वह सम्बन्धित दस्तावेजों के साथ सूचना प्रकाशन से 14 दिनों के भीतर आपना दावा पेश कर सकता है। उसके उपरान्त मेरे मुव्वकिल पर किसी प्रकार का कोई दावा बाध्यकारी नहीं होगा।

**C.K. JHA (Advocate)**
E-524, Karkardooma Courts,
Delhi-110032, (M) - 9811295674


## पेज एक का शेष

### सिक्किम में चीन...

के लिए भारतीय वायुसेना ने अहम हवाई ठिकानों पर अतिरिक्त लड़ाकू विमान एवं हेलीकॉप्टर तैनात किए हैं। भारत का साफतौर पर कहना है कि यह चीन की जिम्मेदारी है कि सैनिकों को पीछे ले जाने की प्रक्रिया शुरू करे और पूर्वी लद्दाख के गतिरोध वाले इलाके में तनाव कम करे। पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के करीब एक लाख सैनिक तैनात हैं। क्षेत्र में दोनों पक्षों की लंबे समय तक डटे रहने की तैयारी है। इस बीच, कूटनीतिक और सैन्य स्तर पर भी सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए वार्ता चल रही है।

### सैनिकों को पीछे ...

के बारे में जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा कि सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया के तौर-तरीकों पर विस्तार से चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक, भारत ने जोर दिया कि क्षेत्र में गतिरोध वाले स्थानों से सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया को आगे ले जाने और तनाव कम करने की जिम्मेदारी चीन पर है। पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के करीब एक लाख सैनिक तैनात हैं। क्षेत्र में दोनों पक्षों की लंबे समय तक डटे रहने की तैयारी है। इस बीच, कूटनीतिक और सैन्य स्तर पर भी सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए वार्ता चल रही है।

### गलवान के हीरो ...

गुरतेज सिंह शामिल हैं। भारतीय सेना ने सिफारिश की थी कि गलावन घाटी में संघर्ष के दौरान चीनी सैनिकों से लोहा लेने वाले सैनिकों को इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर युद्धकालीन वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जाना चाहिए।

### सरकार को घेरने ...

सोशलिस्ट पार्टी के सचिव मनोज भट्टाचार्य का हस्ताक्षर है। इसमे कहा गया है कि कानूनों को 18 महीने टालने की बात सिर्फ 'एक छलावा' है। वाम दलों ने कहा, 'नया विधेयक लाने से पहले सरकार के लिए बेहतर होगा कि वह किसानों तथा अन्य हितधारकों से बातचीत करे, जिसमें राज्य सरकारें भी शामिल हों।

### विदेशी मीडिया के...

पर राजनीतिक समेत अन्य हलकों में भी किसान आंदोलन चर्चा का विषय बना हुआ है। हाल ही में एक पाकिस्तानी गायक जावेद अहमद ने विरोध प्रदर्शनों से प्रेरित होकर भारतीय किसानों को समर्पित एक गाना जारी किया है। किसान शीर्षक से दिसंबर 2020 में रिलीज इस गीत को यूट्यूब पर हजारों बार देखा जा चुका है। पिछले महीने सात अमेरिकी सांसदों छह डेमोक्रेट और एक रिपब्लिकन ने अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ को पत्र लिखकर मांग की थी कि वह किसानों के मुद्दों को अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर के साथ उठाएं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पहले ऐसे विदेशी नेता थे, जिन्होंने मुखर होकर किसानों का समर्थन किया और भारत की कड़ी चेतावनी को नजरअंदाज कर कई मौकों पर इस मुद्दे को उठाया। ऑस्ट्रेलियाई सांसदों रॉब मिशेल और रसेल वोर्टले ने विश्व के कई नेताओं के साथ मिलकर भारत सरकार से किसानों के प्रति नरम रुख अख्तियार करने का आग्रह किया। इस महीने की शुरुआत में पार्टी लाइन से उठकर 100 से अधिक ब्रिटेन के सांसदों ने प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन से मांग की कि वह भारतीय किसानों के मुद्दे को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उठाएं।

### किसानों का एक ...

दिल्ली के अन्य सीमा बिन्दुओं पर हजारों सशस्त्र कर्मी तैनात किए गए हैं तथा गणतंत्र दिवस की परेड और किसानों की प्रस्तावित ट्रैक्टर परेड के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है।सकिसान यूनियनों ने दावा किया है कि सिंघू, टिकरी और गाजीपुर (यूपी गेट) से दिल्ली में लगभग दो लाख ट्रैक्टरों के प्रवेश करने की उम्मीद है। वहीं एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर निगरानी रखने के लिए करीब छह हजार सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। संदिग्ध लोगों की पहचान करने के लिए दिल्ली पुलिस की चेहरे से पहचान करने वाली प्रणाली भी उचित स्थानों पर स्थापित की गई है। उन्होंने बताया कि राजपथ पर लोगों की जांच करने वाले कर्मी पीपीई किट पहने होंगे तथा मास्क एवं फेस शील्ड (चेहरे के आगे शीशा) लगाए हुए होंगे। मंगलवार को परेड के आठ किलोमीटर लंबे मार्ग पर नजर रखने के लिए ऊंची इमारतों पर शार्प शूटरों और स्नाइपरों को तैनात किया जाएगा। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह और प्रस्तावित ट्रैक्टर परेड के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर में और नगर के आसपास पांच स्तरीय सुरक्षा कवर तैनात किया गया है। नई दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) ईश सिंघला ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के लिए राजपथ पर छह हजार से ज्यादा पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि कोविड-19 प्रोटोकॉल की वजह से राजपथ पर समारोह देखने के लिए सिर्फ 25,000 लोगों को आने की इजाजत होगी। हालांकि हर साल एक लाख से अधिक लोग परेड देखने पहुंचते थे। सिंघला ने यह भी कहा कि इस साल परेड को छोटा किया गया है। परेड लाल किले तक जाने के बजाय नेशनल स्टेडियम पर ही खत्म हो जाएगी और झांकियां ही लाल किले तक जाएंगी।

### सीएम योगी ने...

से कानून व्यवस्था और सुदृढ़ हुई है। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने 4 नए थानों के भूमि पूजन का भी लोकार्पण किया।

उन्होंने सेफ सिटी परियोजना का भी लोकार्पण किया। सेफ सिटी परियोजना में 1600 कैमरे लगेंगे, जिसके पहले चरण में करीब 250 कैमरे लगेंगे। बेहतर कानून व्यवस्था के लिए इस साल जिले में 11 नए थाने और दो नई चैकी का निर्माण प्रस्तावित है। 11 थानों में से 5 थाने एयरपोर्ट और फिल्म सिटी के आस पास होंगे। आज जिन थानों का भूमि पूजन किया गया, उनमें थाना फेज वन, थाना ओखला बैराज, थाना सेक्टर-116 तथा थाना सेक्टर-63 शामिल है। इस वर्ष नोएडा में उत्तर प्रदेश का 71वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष यूपी दिवस की थीम आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश, महिला युवा किसान, सबका विकास सबका सम्मान है। यूपी दिवस की शुरुआत रविवार को शास्त्री गायन नृत्य और शिव आराधना के साथ हुई। इसके बाद कृषि विभाग की ओर से अन्नदाता संवाद और कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से परिचर्चा आयोजित की गई। नोएडा सेक्टर-33ए स्थित शिल्प हाट में वाराणसी के घाट से लेकर ताजमहल की कलाकृति का लोगों ने दीदार किया। एक जनपद एक उत्पाद, स्वयं सहायता समूह के उत्पाद, औद्योगिक प्रदर्शनी तथा उत्तर प्रदेश के इतिहास की प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही।

पुलिस प्रशासन के द्वारा मिशन शक्ति और साइबर अपराध की जागरूकता पर आधारित प्रदर्शनी भी यहां लगायी गयी। पर्यटन विभाग की द हेरिटेज और झांकी यूपी नहीं देखा तो इंडिया नहीं देखा का संदेश देती नजर आई। अयोध्या के दीपोत्सव की झांकी भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यूपी दिवस के अवसर पर इतिहास के पन्ने से उत्तर प्रदेश का सफर उकेरा गया है। महाभारत काल से लेकर यूपी के इतिहास को समेटे पन्ने शिल्प हाट की दीवारों पर दिख रहे हैं। अभिलेखागार संस्कृति विभाग की प्रदर्शनी ने लोगों को खासा आकर्षित किया। यह पहला मौका है जब ऐतिहासिक अभिलेखों में जुड़ी कोई प्रदर्शनी नोएडा में लगी है।

संस्कृति विभाग के अधिकारी हरिश्चंद्र दुबे ने बताया कि श्रीमद्भागवत गीता के 18 अध्याय में 700 श्लोक हैं। किसने कितने श्लोक बोले यह कम ही लोग जानते हैं लेकिन प्रदर्शनी में इसका विस्तृत ब्यौरा उपलब्ध कराया गया है। शिल्प हाट में बनी चोखी हवेली को तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान यूपी की रसोई में तब्दील कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के शुभारम्भ अवसर पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा विकास प्राधिकरण रितु महेश्वरी के द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों और प्रदर्शनी में लगाये स्टॉलों और तीनों प्राधिकरण के माध्यम से किये जाने वाले विकास कार्यो के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्य पालक अधिकारी नरेन्द्र भूषण के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया है। इस अवसर पर सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर, विधायक पंकज सिंह, तेजपाल नागर, ठाकुर धीरेंद्र सिंह, दर्जा प्राप्त मंत्री नवाब सिंह नागर, उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्षा विमला बाथम, दर्जा प्राप्त मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुण वीर सिंह, पुलिस आयुक्त आलोक सिंह, जिलाधिकारी सुहास एलवाई, एसीईओ नेहा शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहें।

### दिल्ली के हर्ड ...

इसके खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो जाती है। इसलिए, ऐसे लोग संक्रमित व्यक्ति और अप्रभावित लोगों के बीच एक सुरक्षात्मक परत बन जाते हैं, जिससे वायरस संक्रमण की श्रृंखला टूट जाती है। यह पांचवां ऐसा सर्वेक्षण है जो यहां किया गया लेकिन दिल्ली सरकार ने इस पर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। पहला सीरो-प्रीवलेंस 27 जून से 10 जुलाई के बीच दिल्ली सरकार द्वारा नेशनल सेंटर फॉर डिसीज़ कंट्रोल (एनसीडीसी) के सहयोग से किया गया था। इसमें 21,387 नमूनों का इस्तेमाल किया गया था और इससे यह बात पता चली थी कि सर्वेक्षण में शामिल लगभग 23 प्रतिशत लोग कोरोना वायरस के संपर्क में आये थे। बाद में जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार अगस्त में किए गए इस सर्वेक्षण में यह बात सामने आयी कि 29.1 प्रतिशत लोगों में एंटीबॉडी थी। सितम्बर और अक्टूबर के सर्वेक्षण में, आंकड़े 25.1 प्रतिशत और अक्टूबर में 25.5 प्रतिशत थे। दिल्ली में रविवार को कोविड-19 के 185 नये मामले सामने आये थे। दिल्ली में संक्रमितों की कुल संख्या 6.33 लाख से अधिक है और रविवार को नौ और मरीजों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर 10,808 हो गई।

### प्रदूषण कम करने ...

एक अलग खाते में रखा जाएगा और इसका इस्तेमाल प्रदूषण से निपटने तथा राज्यों में उत्सर्जन की निगरानी के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं को तैयार करने के लिए किया जाएगा। ग्रीन टैक्स का लाभ बताते हुए मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि इससे लोग उन वाहनों का इस्तेमाल करने से बचेंगे जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं तथा कम प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की ओर रुझान बढ़ेगा।

### कोरोना टीके का...

बात पर ज़ोर देना चाहूंगा कि देश में राष्ट्रीय नियामक प्राधिकरण ने दोनों टीकों को सुरक्षित और प्रतिरक्षात्मक क्षमता निर्माण करने वाला पाया है। यह रिपोर्ट सामने आई है कि निराधार और भ्रामक अफवाहें सोशल और अन्य मीडिया पर प्रसारित हो रही हैं, जिनमें इन टीकों की सुरक्षा और प्रभावशीलता के बारे में संदेह पैदा किया जा रहा है। पत्र में कहा गया है, विशेष रूप से निहित स्वार्थों से इस तरह की अफवाह फैलाने से आम लोगों के बीच अवांछित संदेह उत्पन्न हो सकता है। इसलिए, टीके की सुरक्षा और रोग प्रतिरक्षा क्षमता से संबंधित सभी प्रकार के निराधार अफवाहों पर रोक लगाने की आवश्यकता है। भल्ला ने राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों से आग्रह किया कि वे इस तरह की अफवाहों के प्रसार पर रोक लगाने की कोई उपयुक्त व्यवस्था करें। भल्ला ने मुख्य सचिवों को राज्य सरकार के तहत संबंधित सभी प्राधिकारियों को निर्देश देने के लिए कहा कि वे कोविड-19 टीकों के बारे में गलत सूचना को रोकने के साथ ही तथ्यात्मक संदेशों को तुरंत प्रसारित करने के लिए आवश्यक उपाय करें। उन्होंने कहा, इसके अलावा ऐसी गतिविधियों में लिप्त पाए गए व्यक्ति या संस्था के खिलाफ आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 और भारतीय दंड संहिता, 1860 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

# केरल उच्च न्यायालय ने निलंबित आईएएस शिवशंकर को जमानत दी

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने सोमवार को निलंबित आईएएस अधिकारी एम शिवशंकर को सशर्त जमानत दे दी। शिवशंकर को प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले साल 28 अक्टूबर को राज्य में सोना तस्करी से जुड़े धन शोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया था। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक (आर्थिक अपराध) अदालत, एर्नाकुलम ने भी केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन के पूर्व प्रधान सचिव शिवशंकर को राहत देते हुए उन्हें सीमा शुल्क विभाग द्वारा सोना तस्करी के संबंध में दर्ज मामले में जमानत दे दी। निर्धारित अवधि में आरोपपत्र दाखिल नहीं किए जाने के कारण उन्हें यह जमानत दी गई। हालांकि, इसके बाद भी शिवशंकार फिलहाल जेल में ही रहेंगे क्योंकि 21 जनवरी को सीमा शुल्क विभाग ने उन्हें कथित डॉलर तस्करी मामले में गिरफ्तार किया था। केरल में सोना तस्करी मामले की जांच के दौरान यह मामला प्रकाश में आया था।


**ICICI Bank**

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

**सार्वजनिक सूचना**
**बिल्डर निरसन**

आपको सूचना दी जाती है कि निम्नवर्णित (कर्जदार/रों) ने नीचे वर्णित सुविधा अनुबंध संख्या तथा पता के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 09 अगस्त, 2018 के द्वारा दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि हंसलो बिल्डर्स प्रा. लि. ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति पता |
|---|---|---|
| 1. | सुनील यादव, रूचि यादव एलबीजीएचजैड00002471901 | फ्लैट नंबर बी-901, 9वां तल, टावर ए, अल्पाइन हाइट्स, मेन दिल्ली रोड, रजवाड़ा फार्म हाउस के सामने, रिठानी, मेरठ, उत्तर प्रदेश |

दिनांकित : 25 जनवरी, 2021
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
हस्ता./-

**INDO COTSPIN LIMITED**

REGD. OFFICE : 78 K.M. DELHI MILE STONE, G.T. ROAD, NH-1, VILLAGE JATTIPUR, POST BOX NO. 3, POST OFFICE SAMALKHA, PANIPAT -132103
CIN:- LI111HR1995PLC032541 Website:www.indocotspin.com
Email ID:rajpalaggarwal12000@yahoo.com, info@indocotspin.com
Statement of Standalone Un-audited Financial Results for the Quarter Ended December 31, 2020

(Amount Rs. in Lacs)

| PARTICULARS | 3 MONTHS ENDED 31/12/2020 | YEAR TO DATE FIGURES FOR FOR CURRENT PERIOD ENDED 31/03/2020 | CORRESSPONDING 3 MONTHS ENDED IN THE PREVIOUS YEAR 31/12/2019 |
|---|---|---|---|
| | UN-AUDITED | AUDITED | UN-AUDITED |
| Total Income from operations (net) | 222.84 | 997.37 | 391.61 |
| Net Profit/(Loss) from Ordinary activities after Tax | -13.31 | 10.64 | 3.34 |
| Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Extraordinary Items) | -13.34 | 10,64 | 3,34 |
| Paid Up Equity Share Capital | 420.05 | 420.05 | 420.05 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of Previous Year) | -13.31 | 214.38 | 3.34 |
| Earnings Per Share (before Extraordinary Items) (of Rs. 10/-each) Basic and Diluted (in Rupees) | -0.32 | 0.25 | 0.08 |
| Earnings Per Share (after Extraordinary Items) (of Rs. 10/-each) Basic and Diluted (in Rupees) | -0.32 | 0.25 | 0.08 |

NOTE: (i) There is no qualification on the Un-audited report for the quarter ended 31st December, 2020 (ii) The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The Full format of the Quarterly Financial Results is available on the Stock Exchange **websites: www.bseindia.com and Telephone:+91-9896 034879**

Place: Panipat
Date: 25/01/2021

For Indo Cotspin Limited
Sd/-
Bal Krishan Aggarwal
Managing Director
(DIN:00456219)

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) ASHOK LEYLAND ECOMET 1212 REG. NO. HR74A1718-YOM -2012
2) ASHOK LEYLAND 1214 REG. NO. UP65FT3224 YOM 2017
3) VE1110FB EICHR_VECV REG. NO. DL1GC4601 YOM 2015
4) BHARATBENZ_4928 REG. NO. PB13BC6862 YOM 2016
5) CB_VE 11.10 FULLY BUILT REG. NO. HR38S4605 YOM 2013
6) EECO MARUTIS REG. NO. UP 14 GT 9553-YOM -2018
7) ECCO MARUTIS REG. NO. UP14GT9555-YOM -2018
8) TATA MOTOR LPT 2515 REG. NO. UK04CB1066 YOM 2011
9) FORCETTFB FORCE REG. NO. DL1VC2104-YOM -2019
10) CB_ALECOMET1214 ASHOK LEYLAND LIMITED REG. NO. HR73 A 1267 YOM 2018
11) ALECOM1214 REG. NO. UP 16 ET 3380 -YOM -2017
12) EICHR_VECVVE1059FB REG. NO. DL1LR9531 YOM 2012
13) TATA MOTORS LTD. - TATA 2518 REG. NO. HR38R8727- YOM -2012
14) TATA_ACE ZIP_GOODS TATA MOTORS-REG. NO. DL1LAB1922-YOM -2018
15) M&M SCORPIO REG. NO. HR42C5661- YOM -2014
16) CHEVROLET BEAT REG. NO. HR12AC7393-YOM -2016

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 07 DAYS AT
KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT : RAJESH ANTIL
KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT: 9711173320

# अमेरिका-फ्रांस के संबंधों को मजबूत करने पर दिया जोर

**अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को फ्रांस के अपने समकक्ष एमैनुएल मैक्रों से बातचीत की**

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को फ्रांस के अपने समकक्ष एमैनुएल मैक्रों से बातचीत की और द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने पर जोर दिया।

दोनों नेताओं ने विदेश नीति की साझा प्राथमिकताओं सहित चीन, कोविड-19 वैश्विक महामारी और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक साथ काम करने का संकल्प किया।व्हाइट हाउस ने एक बयान में बताया कि बाइडन ने फोन पर हुई बातचीत के दौरान द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने की इच्छा जाहिर की, दोनों नेताओं ने नाटो और अमेरिका की यूरोपीय संघ के साथ साझेदारी के माध्यम से, अटलांटिक पार संबंध को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया।उसने कहा, नेताओं ने जलवायु परिवर्तन, कोविड-19 और वैश्विक आर्थिक सुधार जैसी साझा चुनौतियों से निपटने के लिए बहुपक्षीय संगठनों के जरिए करीबी समन्वय की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की। व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन और मैक्रों ने चीन, पश्चिम एशिया, रूस और अफ्रीका के साहेल क्षेत्र सहित विदेश नीति की साझा प्राथमिकताओं पर एक साथ काम करने पर सहमति व्यक्त की है।बाइडन यूरोपीय देशों के नेताओं को फोन कर अपने पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप की अमेरिका पहले की नीति के कारण ट्रान्स अटलांटिक संबंधों में आए तनाव को दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। बाइडन ने नाटो के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की, जो ट्रंप और यूरोपीय नेताओं के बीच विवाद का बड़ा कारण रहा है।ट्रंप और मैक्रों के बीच सीरिया में युद्ध और पेरिस जलवायु समझौते से अमेरिका को अलग करने जैसे मुद्दों को लेकर भी विवाद रहा है, जिसे बाइडन ने राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के पहले दिन ही बदल दिया था।बाइडन ने 20 जनवरी को अमेरिका के राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, मेक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मेनुएल लोपेज ओब्राडोर, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन से भी फोन पर बात की है।अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने नाटो के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग और जापान, ब्रिटेन तथा दक्षिण कोरिया के अपने समकक्षों से बातचीत की।वहीं, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, जापान, अफगानिस्तान, दक्षिण कोरिया और इज़राइल के अपने समकक्षों से बातचीत की है।



## अमेरिकी सेना में समलैंगिकों पर लगे प्रतिबंधों को हटा सकते हैं बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन एक नए कार्यकारी आदेश के जरिए अमेरिकी सेना में समलैंगिकों के शामिल होने पर लगे प्रतिबंध को हटा सकते हैं। मामले से अवगत एक व्यक्ति ने यह जानकारी दी।पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यकाल के प्रथम वर्ष में ही समलैंगिकों के सेना में शामिल होने पर प्रतिबंध लगा दिया था। बाइडन के कार्यभार संभालने के बाद से ही उनके पेंटागन की इस नीति में बदलाव करने की संभावनाएं बनी थीं।मामले से अवगत एक व्यक्ति ने बताया कि व्हाइट हाउस सोमवार को इस संबंध में घोषणा कर सकता है। सेवानिवृत्त जनरल लॉयड ऑस्टिन ने अमेरिका के रक्षा मंत्री पद के लिए अपने नाम की पुष्टि के लिए सीनेट के समक्ष पिछले सप्ताह हुई सुनवाई के दौरान इस कदम का समर्थन किया था। ऑस्टिन ने कहा था, मैं इस प्रतिबंध को हटाने की राष्ट्रपति की योजना का समर्थन करता हूं। उन्होंने कहा था, अगर आप सेवा करने के लिए योग्य हैं और मानकों को बनाए रख सकते हैं, तो आपको सेवाएं देने का अधिकार होना चाहिए।

## बाइडन प्रशासन ने ऊर्जा विभाग में अहम पदों पर भारतवंशियों की नियुक्ति की

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका में** बाइडन प्रशासन ने ऊर्जा विभाग में अहम पदों पर चार भारतवंशियों को नियुक्त किया है।प्रशासन ने चीफ ऑफ स्टाफ के पद पर तारक शाह को नियुक्त किया है। शाह इस पद पर पहुंचने वाले भारतीय मूल के पहले अमेरिकी बन गए हैं।तान्या दास को विज्ञान से जुड़े मामलों के विभाग ऑफिस ऑफ साइंस की चीफ ऑफ स्टाफ बनाया गया है, नारायण सुब्रमण्यम ऑफिस ऑफ जनरल काउंसेल में विधिक सलाहकार के पद पर नियुक्त हुए हैं और शुचि तलाती जीवाश्म ऊर्जा से संबंधित विभाग ऑफिस ऑफ फॉसिल एनर्जी में चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त की गई हैं।ऊर्जा विभाग में वरिष्ठ स्तर पर 19 अधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा के बाद शाह ने कहा, ए प्रतिभावान एवं कुशल लोक सेवक राष्ट्रपति जो बाइडन के जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने एवं भविष्य में एक बेहतर स्वच्छ ऊर्जा के निर्माण के लक्ष्य को पूरा करेंगे।शाह ने कहा, अपने मार्गदर्शन, व्यापक अनुभव एवं वैज्ञानिक तरीकों का पालन कर ऊर्जा विभाग में नियुक्त हुए ए नए लोग स्वच्छ ऊर्जा पर आधारित अर्थव्यवस्था के निर्माण में योगदान करेंगे, जिससे लाखों अमेरिकियों के लिए रोजगार पैदा होंगे और भविष्य की पीढ़ी के लिए एक बेहतर एवं सुरक्षित धरती के निर्माण में योगदान मिलेगा। इसके अलावा डेविड जी हुइजेंगा ऊर्जा विभाग में कार्यवाहक सचिव के तौर पर सेवा देंगे। हाल में वह राष्ट्रीय परमाणु सुरक्षा प्रशासन में सहायक प्रधान उप प्रशासक के पद पर थे तथा वह 1987 से ही विभाग से जुड़े थे।तारक शाह ऊर्जा नीति विशेषज्ञ हैं और उन्होंने पिछले दशक में जलवायु परिवर्तन से निपटने पर काम किया है।तान्या दास हाल में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में विज्ञान, अंतरिक्ष एवं प्रौद्योगिकी मामलों की कमेटी की पेशेवर सदस्य थीं। इस दौरान उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा और निर्माण नीति से संबंधित कई मुद्दों पर काम किया।नारायण सुब्रमण्यम बर्कले लॉ में सेंटर फॉर लॉ, एनर्जी एंड एनवायरनमेंट में अतिथि अनुसंधान विशेषज्ञ थे। वहीं, शुचि तलाती कार्बन 180 में वरिष्ठ नीति सलाहकार थीं। उन्होंने कार्बन हटाने के लिए टिकाऊ एवं उचित प्रौद्योगिकी के निर्माण से संबंधित नीतियों पर फोकस किया।

## ट्रंप के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही से पहले सांसदों को मिल रही है धमकी

**एपी।** वाशिंगटन

**संघीय** सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरू करने से पहले कांग्रेस के सदस्यों को जान से मारने या अमेरिकी संसद के बाहर उन पर हमला करने की धमकियों की जांच कर रहे हैं।अमेरिका के एक अधिकारी ने एपी को बताया कि धमकियों, यूएस कैपिटल (संसद परिसर) पर दोबारा हथियारबंद प्रदर्शनकारियों के हमले की चिंता के बीच कैपिटल पुलिस और अन्य संघीय सुरक्षा एजेंसियों ने ट्रंप के खिलाफ सुनवाई से पहले नेशनल गार्ड के हजारों सैनिकों को वाशिंगटन में ही तैनात रहने देने का फैसला किया है।ट्रंप समर्थकों के छह जनवरी को अमेरिकी संसद पर किए हमले के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के शपथ ग्रहण करने से पहले नेशनल गार्ड के हजारों सैनिकों को यहां तैनात किया गया था। शपथ समारोह तो शांतिपूर्ण तरीकों से सम्पन्न हो गया था, लेकिन ट्रंप के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही से पहले सांसदों को मिल रही धमकी ने अब चिंता बढ़ा दी है।नाम उजागर ना करने की शर्त पर मामले से अवगत अधिकारी ने बताया कि बाइडन के शपथ समारोह से पहले जांचकर्ताओं को ऐसी ही धमकियां मिली थीं, लेकिन अब सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी इस बात का पता लगा रहे हैं कि यह कितनी विश्वसनीय हैं।अधिकारी ने बताया कि इनमें से अधिकतर ऑनलाइन चैट ग्रुप पर जारी किए गए इन संदेशों में सुनवाई के लिए कैपिटल परिसर आत-जाते समय सांसदों पर हमला करने की साजिश रचने की बाते हैं। ट्रंप के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही आठ फरवरी से शुरू की जाएगी। अमेरिका के किसी भी पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ पहली बार महाभियोग की कार्यवाही की जाएगी।गौरतलब है कि ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव में हार स्वीकार नहीं की थी और वह तीन नवम्बर को हुए चुनाव में धोखाधड़ी के दावे कर रहे थे।


पुलिस की बर्बबरता के खिलाफ टकोमा में प्रदर्शन कर रहे लोग

## गलत जानकारी का इस्तेमाल देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के लिए किया जा रहा है: भारत

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**भारत ने** प्रौद्योगिकी कम्पनियों से पारदर्शिता सुनिश्चित करने और अपने मंचों पर गलत सूचनाओं की जांच करने का आह्वान करते हुए उन्हें आगाह किया कि गलत जानकारियों के जरिए आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप की प्रवृत्ति बढ़ रही है।एस्टोनियाई स्थाई मिशन द्वारा बेलारूस में मीडिया स्वतंत्रता पर आयोजित अररिया-फॉर्मूला की बैठक में संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप-स्थाई प्रतिनिधि के. नागराज नायडू ने कहा कि सूचना क्रांति ने मीडिया प्रणाली को फायदा पहुंचाने के साथ-साथ उसे कमजोर भी किया है।नायडू ने कहा, आज, गलत जानकारियों की वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रौद्योगिकी कम्पनियों द्वारा निर्मित डेटा सेट, एल्गोरिद्म और सूचना के बुनियादी ढांचे के बीच जटिल बातचीत पर टिकी हुई है। ए एल्गोरिद्म न केवल यह बताते हैं कि अलग-अलग आबादी के लिए क्या जानकारी उपलब्ध है, बल्कि यह भी बताते हैं, किसे और किस आवृत्ति के साथ उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा, ऐसे में, प्रौद्योगिकी कम्पनियों का यह दायित्व है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके मंचों पर पारदर्शिता हो और उनके मंच से लोगों को गलत जानकारी ना मिले।

# सामूहिक कोविड-19 टीकाकरण केंद्र के लिए अमेरिका में अपनी जगह देगा गूगल

**भाषा।** वाशिंगटन



**कंपनी के एक अधिकारी ने कहा कि गूगल शुरू में अमेरिका के अंदर अपने कार्यालयों की जगह को ही इस काम के लिए दे रहा है लेकिन उसने कुछ अन्य देशों में भी इसके लिए विकल्प खुले रखे है**

**गूगल के** मुख्य कार्यकारी अधिकारी भारतीय-अमेरिकी सुंदर पिचाई ने सोमवार को घोषणा की कि कोविड-19 रोधी सामूहिक टीकाकरण केंद्र के तौर पर इस्तेमाल के लिए कंपनी अमेरिका में अपनी जगह उपलब्ध कराएगी।उन्होंने इसके साथ ही टीके को लेकर जानकारी के प्रसार के वास्ते 15 करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी ज्यादा रकम खर्च करने की प्रतिबद्धता जताई। कंपनी के एक अधिकारी ने कहा कि गूगल शुरू में अमेरिका के अंदर अपने कार्यालयों की जगह को ही इस काम के लिए दे रहा है लेकिन उसने कुछ अन्य देशों में भी इसके लिए विकल्प खुले रखे हैं।पिचाई ने सोमवार को एक ब्लॉग पोस्ट में घोषणा की, आज हम घोषणा कर रहे हैं कि हम गूगल के दफ्तरों को सामूहिक टीकाकरण स्थल के तौर पर खोलने जा रहे हैं, टीके को लेकर लोगों को जागरूक करने, उसके समान वितरण और आप कहां और कब टीका लगवा सकते हैं, यह जानकारी सुलभ करने के लिए 15 करोड़ डॉलर से भी ज्यादा की रकम खर्च करने को लेकर प्रतिबद्धता जता रहे हैं। उन्होंने कहा, इस साल की शुरुआत से मेरे पास टीकाकरण की खोज पांच गुना बढ़ गई है और हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हम समय पर व स्थानीय रूप से प्रासंगिक समाधान उपलब्ध कराएं। पिचाई (48) ने कहा कि सामूहिक टीकाकरण प्रयासों में मदद के लिए अमेरिका से शुरुआत करते हुए गूगल अपने चुनिंदा केंद्रों जैसे इमारतों, पार्किंग स्थलों और अन्य जगहों का इस्तेमाल उन स्थलों के तौर पर करने की इजाजत देगा जहां राज्य और स्थानीय दिशा-निर्देश के मुताबिक किसी भी व्यक्ति को टीका लगाया जा सके। उन्होंने कहा, कैलिफोर्निया में लॉस एंजिलिस और सैन फ्रांसिस्को बे एरिया, किर्कलैंड, वाशिंगटन और न्यूयॉर्क सिटी में जहां जरूरत होगी, वहां हम स्वास्थ्य सेवा प्रदाता वन मेडिकल और सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ साझेदारी में शुरुआत करेंगे और फिर पूरे देश में इसके विस्तार की योजना है। पिचाई ने कहा कि गूगल स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि टीके की उपलब्धता के मद्देनजर इन केंद्रों को कब खोला जा सकता है। अमेरिका की जॉन हॉप्किंस यूनिवर्सिटी के आंकड़ों के मुताबिक देश में कोविड-19 के ढाई करोड़ से भी ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं और देश में इस महामारी से 4.17 लाख से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

## क्विक न्यूज

### मेक्सिको के राष्ट्रपति कोरोना वायरस से संक्रमित

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मेनुएल लोपेज ओब्राडोर ने रविवार को कहा कि वह कोविड-19 से पीड़ित है तथा उनमें इसके मामूली लक्षण है।ओब्राडोर ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर यह जानकारी दी और कहा कि उनका उपचार चल रहा है।उन्होने लिखा, मुझे यह बताते हुए दुख हो रहा है कि मै कोविड-19 से पीड़ित हूं। इसके लक्षण मामूली है तथा मेरा उपचार शुरू हो गया है। इसके पहले यह घोषणा हुई थी कि कोरोना वायरस के रूस निर्मित टीके स्पूतनिक वी खुराको की आपूर्ति के बारे मे सोमवार को ओब्राडोर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात करेंगे। मेक्सिको में कोरोना वायरस के 17 लाख से अधिक मामले है तथा यहां संक्रमण के कारण करीब 1,50,000 लोगो की मौत हो चुकी है।

### ऑस्ट्रेलिया ने कोविड-19 टीके के इस्तेमाल की मंजूरी दी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के चिकित्सा नियामक ने देश में कोरोना वायरस के पहले टीके के इस्तेमाल की मंजूरी दी है। इस मंजूरी से अगले महीने से देश मे टीकाकरण की मुहिम शुरू होने का रास्ता खुल गया है।द थेरापेटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन ने 16 वर्ष एवं उससे अधिक उम्र के लोगो के लिए फाइजर और बायोएनटेक द्वारा विकसित टीके के इस्तेमाल की सोमवार को मंजूरी दे दी।नियामक ने कहा कि टीकाकरण मे वृद्धाश्रम मे रहने वालो और वहां के कर्मियो, अग्रिम मोर्चे पर काम करने वाले स्वास्थ्य कर्मियो और पृथक-वास मे कार्यरत कर्मियो को प्राथमिकता दी जाएगी।ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने टीके को मंजूरी देने का स्वागत किया है। उन्होने कहा कि ऑस्ट्रेलिया उन देशो मे शामिल है जिन्होने टीकाकरण के लिए आपातकालीन मंजूरी देने के बजाय व्यापक एवं गहन प्रक्रिया के बाद टीके के इस्तेमाल की औपचारिक मंजूरी दी है। उन्होने कहा कि ऑस्ट्रेलिया मे अक्टूबर तक टीकाकरण पूरा करने का लक्ष्य है। ऑस्ट्रेलिया मे कोरोना वायरस के 30,000 से कम मामले आए और संक्रमण से 900 से अधिक लोगो की मौत हुई। यहां की आबादी 2.6 करोड़ है।

### बाइडन फिर लगाएंगे कोविड संबंधी यात्रा प्रतिबंध द.अफ्रीका भी होगा सूची में शामिल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन सोमवार को ब्राजील, आयरलैंड, ब्रिटेन और 26 अन्य यूरोपीय देशो से आने वाले गैर अमेरिकी यात्रियो पर एक बार फिर औपचारिक रूप से कोविड-19 से जुड़े यात्रा प्रतिबंध लगाएंगे।व्हाइट हाउस के दो अधिकारियो ने नाम उजागर ना करने की शर्त पर यह जानकारी दी। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि वायरस के नए स्वरूप के खतरे के मद्देनजर दक्षिण अफ्रीका को भी इन प्रतिबंधित देशो की सूची मे शामिल किया जाएगा।अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में ए यात्रा प्रतिबंध हटाने की बात की थी। बाइडन का इस आदेश को पलटने का फैसला चौकाने वाला नही है, लेकिन दक्षिण अफ्रीका को इसमे शामिल करने का फैसला नए प्रशासन की वायरस को लेकर चिंता को रेखांकित करता है।हालांकि दक्षिण अफ्रीका मे सामने आए कोरोना वायरस के नए स्वरूप का एक भी मामला अमेरिका मे सामने नही आया है, लेकिन ब्रिटेन मे सामने आए नए स्वरूप के मामले कई राज्यो मे सामने आए है।कोविड-19 चुनौती से निपटने के लिए बाइडन ने पिछले सप्ताह कई कार्यकारी आदेशो पर हस्ताक्षर किए थे। इनमे विदेशो से अमेरिका आने वाले दो वर्ष या उससे अधिक आयुवर्ग के लोगो के लिए कोरोना वायरस जांच तथा पृथक-वास को अनिवार्य कर दिया गया है।

### आधिकारिक आवास में मरम्मत के कार्य के कारण ब्लेयर हाउस में ठहरी हैं कमला हैरिस

**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस अभी अस्थाई रूप से ऐतिहासिक ब्लेयर हाउस मे ठहरी है क्योंकि उनके आधिकारिक आवास मे मरम्मत का काम चल रहा है। उपराष्ट्रपति के एक प्रवक्ता ने इस बारे मे बताया।पेनसिल्वेनिया एवेन्यू पर स्थित समूचे व्हाइट हाउस मे ब्लेयर हाउस अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक अतिथि गृह है।उपराष्ट्रपति का आधिकारिक आवास नेवल ऑब्जर्वेट्री परिसर मे है जो व्हाइट हाउस के करीब चार मील उत्तर पश्चिम मे स्थित है।उपराष्ट्रपति की मुख्य प्रवक्ता साइमन सैंडर्स ने शनिवार को पत्रकारो को बताया कि हैरिस बृहस्पतिवार को अपने नए आधिकारिक आवास मे जाएंगी।सैंडर्स ने कहा, नेवल ऑब्जर्वेट्री मे स्थित उपराष्ट्रपति के आवास मे मरम्मत का काम चल रहा है इसलिए अभी वह ब्लेयर हाउस मे ठहरी हैं।

## नागरिकों की रक्षा के लिए दक्षिणी सूडान में भारतीय शांतिरक्षकों ने अस्थाई संचालन अड्डा बनाया

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**दक्षिणी सूडान** में भारतीय शांतिरक्षकों ने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपर नील राज्य के अकोका में असैन्य संचालन अड्डा बनाया है।संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में भारत सबसे ज्यादा सैनिकों का योगदान देने वाला देश है। दक्षिणी सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन (यूएनएमआईएसएस) में अभी भारत के 2,383 सैनिक सेवा दे रहे हैं। रवांडा के बाद यह संख्या सबसे ज्यादा है।यूएनएमआईएसएस बल के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल शैलेश तिनाइकर ने कहा, हमारा उद्देश्य अपने ब्लू हेल्मेट्स (शांतिरक्षकों) को मुस्तैद बनाना तथा जिन इलाकों में अचानक संघर्ष होने की आशंका है, वहां तेजी से प्रतिक्रिया देना है।उन्होंने कहा, इसलिए हमने अपने अभियानों को सैन्य शब्दावली में जिसे हब एंड स्पॉक मॉडल कहा जाता है, उसके आस-पास तैयार करना शुरू किया। उन्होंने कहा कि इस तरह से काम करने के अनेक फायदे हैं। अधिकारी ने बताया, शांतिरक्षक के तौर पर हमारा काम न केवल नागरिकों की रक्षा करना है बल्कि समुदाय के लोगों और स्थानीय प्राधिकारियों से भी जुड़ना है ताकि तनाव बढ़ने की आशंका पर हमें जल्द से जल्द इसकी जानकारी मिल सके।


डेनेवर में कोविड वैक्सीनेशन सेंटर पर कोरोना वैक्सीन को लगवाते लोग

## भारत से भेजी गई कोविड-19 टीके की पहली खेप बांग्लादेश पहुंची

**भाषा।** ढाका

**भारत** द्वारा खरीद समझौते के तहत भेजी गई कोविड-19 से बचाव के टीके कोविशील्ड की पांच लाख खुराक की पहली खेप सोमवार को बांग्लादेश पहुंची। यह खेप भारत द्वारा बांग्लादेश को टीके की 20 लाख खुराक उपहार में भेजने के चार दिन बाद पहुंची है।

एयर इंडिया का विशेष विमान ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका द्वारा विकसित और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) द्वारा सह उत्पादित कोविड टीके की खुराक लेकर सुबह हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचा। शुरुआत में टीकों को निजी बेक्सीमको फार्मास्युटिकल लिमिटेड के गोदाम में रखा गया जहां से पूरे देश में वितरण की योजना है। बांग्लादेश ने अब तक निजी बेक्सीमको फार्मास्युटिकल के जरिए त्रिपक्षीय समझौते के तहत एसआईआई से टीके की तीन करोड़ खुराक खरीदी है। हवाई अड्डे पर टीके की खेप आने के बाद बेक्सीमको




फार्मा के प्रबंध निदेशक नजमुल हसन ने पत्रकारों को बताया कि टीके की खुराक को ढाका के बाहरी इलाके टोंगी स्थित कंपनी के गोदामों में विशेष फ्रीजर वाहनों के जरिए पहुंचाया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि सरकारी विशेषज्ञ टीके के नमूनों की जांच यह देखने के लिए करेंगे कि तापमान में उतार-चढ़ाव से उनके प्रभाव में कोई अंतर तो नहीं आया। स्वास्थ्य मंत्री जाहिद मलिक ने बताया कि आने वाले महीनों में बांग्लादेश को भारत से हर महीने कोविड-19 टीके की 50 लाख खुराक मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश फरवरी के शुरुआत में टीकों का राष्ट्रव्यापी वितरण शुरू कर देगा।

# सिडनी में हमें कड़े प्रतिबंधों में रखा : अश्विन

भाषा। नई दिल्ली

अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने खुलासा किया कि सिडनी टेस्ट के दौरान भारतीय खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के साथ लिफ्ट साझा करने की अनुमति नहीं थी और टीम के लिए इसे पचा पाना काफी मुश्किल था। हाल ही में संपन्न हुई चार मैचों की श्रृंखला का तीसरा टेस्ट सिडनी क्रिकेट मैदान पर खेला गया था। पूरे दौरे के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ी और सहयोगी सदस्य कोविड-19 महामारी से उत्पन्न खतरे के कारण एक ही जैव सुरक्षित माहौल (बायो-बबल) में थे। अश्विन ने क्षेत्ररक्षण कोच आर श्रीधर के साथ बातचीत में अपने यू-ट्यूब चैनल पर कहा, हम सिडनी पहुंचे तो उन्होंने हमें कड़े प्रतिबंधों के साथ रखा। सिडनी में एक अनोखी घटना घटी हुई। ईमानदारी से कहूं तो यह अजीब था। भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों एक ही बायो-बबल में थे। लेकिन जब ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी लिफ्ट में थे, तो वे भारतीय खिलाड़ियों को इसके अंदर जाने की अनुमति नहीं देते थे।



**'ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के साथ लिफ्ट साझा करने की अनुमति नहीं थी'**

हमें उस समय बहुत बुरा लगा। हम एक ही बबल में थे। लेकिन आप लिफ्ट में जाते हैं और उसी बबल में रहने वालों के साथ उस जगह को साझा नहीं कर सकते। हमारे लिए इसे पचाना बहुत मुश्किल था। इस टेस्ट मैच के दौरान भारतीय तेज गेंदबाजों मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह को दर्शकों से नस्लीय टिप्पणी का सामना भी करना पड़ा था। अश्विन ने हनुमा विहारी के साथ पांच घंटे से अधिक देर तक बल्लेबाजी कर मैच ड्रा कराने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद ब्रिसबेन के गाबा मैदान पर खेले गए आखिरी टेस्ट में टीम ने चौथी पारी में 328 रन के लक्ष्य को हासिल कर रिकार्ड जीत दर्ज की। इस मैदान पर 32 साल के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम को हार का सामना करना पड़ा था। भारत ने इस जीत के साथ श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की थी।

## खुद को बाहरी दुनिया से अलग करने के बाद भी हर दिन दबाव महसूस कर रहा था: पंत



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया में शानदार बल्लेबाजी कर आलोचकों का मुंह बंद करने वाले भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत ने इस दौरे से पहले खुद को बाहरी दुनिया से अलग कर लिया था लेकिन वह हर दिन दबाव महसूस कर रहे थे। पंत ने इंडिया टुडे से कहा, मैं हर दिन दबाव महसूस कर रहा था, यह मेरे खेल का हिस्सा है। एक व्यक्ति के तौर पर आपको खुद पर भरोसा होना चाहिए। अगर आप आगे बढ़ रहे हैं तो इसका मतलब यह है कि आप सुधार कर रहे हैं। इस मुश्किल समय में मैंने यही सीखा है। आपने खेल पर इतना ध्यान केंद्रित करें कि आपको कुछ और नजर न आए। सोशल मीडिया की वजह से कई बार ऐसा करना मुश्किल होता है लेकिन मैंने खुद को इससे अलग कर लिया है। जब आप अच्छा कर रहे हैं तो लोग अच्छा लिखेंगे लेकिन जब ऐसा नहीं होगा तब वे आपकी आलोचना करेंगे। यह आजकल के क्रिकेटर के जीवन का एक हिस्सा है। ऐसे में अगर आप आलोचना को नजरअंदाज कर अपने क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करते है तो मुझे लगता है कि यह बेहतर है। उन्होंने कहा ब्रिसबेन में ड्रा उनके लिए कोई विकल्प नहीं था। हमारी मानसिकता हमेशा सामान्य क्रिकेट खेलने की थी। हां, वहां तक कि टीम प्रबंधन ने भी पहली पारी में इस बारे में बात की थी। हम रन बनाना चाहते थे, कमजोर गेंदों का फायदा उठाना चाहते थे और वहां क्रीज पर खड़े रह कर जो संभव हो वह करना चाहते थे। टीम प्रबंधन की योजना जीतने की थी। मैं भी जीतने की सोच के साथ खेल रहा था। मैं हर मैच जीतना चाहता हूं, मेरे लिए ड्रा हमेशा दूसरा विकल्प होगा। उन्हें इंग्लैंड में 2019 विश्व कप में उम्मीदों पर खरा नहीं उतरने की निराशा है।

## चेन्नई में पहले टेस्ट से पूर्व तीन दिन ही अभ्यास कर पाएगा इंग्लैंड

**लंदन।** इंग्लैंड की टीम को श्रीलंका दौरा समाप्त होने के बाद भारत पहुंचने पर छह दिन तक पृथकवास पर रहना पड़ेगा और इस कारण उसकी टीम को पांच फरवरी से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच से पूर्व अभ्यास के लिए केवल तीन दिन का समय मिलेगा। द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार इंग्लैंड की टीम बुधवार को चेन्नई पहुंचेगी जहां चार मैचों की श्रृंखला के पहले दो मैच खेले जाएंगे। चेन्नई पहुंचने पर टीम को छह दिन कड़े पृथकवास में बिताने होंगे। श्रीलंका दौरे पर नहीं जाने वाले बेन स्टोक्स, जोफ्रा आर्चर और रोरी बर्न्स रविवार की रात को ही भारत पहुंच गए और उन्हें होटल में पृथकवास पर रहने के बाद अभ्यास के लिए पांच दिन का समय मिलेगा। सभी खिलाड़ियों को कोविड-19 के लिए छह दिन में तीन बार परीक्षण किया जाएगा। इंग्लैंड के खिलाड़ियों को श्रीलंका पहुंचने पर 48 घंटे बाद अभ्यास की अनुमति मिल गई थी। इंग्लैंड के खिलाड़ियों में से केवल मोईन अली को आगमन पर पॉजीटिव पाया गया था।

## मेस्सी के बिना जीता बार्सिलोना, एटलेटिको की मजबूत बढ़त

**मैड्रिड।** बार्सिलोना ने निलंबित लियोनेल मेस्सी के बिना लगातार दूसरी जीत दर्ज करके स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में फिर से तीसरा स्थान हासिल किया जबकि एटलेटिको मैड्रिड ने अंकतालिका में शीर्ष पर अपनी बढ़त सात अंक तक पहुंचा दी। बार्सिलोना ने एल्ची को 2-0 से हराया। फ्रेंकी डि जोंग ने 39वें मिनट में गोल किया और फिर 89वें मिनट में रिक्वी पुग ने गोल में मदद की। बार्सिलोना की लीग में यह लगातार चौथी जीत है। मेस्सी पर विरोधी टीम के खिलाड़ी से हाथापाई करने के लिए दो मैच का प्रतिबंध लगा है। इस जीत से बार्सिलोना के 19 मैचों में 37 अंक हो गए हैं और वह सेविला से एक स्थान आगे हो गया है। वह हालांकि शीर्ष पर चल रहे एटलेटिको मैड्रिड से 10 और रीयाल मैड्रिड से तीन अंक पीछे है। एटलेटिको ने लगातार दूसरे मैच में पिछड़ने के बाद वापसी की और वेलेंसिया को 3-1 से हराया। इससे उसके 18 मैचों में 47 अंक हो गए हैं जो दूसरे स्थान पर काबिज रीयाल मैड्रिड से सात अंक अधिक हैं। एटलेटिको की तरफ से जोओ फेलिक्स, लुई सुआरेज और एंजेल कोरिया ने गोल किए। उसने पिछले मैच इबार के खिलाफ भी पिछड़ने के बाद वापसी करके जीत हासिल की थी। वेलेंसिया ने 11वें मिनट में उरोस रेसिच के गोल से बढ़त बना दी थी लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया।



## पीएसजी की बराबरी पर पहुंचा लिली

**पेरिस।** जोनाथन डेविड के शुरू में किए गए गोल की मदद से दूसरे स्थान पर काबिज लिली ने रेनेस को 1-0 से हराकर फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) की बराबरी कर ली। कनाडा के फारवर्ड डेविड ने 15वें मिनट में यह गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इस जीत से लिली के 21 मैचों में 45 अंक हो गए हैं।

**PUBLIC NOTICE**

My client **Raghav Prasad** S/o Budhi Ram R/o K-122/5, Prem Nagar-II, Kirari Suleman Nagar, Delhi-110086, Sever all relations and debar, disowned his son **SANDEEP KUMAR** from all his movable and immovable properties due to disobedience and out of control. my client will not be held responsible for his any acts/deeds in future.

**ADVOCATE NITIN KUMAR SENGAR**
Ch.No. 27, Gajanand Block,
Tis Hazari Courts, Delhi-54

**PUBLIC NOTICE**

My client Sh. Naresh Kumar Sharma and his wife Smt. Babita Sharma R/o H.No.B-1/521, Gali No.19, Harsh Vihar, Delhi-110093 have debarred and disowned his son namely Gaurav Sharma and his wife Akansha Sharma from their movable and immovable property and severed all relation with them due to their misconduct, if anybody dealing with both of them about any matter, he/she shall be responsible from the same at his/her own risk and consequences. My clients shall not be responsible for their any acts the transactions.

**Punit Budhiraja (Advocate)**

## एएफसी ने टूर्नामेंट रद्द और स्थगित किए, भारत का कार्यक्रम भी प्रभावित

**कुआलालंपुर।** एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने कोविड-19 महामारी के बीच सभी हितधारकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सोमवार को अपने कई टूर्नामेंट को या तो रद्द या स्थगित करने का फैसला किया जिसमें भारत को अगले साल होने वाली एएफसी अंडर-16 चैम्पियनशिप में हिस्सा लेना था जो पिछले साल दो बार स्थगित करने के बाद 2021 में आयोजित होनी थी।

## इंग्लैंड जून में दो टेस्ट मैचों के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा

**लंदन।** इंग्लैंड जून में दो टेस्ट मैचों के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा। घरेलू टीम के लिए ए वर्गियों के सत्र के पहले मैच होंगे। टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज न्यूजीलैंड की टीम 2015 के बाद पहली बार इंग्लैंड में टेस्ट मैच खेलेगी। ए मैच लार्ड्स पर दो से छह जून तक और एजबेस्टन में 10 से 14 जून तक खेले जाएंगे।

## चर्चिल ब्रदर्स ने सुदेवा एफसी को 2-0 से हराकर शीर्ष पर बढ़त मजबूत की

**कोलकाता।** चर्चिल ब्रदर्स ने सोमवार को यहां पदार्पण कर रहे सुदेवा दिल्ली एफसी को 2-0 से हराकर हीरो आई लीग फुटबॉल प्रतियोगिता की तालिका में शीर्ष पर अपना स्थान मजबूत कर लिया। इस जीत की बदौलत चर्चिल ब्रदर्स की टीम ने दूसरे स्थान पर चल रही टीआरएयू एफसी पर चार अंकों की बढ़त बना ली है। मैच में ज्यादातर समय फर्नांडो वारेला की टीम का दबदबा रहा और चर्चिल ब्रदर्स ने पहले हाफ में दो गोल कर बढ़त बना ली थी जो अंत तक कायम रही।

## भारत अंडर-16 टीम ने मैत्री मैच में यूएई को हराया

**नई दिल्ली।** स्थानापन्न खिलाड़ी सुहेल अहमद भट के 79वें मिनट में किए गए गोल की मदद से भारत की अंडर-16 फुटबॉल टीम ने दुबई में मेजबान देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 1-0 से हराया। रविवार की रात खेले गए इस मैच में सुहैल दूसरे हॉफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरे और उन्होंने ताइसेन सिंह के क्रास पर यह महत्वपूर्ण गोल किया। यह उनका पहला अंतरराष्ट्रीय गोल है। इस युवा फारवर्ड ने कहा, मैं अपना पहला अंतरराष्ट्रीय गोल करके बहुत खुश हूं। मैं इस गोल को अपने साथियों को समर्पित करना चाहूंगा। यह जीत हमें टीम प्रयास से मिली।

## घरेलू क्रिकेटरों के पास प्रभाव छोड़ने का आखिरी मौका

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की महत्वपूर्ण नीलामी से पहले भारत के घरेलू क्रिकेटरों को मंगलवार से शुरू होने वाली सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट के नॉकआउट मैच में प्रभाव छोड़ने का आखिरी मौका मिलेगा।

## भारतीय महिला जूनियर हॉकी टीम की चिली की सीनियर टीम पर एक और जीत

**सैंटियागो (चिली)।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने अपने छठे और आखिरी मैच में भी शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चिली की सीनियर टीम को 2-1 से हराया और इस तरह से अजेय रहते हुए अपने दौरे का अंत किया। फारवर्ड ब्यूटी डुंगडुंग ने छठे और 26वें मिनट में गोल करके भारत को यह महत्वपूर्ण जीत दिलाई। चिली की तरफ से एकमात्र गोल 40वें मिनट में फ्रांसिस्का ताला ने किया। अपने छठे और अंतिम मैच में इस करीबी जीत से भारत की जूनियर टीम अजेय रहकर चिली से वापस लौटेगी। उसने इस दौरे में पांच मैच जीते जबकि एक मैच ड्रा खेला। भारत ने मैच में शुरू से दबाव बनाना शुरू कर दिया था। प्रतिभाशाली फारवर्ड डुंगडुंग ने छठे मिनट में बेहतरीन प्रयास को खराब नहीं जाने दिया और टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। दूसरे क्वार्टर में भी भारत ने मौके बनाए और डुंगडुंग ने फिर से गोल किया। उन्होंने यह गोल पेनल्टी कार्नर पर किया। चिली को भी इस क्वार्टर में पेनल्टी कार्नर मिला लेकिन भारतीय रक्षकों ने उसका अच्छा बचाव किया। चिली ने तीसरे क्वार्टर में दबदबा बनाया और इस बीच 40वें मिनट में फ्रांसिस्का ताला गोल करने में सफल रही। चिली ने अंतिम क्वार्टर में भी गोल करने के लिए भरसक प्रयास किए।

## महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना बी टीम से हारी

भाषा। ब्यूनस आयर्स

भारतीय महिला हॉकी टीम को अर्जेंटीना बी के हाथों एक रोचक मुकाबले में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम की अर्जेंटीना के दौरे पर यह लगातार दूसरी हार है। भारत की तरफ से सलीमा टेटे (छठे मिनट) और गुरजीत कौर (42वें मिनट) ने गोल किए जबकि अर्जेंटीना के लिए सोल पागेला (25वें मिनट), कॉन्सटेंजा सेरुन्डोलो (38वें मिनट) और ऑगस्टिना गोर्जेलनी (39वें मिनट) ने गोल दागे। भारत ने पहले क्वार्टर में शानदार शुरुआत की। उसे पहले मिनट में ही पेनल्टी कार्नर मिला।

## बायर्न म्यूनिख ने बुंदेसलीगा में स्थिति मजबूत की

**गेलसेनकिरचेन (जर्मनी)।** बायर्न म्यूनिख के थामस मुलेर के दो गोल और राबर्ट लेवोन्डोवस्की के एक और गोल की मदद से शाल्के पर 4-0 की एकतरफा जीत से जर्मन फुटबॉल लीग बुंदेसलीगा में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कोटा लक्ष्मण राव तथा कोटा लक्ष्मी एस. नंबर 234/पी, प्रथम तल, क्रान्ति क्लासिक अपार्टमेंट्स, फ्लैट नंबर बी-2, साई प्रिय गार्डन्स विनागडाली मंडल, मधुरावाडा, वीएसपी विशाखापतनम-530016/एलबीवीपीएम00001178238 | अनुसूची-'क' ग्राम और पंचायत मधुरावाडा, रजिस्ट्रेशन सब-डिस्ट्रिक्ट मधुरावाडा तथा रजिस्ट्रेशन डिस्ट्रिक्ट विशाखापतनम में क्रान्ति क्लासिक में कुल परिमाप 1555 वर्ग गज अथवा 1299.98 वर्ग मीटर में से भूमि परिमाप 32 वर्ग गज अथवा 26.75 वर्ग मीटर का एक अविभाजित और अविनिर्दिष्ट अंश, प्रथम तल पर बी-2 नंबर के एक फ्लैट सहित, प्लिंथ एरिया 780 वर्ग फीट, स्लैब तल तक निर्मित, एस. नंबर 234/पार्ट द्वारा कवर्ड। चौहद्दी : पूरी साइट हेतु : पूरब : विक्रेता की भूमि, पश्चिम : विक्रेता की भूमि, उत्तर : 40 फीट चौड़ी रोड, दक्षिण : 100 फीट चौड़ी रोड माप ईस्ट विंग : 140 फीट अथवा 42.672 मीटर, वेस्ट विंग : 140 फीट अथवा 42.672 मीटर, नॉर्थ विंग : 100 फीट अथवा 30.48 मीटर, साउथ विंग : 100 फीट अथवा 30.48 मीटर, अनुसूची-'ख' चौहद्दी : प्रथम तल पर बी-2 नंबर के फ्लैट, प्लिंथ एरिया 780 वर्ग फीट हेतु : पूरब : खुला स्थान, पश्चिम : कॉमन कॉरीडोर तथा फ्लैट नंबर बी-7, उत्तर : फ्लैट नंबर बी-1, दक्षिण : फ्लैट नंबर बी-3/सांकेतिक कब्जा की तिथि : 20-01-2021 | 26-08-2020 रू. 5,10,740.00/- | विशाखा-पतनम |

उपरोक्त कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।
तिथि : 25-जनवरी-2021 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# इंग्लैंड ने किया क्लीन स्वीप

## श्रीलंका को छह विकेट से हराकर, टेस्ट श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया

भाषा। गॉल



डॉम सिबले (नाबाद 56) और जोस बटलर (46) की पांचवें विकेट के लिए 75 रन की अटूट साझेदारी की मदद से इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन सोमवार को श्रीलंका को छह विकेट से हराकर दो मैचों की श्रृंखला को 2-0 से अपने नाम कर ली। चौथी पारी में जीत के लिए 164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 89 रन पर चौथा विकेट गंवाने के बाद संकट में थी लेकिन स्पिनरों की मददगार पिच पर सिबले और अनुभवी बटलर की जोड़ी ने कोई और क्षति नहीं होने दी। सिबले इससे पहले तीन पारियों में सिर्फ छह रन बना सके थे लेकिन उन्होंने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेल फार्म में वापसी की। पहली पारी में सात विकेट लेने वाले लेसिथ एम्बुलडेनिया ने दूसरी पारी में तीन विकेट लेकर श्रीलंका की उम्मीदे कायम की लेकिन उन्हें दूसरे गेंदबाजों का बेहतर साथ नहीं मिला। इंग्लैंड ने जॉक क्राउली (13) का विकेट जल्दी गंवा दिया। चाय के विश्राम के बाद जॉनी बेयरस्टो (29), कप्तान जो रुट (11) और डैन लॉरेंस (02) जल्दी-जल्दी पवेलियन लौट गए।

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA
स्वच्छ सर्वेक्षण-2021
स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् खोड़ा-मकनपुर, गाजियाबाद**

पत्र संख्या:-2450/न0पा0प0ख़ो0म0-सन्देश/2020-21 दिनांकः- 23.01.2021

**सन्देश/अपील**

समस्त नगरवासियों को 72 वें गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ, देते हुए पालिका अपील करती है कि, नगर की बेहतरी के लिए निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखें-

1. कोरोना वायरस(कोविड-9) संक्रमण से बचाव हेतु, मास्क अनिवार्य रूप लगायें और नियमित अन्तराल में साबुन से 40 सेकेण्ड तक हाथ अवश्य धोयें तथा अपनी पूरी दिनचर्या में दो गज की दूरी बनाये रखें, जब तक बहुत जरूरी न हो, आप अपने घरों से न निकलें। किसी भी प्रकार की भीड़ न तो बनने दें और न ही उसका हिस्सा बनें।
2. निशुल्क टेली मेडिसिन चिकित्सकीय उपचार हेतु "Ghaziabad Tele Upchaar App" गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करें
3. स्वच्छता सर्वेक्षण 2021, में नागरिकों से अपील है कि, अपने शहर को स्वच्छता रैंकिंग में नम्बर 0। बनाने में नगर पालिका का सहयोग करें और अपने मोबाइल के Play Store में जाकर, Vote for your city App डाउनलोड कर, उसमें ज्यादा से ज्यादा मात्र में Positive feedbak देकर, पालिका को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान दिलाने में, अपना सहयोग प्रदान करें।
4. कुड़ा/अपशिष्ट/प्लास्टिक(कूड़ा/कचरा) सार्वजनिक रूप से न जलाया जायें, इससे वायु प्रदुषण फैलता है, जिससे विभिन्न प्रकार की जानलेवा बिमारियां फैलती है। ठोस अपशिष्ट (कूड़ा/कचरा) को सडकों के किनारे ना फेके और न ही नाला-नालियों में फैंके, इससे नाले जाम हो जाते है।
5. प्लास्टिक से बने समस्त उत्पाद यथा दोने, चम्मच, प्लैट व डिस्पोजेबल क्राकरी व पन्नी की थैलियों का प्रयोग कदापि न करें, इसे उ0प्र0 सरकार द्वारा प्रतिबन्धित कर दिया गया है। यदि आकस्मिक निरीक्षण के दौरान, प्लास्टिक से बने उत्पादों व पन्नी की थैलियों का प्रयोग होते पाया गया या स्टोर किया गया, पाया गया तों, भारी जुर्माना करते हुए, जब्तीकरणकरण की कार्यवाही की जायेगी।
6. भवन निर्माण सामग्री/अवशेष को सड़कों के किनारे न रखें तथा यदि आकस्मिक निरीक्षण के दौरान किसी की सामग्री/अवशेष सड़कों के किनारे रखी पायी गई, तो उस पर, मा0 नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एन0जी0टी0), नई दिल्ली के निर्देशनुसार अंकन 50000/-रूपयें का जुर्माना किया जायेगा।
7. भवन निर्माण करने से पूर्व, भवन मानचित्र व दस्तावेजी साक्ष्य पालिका में प्रस्तुत करे। पालिका क्षेत्र में G+3 टाइप (4 तल) भवन निर्माण, जिसमें भू-तल पर पार्किंग व रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था अनिवार्य कर दी गई है। पालिका क्षेत्र में भवनों में बेसमेन्ट बनाना प्रतिबन्धित कर दिया गया है, जो ऐसा करता पाया जायेगा, उस पर भारी जुर्माना एंव मुकदमा दर्ज कराया जायेगा।
8. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण निर्धारित समय सीमा 21 दिन के अन्दर करायें।
9. विकास कार्यों में नगर पालिका का सहयोग एंव मार्गदर्शन करें।
10. सरकारी सम्पत्ति पर अतिक्रमण न करें। अतिक्रमण करने वाले तथा अवैध कब्जेदारों एंव भू-माफियाओं की पहचान में पालिका को सहयोग करें और उनके नाम/पतें, प्रमाण सहित बन्द लिफाफें में पालिका कार्यालय में भेज दें। आपकी पहचान गुप्त रखी जायेगी।

हस्ता/-
(कृष्ण कुमार भड़ाना)
अधिशासी अधिकारी
न0पा0प0ख़ोड़ा-मकनपुर,
गाजियाबाद

हस्ता/-
(रीना गजेन्द्र भाटी)
अध्यक्ष,
न0पा0प0ख़ोड़ा-मकनपुर,
गाजियाबाद

# सरकार कई वस्तुओं पर घटा सकती है सीमा शुल्क

भाषा। नई दिल्ली

सरकार अगले सप्ताह पेश किए जाने वाले आम बजट में कई वस्तुओं पर सीमा शुल्क में कटौती कर सकती है, जिसमें फर्नीचर के कच्चा माल, तांबा भंगार, कुछ रसायन, दूरसंचार उपकरण और रबड़ उत्पाद शामिल हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पॉलिश किए गए हीरे, रबड़ के सामान, चमड़े के कपड़े, दूरसंचार उपकरण और कालीन जैसे 20 से अधिक उत्पादों पर आयात शुल्क में कटौती की जा सकती है। इसके अलावा फर्नीचर बनाने में इस्तेमाल होने वाली कुछ बिना रंदी लकड़ियों



और हार्डबोर्ड आदि पर सीमा शुल्क पूरा तरह खत्म किया जा सकता है। महंगा कच्चा माल अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत की कीमत प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करता है। देश से फर्नीचर का निर्यात बहुत कम (लगभग एक प्रतिशत) है, जबकि चीन और वियतनाम जैसे देश इस क्षेत्र के प्रमुख निर्यातक हैं। सूत्रों के अनुसार सरकार ने कोलतार और तांबा स्क्रैप पर सीमा शुल्क को कम करने पर भी विचार कर सकती है।

## वित्त मंत्रालय ने राज्यों को जीएसटी भरपाई के लिए 6,000 करोड़ रुपए की साप्ताहिक किस्त जारी की

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि उसने राज्यों को जीएसटी की भरपाई के लिए 13वीं किस्त के रूप में 6,000 करोड़ रुपए जारी किए हैं, जिसके साथ इस मद में कुल 78,000 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अब तक अनुमानित जीएसटी क्षतिपूर्ति का 70 प्रतिशत हिस्सा जारी किया जा चुका है। जीएसटी लागू किए जाने के चलते राजस्व में 1.10 लाख करोड़ रुपए की अनुमानित कमी को पूरा करने के लिए केंद्र ने अक्टूबर 2020 में एक विशेष उधारी व्यवस्था की शुरुआत की थी। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उसने जीएसटी क्षतिपूर्ति के लिए राज्यों को 6,000 करोड़ रुपए की 13वीं साप्ताहिक किस्त जारी की है। इसमें से 23 राज्यों को 5,516.60 करोड़ रुपए जारी किए गए है, जबकि विधानसभा वाले तीन केंद्र शासित राज्यों (दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और पुदुचेरी) को 483.40 करोड़ रुपए जारी किए गए। सप्ताह यह राशि 5.30 प्रतिशत ब्याज दर पर उधार ली गई। बयान के मुताबिक केंद्र सरकार ने अब तक विशेष उधारी माध्यम से औसतन 4.74 प्रतिशत की ब्याज दर पर 78,000 करोड़ रुपए उधार लिए है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

**CHANGE OF NAME**

I, Vinod Kumar S/o. Deepak Kumar, R/o. 531, Indergarhi Post Adhyatmik Nagar, Dasna Dehat, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201302 (Presently at New Delhi) have changed my name from Vinod Kumar to Ayan Thapa on 09.11.2020 for all purposes.
PD(8896)A

**CHANGE OF RELIGION**

I, Vinod Kumar S/o. Deepak Kumar, R/o. 531, Indergarhi Post Adhyatmik Nagar, Dasna Dehat, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201302 (Presently at New Delhi) have changed my religion from Hinduism (Hindu) to Islam (Muslim) w.e.f. 09.11.2020.
PD(8897)A

# लॉकडाउन में अरबपतियों की संपत्ति 35 प्रतिशत बढ़ी

**गरीबों को पड़ गए खाने के लालेः ऑक्सफैम**

भाषा। नई दिल्ली

गरीबी उन्मूलन के लिए काम करने वाली संस्था ऑक्सफैम ने कहा है कि कोरोना वायरस महामारी के चलते लगाए गए लॉकडाउन के दौरान भारतीय अरबपतियों की संपत्ति 35 प्रतिशत बढ़ गई, जबकि इस दौरान करोड़ों लोगों के लिए आजीविका का संकट पैदा हो गया। ऑक्सफैम की रिपोर्ट इनइक्वलिटी वायरस में कहा गया, मार्च 2020 के बाद की अवधि में भारत में 100 अरबपतियों की संपत्ति में 12,97,822 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है। इतनी राशि का वितरण यदि देश के 13.8 करोड़ सबसे गरीब लोगों में किया जाए, तो इनमें से प्रत्येक को 94,045 रुपए दिए जा सकते हैं। रिपोर्ट में आय की असमता का जिक्र करते हुए बताया गया कि महामारी के दौरान मुकेश अंबानी को एक घंटे में जितनी आमदनी हुई, उतनी कमाई करने में एक अकुशल मजदूर को दस हजार साल लग जाएंगे, या मुकेश अंबानी ने जितनी आय एक सेकेंड में हासिल की, उसे पाने में एक अकुशल मजदूर को तीन साल लगेंगे। रिपोर्ट को विश्व आर्थिक मंच के दावोस संवाद के पहले दिन जारी किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक कोरोना वायरस महामारी पिछले सौ वर्षों का सबसे बड़ा स्वास्थ्य संकट है और इसके चलते 1930 की महामंदी के बाद सबसे बड़ा आर्थिक संकट पैदा हुआ। मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ बेहर ने कहा, इस रिपोर्ट से साफ पता चलता है कि अन्यायपूर्ण आर्थिक व्यवस्था से कैसे सबसे बड़े आर्थिक संकट के दौरान सबसे धनी लोगों ने बहुत अधिक संपत्ति अर्जित की।

## रुपए में लगातार पांचवे दिन तेजी, डॉलर के मुकाबले तीन पैसे की मजबूती

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में भारी बिकवाली के बावजूद अंतर्बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में लगातार पांचवें सत्र के दौरान रुपए में तेजी रही। सोमवार को रुपया अमेरिकी डालर के मुकाबले तीन पैसे की तेजी के साथ 72.94 पर बंद हुआ। अंतर्बैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 72.95 रुपए प्रति डॉलर पर खुला तथा कारोबार के दौरान रुपया 72.89 के उच्च स्तर और 72.96 के निम्न स्तर तक गया।

## भारत में एफडीआई 13 प्रतिशत बढ़ा : संयुक्त राष्ट्र

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि डिजिटल क्षेत्र में दिलचस्पी के चलते भारत में 2020 में एफडीआई 13 प्रतिशत बढ़ा, हालांकि इस दौरान ब्रिटेन, अमेरिका और रूस जैसी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में पूंजी का प्रवाह बहुत तेजी से घटा। कोविड-19 महामारी के बीच भारत और चीन ने विदेशी पूंजी को आकर्षित किया। व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन द्वारा रविवार को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक 2020 में वैश्विक एफडीआई के 42 प्रतिशत घटकर 859 अरब अमेरिकी डॉलर रह जाने का अनुमान है।

# 'टीवी पर ऐसी कहानियां कम देखने को मिलती हैं'

**अभिनेत्री ग्रेसी बितिन गोस्वामी एवं कनिका माहेश्वरी ने पायनियर संवाददाता मुस्बा हाशमी के साथ एक विशेष बातचीत में बताया कि एसईटी चैनल के शो 'क्यों उत्थे दिल छोड़ आया' का सोमवार से प्रारंभ होने की पूरी तैयारी हो गई है। उन्होंने बताया कि उनके लिए इस शो में भूमिका क्यों महत्वपूर्ण है और ये कि इस पीरियड ड्रामा में काम करना उनके लिए चुनौतीपूर्ण क्यों रहा?**

ऐसा कम ही होता है कि आपको टीवी पर ऐसी कहानियां देखने को मिलें जिनके गहन अर्थ हों और जो तुरंत ही दर्शकों के दिलों में उतर जाएं। ऐसा ही एक शो आपको सेट चैनल पर प्रारंभ हो रहे शो 'मैं उत्थे दिल छोड़ आया' में देखने को मिलेगी। इसकी कहानी 1947 के विभाजन पूर्व भारत की है जिसमें तीन लड़कियों-अमृत, वाश्मा और राधा नाम की कहानी प्रस्तुत की गई है। उनकी कहानी में उनके सपने, आशाएं और नये नये प्यार जैसी अवधारणाएं हैं और वो भी जब देश की स्वतंत्रता की बात की जा रही थी। उन्हें पता था कि कल कुछ अलग सा होने वाला था लेकिन वे सीमा के पार अपने प्यार को पाने के लिए चल देती हैं।

ग्रेसी बितिन गोस्वामी ने इसमें अमृत का चरित्र निभाया है उनके अनुसार चरित्र की सरलता के कारण ही उन्हें इस शो में आकर्षण लगा।

उनके अनुसार, 'ये विभाजन से पूर्व की एक लड़की की कहानी है जो अपने परिवार को बहुत प्यार करती है। उसके कई सपने हैं लेकिन परिवार के लिए वो सर्वस्व न्योछावर करने के लिए तत्पर रहती है। यही कारण है कि वो अपनी पहचान छिपाकर दूसरे नाम से अपनी कविताएं प्रकाशित करने के लिए भेजती है ताकि उसके पिता, जिन्हें ये सब अच्छा नहीं लगता, उसके इस कार्य से क्षुब्ध न हों।

उसके जीवन की कई कहानियां हैं और उसमें कई प्रकार की भावनाएं जोर मारती हैं लेकिन वो अपने व्यवहार से सभी के चेहरे पर मुस्कान बिखेरने का पूरा प्रयास करती रहती है। वो अपने मुखड़े और व्यक्तित्व के चलते लाहौर की सबसे सुंदर लड़कियों में गिनी जाती है।'

उन्होंने आगे बताया, 'यही कारण था कि मैंने अमृत का चरित्र निभाने के लिए सहमति प्रदान की। इसके अलावा अमृत का एक गुण ये भी है कि वो किसी भी प्रकार की परिस्थितियों से बिना घबराए निबटने के लिए तत्पर रहती है। मैं ऐसे किसी चरित्र को निभाने के लिए लंबे समय से सोच रही थी। इसमें पहली बार होगा कि मैं किशोरी की भूमिका नहीं करूंगी जबकि अपने वास्तविक जीवन में मैं ऐसी ही हूं। यही कारण है कि मैं इसमें रोमांस भी कर रही हूं। मेरे लिए ये बड़ी परियोजना और ब्रेक है। ऐसे में इस परियोजना में काम न करने का तो प्रश्न ही नहीं उठता।'



उनके अनुसार उनके लिए इस चरित्र में उतरना काफी कठिन कार्य था, 'मेरा चरित्र 1947 के भारत में रहता है वो लजीली है और कई प्रकार के प्रतिबंधों के अधीन रहती है जबकि आज 2021 का समय है आज के समय में तो हम जो चाहें कर सकते हैं और अपने लिए पूरे विश्वास से बात कर सकते हैं। अतः मुझे इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए ही तैयारी करनी थी। लेकिन मुझे चरित्र के अनुसार शारीरिक भाव-भंगिमाएं, तथा पंजाबी उच्चारण विकसित करने के लिए कड़ा परिश्रम करना पड़ा।'

इसके लिए गोस्वामी ने काफी शोधकार्य किया और इस प्रकार से वो अपने व्यक्तित्व से बिलकुल भिन्न चरित्र करने में सफल रहीं। उन्होंने बताया, 'मुझे 1970 के दशक के कई शो और फिल्में देखनी पड़ीं और उनमें ध्यान से देखना था कि उस समय के अभिनेता-अभिनेत्री किस प्रकार से स्वयं को प्रस्तुत किया करते थे। मैंने उस समय के कई गाने सुने, कई संस्कृत, उर्दू तथा पंजाबी पुस्तकों का भी अध्ययन किया। मुझे अपने शब्दों को सही करने के क्रम में ट्यूशन भी लेनी पड़ी ताकि मैं अमृत का चरित्र सही ढंग से कर सकूं।'

इस शो में केवल गोस्वामी ही नहीं हैं बल्कि उनके साथ 'दिया और बाती हम' प्रसिद्धि की कनिका माहेश्वरी भी इसमें हैं लेकिन उनका चरित्र नकारात्मक है। वो तीन साल के बाद टीवी पर अवतरित हो रही हैं और अपना चरित्र करने के लिए वो बहुत उत्साहित हैं। वो बताती हैं, 'मैं इसमें मोगर का चरित्र कर रही हूं वो अत्यंत हानिकारक और खतरनाक महिला होती है वो परिवार में क्लेश बनाए रखना चाहती है और वो किसी भी परिस्थिति में प्रसन्न और संतुष्ट होना तो जैसे जानती ही नहीं है। उसका मानना है कि अपने भाइयों के कारण ही वो विधवा हुई है। वो उन्हें कम आयु में एक छोटे से घर में अपने विवाह के लिए दोषी मानती है। उसमें इसी प्रकार की कड़वाहट है और इसलिये वो दूसरों को भी दुखी ही देखना चाहती है।'

वो बताती हैं कि उन्हें ये रोल स्वीकार करने से पहले किसी भी प्रकार की आशंका आदि नहीं थी। उन्होंने बताया, 'मेरे लिए ये एक लचीला रोल है। मैं ऐसा रोल करने के लिए एक लंबे समय से प्रतीक्षा कर रही थी। इस भूमिका में करने के लिए काफी कुछ है। जब आप खलनायिका का चरित्र करते हैं तो आपके लिए अपने अभिनय कौशल में वृद्धि करने के लिए पर्याप्त संभावनाएं होती हैं। मैं अपने चरित्र के माध्यम से हर दिन कुछ नया सीखती हूं और दिन प्रतिदिन अच्छी अभिनेत्री बनती जा रही हूं। अपने चरित्र को करने के लिए उन्हें किसी भी प्रकार के मेकअप आदि की भी आवश्यकता नहीं है।' माहेश्वरी अपने चरित्र की एक बात को विशेष मानती हैं। उनके अनुसार उनके चरित्र में किसी प्रकार के रंग आदि नहीं हैं क्योंकि उन्हें श्वेत वस्त्र धारण करने होते हैं, लेकिन उनका चरित्र इसके बाद भी काफी रंग लिए हुए है। उन्होंने आगे बताया, 'मुझे इसमें ये बात नहीं पसंद थी कि मुझे जरा भी मेकअप नहीं करना है। अभिनेत्री होने के नाते मुझे मेकअप प्रिय है लेकिन मेरी भूमिका ही सरल और सादा दिखने की है।' गोस्वामी की ही भांति माहेश्वरी को भी पंजाबी भाषा में अपने को समर्थ बनाने के लिए काफी प्रयास करने पड़े। शो का ट्रेलर अनोखा तो है ही ऐसे में दर्शक आशा कर सकते हैं कि एक और रोचक धारावाहिक उनका मनोरंजन करने को प्रस्तुत होने वाला है। इसमें उन्हें कई अच्छे और मंझे अभिनेता-अभिनेत्रियों का अभिनय देखने को मिलेगा।

## नवाबों की नगरी से माया नगरी तक का सफर



जब बात गीत और संगीत की हो और शहर लखनऊ का नाम ना आए ऐसे कैसे हो सकता है। हाल ही में रिलीज हुआ म्यूज़िक एल्बम बर्दाश्त जिसको आवाज दी है प्रख्यात गायक हरिहरन जी ने और जिसका वीडियो जी म्यूज़िक से गत दिवस रिलीज हो चुका है। गाने में बिग बॉस फेम एक्टर पारस छाबरा और एक्ट्रेस वैभवी जोशी हैं। उस एल्बम का संगीत हमारे अपने शहर के नितेश श्रीवास्तव ने दिया है। नितेश वैसे तो छोटे से शहर फतेहपुर से हैं पर उन्होंने पढ़ाई और शुरुआती दौर की नौकरी लखनऊ में की है। नितेश बॉलीवुड में काफी समय से सक्रिय हैं और अब उन्होंने अपने दोस्त अभिनव के साथ मिलकर मायानगरी बंबई में पैर जमाना शुरू कर दिया है। यूज़िक डुओ नितेश-अभिनव का यह गीत फेसबुक पर 50 लाख से ज्यादा लोग देख चुके हैं और काफी पसंद कर रहे हैं। नितेश ने बताया की उन्होंने फिल्म में भी संगीत दिया है जिसका नाम एक अंक है जो प्रकृति और पशु संरक्षण की जागरूकता पर बनाई गई है। कुछ दिनों में रिलीज़ होने वाली है, हाल ही में इस फिल्म का प्रीमियर साहू पीवीआर में हुआ है और जिसके गानों को आवाज़ सोनू निगम, पलक मुच्छल, पापोन और देव नेगी जैसे मशहूर गायकों ने दी है।

# 'लोगों का स्नेह और अच्छा काम करने की प्रेरणा देता है'

**गायक, गीतकार तथा रैपर बादल ने पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना के साथ एक विशेष बातचीत में अपने नए गाने 'बस का नहीं के बारे में, तथा संगीत के क्षेत्र में अपने आने और रैप के देश में लोकप्रिय होने आदि के बारे में विस्तार से अपनी बात रखी। प्रस्तुत हैं प्रमुख अंश-**

**■ आपका ये नया एकल किस बारे में है?**

ये उस व्यक्ति के बारे में है जो अपने कॅरियर तथा जीवन के लक्ष्यों पर फोकस रखता हो और प्यार और समर्पण जैसी चीजों के लिए उसके पास थोड़ा भी समय नहीं होता। ये ऐसे ही एक व्यक्ति के बारे में है।

**■ इस गाने की प्रेरणा आपको कहां से मिली?**

इस गाने के लिए किसी प्रेरणा की आवश्यकता ही नहीं थी। मुझे इसमें अपने से आगे किसी को देखना ही नहीं पड़ा। ये मेरा आत्म अनुभव है। मेरे जीवन में एक चरण ऐसा था जब काम और जीवन के लक्ष्यों को लेकर मैं पूरी तरह से समर्पित था। ये गाना मेरे ऐसे ही समय के बारे में है।



**■ आप संगीत के क्षेत्र, और वो भी रैप, में कैसे आए?**

अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के बाद मैं संगीत में आ गया था। मुझे कोई कॅरियर चुनना था और मुझे समझ में नहीं आ रहा था कि किस दिशा में जाऊं। मैं गाने तो पहले से ही लिख रहा था। मैं सबसे पहले रैप ही लिखा करता था। ये मैं कक्षा 10 और 12 तक करता रहा हूं मेरे मित्र अपने अपने कॅरियर के बारे में बातें किया करते थे लेकिन मुझे चूंकि संगीत ही आता था तो मैंने इसी दिशा में आगे जाने की सोच ली। मैंने एक यूट्यूब चैनल प्रारंभ किया और उसमें अपने कवर वीडियो पोस्ट करने लगा। मुझे अच्छी प्रतिक्रिया मिली और कब मैं कलाकार बन गया पता ही नहीं चला।

**■ रैप संगीत के भारत में लोकप्रिय होने का कारण आपको क्या लगता है?**

देखिये इसके कई कारण हैं। मेरे लिए ये बोहेमियां था जब उसने एक तेरा प्यार' प्रस्तुत किया। जब मैंने उसे ये करते देखा तभी मैं अपने लिए रैप बनाने लगा। इसके बाद हनी सिंह आए और उनके कारण ही रैप कॉमर्शियल रूप से सामने आया। धीरे धीरे रैप उत्तरी भारत में लोकप्रिय हो गया और आज भी है। इसके बाद बादशाह ने मोर्चा संभाल लिया। गली ब्वॉय के कारण भी इसे लोकप्रियता मिली। अब तो देश के हर कोने में रैप लोकप्रिय हो गया है।

**■ रैप के लिए अंडरग्राउंड सीन किस प्रकार से परिवर्तित हो रहा है?**

मुझे इसके अंडरग्राउंड सीन के बारे में तो पता नहीं क्योंकि मैं संगीत सुनता नहीं हूं। आपको ये अजीब लग सकता है लेकिन मैं रुझान आदि के बारे में जानकारी नहीं एकत्रित करता। मैं दूसरे क्या कर रहे हैं इसपर अधिक ध्यान नहीं देता। मैं अपनी गाना बनाता हूं बस। मैं स्टूडियो में बैठकर संगीत बनाता रहता हूं।

**■ टीएम म्यूज़िक के साथ अपने सहयोग के बारे में बताइये?**

मेरे लिए टीएम म्यूज़िक के साथ संगीत बनाना गर्व की बात है। उनकी टीम अद्भुत है। उन्हें मेरे दृष्टिकोण की समझ है। वे मुझे स्वतंत्र रूप से काम करने देते हैं और ये मेरे लिए काफी सटीक साबित होता है।

**■ भविष्य को लेकर क्या सोचा है?**

मेरे पास कई परियोजनाएं हैं। हर काम भिन्न है। लोगों का स्नेह मिलता है तो मुझे अच्छा लगता है। मुझे अपने काम को और भी अच्छे ढंग से करने की प्रेरणा मिलती है।

## दुबई में अगले साल दीपावली पर खुलेगा नया हिन्दू मंदिर

भाषा। दुबई

**दुबई में** अगले साल दीपावली के अवसर पर एक नए हिंदू मंदिर के द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोले जाने की उमीद है। मीडिया में प्रकाशित खबरों में यह जानकारी दी गई इस मंदिर का निर्माण जेबेल अली में स्थित गुरु नानक दरबार के पास किया जा रहा है। यह मंदिर बुर दुबई के सउक बनियास में सिंधी गुरु दरबार मंदिर का विस्तार है। सिंधी गुरु दरबार मंदिर संयुक्त अरब अमीरात में सबसे पुराने हिंदू मंदिरों में से एक है। पिछले साल फरवरी में खलीज टाइ स में प्रकाशित खबर के अनुसार 25,000 वर्ग फुट क्षेत्र में बनने वाले मंदिर की लागत लगभग साढ़े सात करोड़ दिरहम या।,48,86,24,396 रुपए है। सिंधी गुरु दरबार मंदिर के न्यासियों में से एक भारतीय उद्योगपति राजू श्रॉफ ने रविवार को कहा कि मंदिर का निर्माण चल रहा है और ढांचे के नीचे का



हिस्सा बन चुका है। खलीज टाइ स के अनुसार श्रॉफ ने कहा, अभी तक ढांचे के नीचे भूमिगत तल प्रथम और द्वितीय का काम पूरा हो चुका है। हम 2022 में दिवाली पर इसे खोलने की तैयारी कर रहे हैं।

पिछले साल फरवरी में मंदिर का शिलान्यास किया गया था। श्रॉफ ने कहा, एक बार बन जाने के बाद कई चर्च, सिख गुरु नानक दरबार और एक हिंदू मंदिर एक ही स्थान पर होंगे। उन्होंने कहा कि मंदिर में 11 हिंदू देवता होंगे। मंदिर की वास्तुकला में अरबी झलक भी होगी।

## ऑटिस्टिक बच्चों के सामने रोजमर्रा के जीवन में पेश आने वाली दिक्कतों को दूर करने का है लक्ष्य: श्रीधर

भाषा। पणजी

**निर्देशक** श्रीधर बीएस का कहना है कि उनकी डॉक्यूमेंट्री फिल्म इन आवर वर्ल्ड का मकसद ऑटिस्टिक (स्वीलन) बच्चों के प्रति समाज के भेदभाव पर प्रकाश डालने के साथ ही इस परिस्थिति में बच्चों के साथ सामान्य बातचीत को लेकर जागरूकता पैदा करना है ताकि उनके रोजमर्रा के जीवन में पेश आने वाली दिक्कतों को दूर किया जा सके। भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफी) के 51वें संस्करण के दौरान तीन ऑटिस्टिक बच्चों के जीवन को पेश करने वाली इस फिल्म को गैर फीचर श्रेणी के तहत प्रदर्शित किया गया था। इस फिल्म के माध्यम से बच्चों की रोजमर्रा की जिंदगी को दर्शाया गया है। 51 मिनट अवधि की इस फिल्म में ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसॉर्डर (एएसडी) को समझने के लिए अभिभावकों और चिकित्सकों



के साक्षात्कार शामिल किए गए हैं। श्रीधर ने कहा कि जब उनके बच्चों को पियानो सिखाने वाले शिक्षक ने विशेष बच्चों को संगीत सिखाने का जिक्र किया तो सबसे पहले वह ऐसे बच्चों पर संगीत के प्रभाव को समझना चाहते थे। उन्होंने कहा, हमें उनके जीवन को दुनिया के सामने लाने की जरूरत है ताकि लोग समाज के भेदभावपूर्ण रवैए के कारण उनके समक्ष पेश आने वाली दिक्कतों को समझ सकें। इसके बाद श्रीधरन ने ऑटिस्टिक बच्चों को लेकर डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाने का निर्णय लिया। निर्देशक ने 2019 में मुंबई में रहने वाले ऑटिस्टिक बच्चों के अभिभावकों, शिक्षकों और चिकित्सकों से साक्षात्कार शुरू किया। स्वालीनता (ऑटिस्टिक) विकास से जुड़ी एक गंभीर समस्या है जो बातचीत करने और दूसरे लोगों से जुड़ने की क्षमता को कम कर देती है। ऑटिज्म तंत्रिका तंत्र पर असर करता है और प्रभावित व्यक्ति की बुद्धि, भावनात्मक, सामाजिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर व्यापक रूप से असर करता है।

## अदालत ने कंगना, उनकी बहन को राजद्रोह मामले में गिरफ्तारी से संरक्षण की अवधि बढ़ाई

भाषा। मुंबई

**बम्बई** उच्च न्यायालय ने सोमवार को अभिनेत्री कंगना रनौत और उनकी बहन रंगोली चंदेल को राजद्रोह और अन्य आरोपों के तहत मुंबई पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के संबंध में गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण की अवधि 15 फरवरी तक बढ़ा दी। न्यायमूर्ति एस एस शिंदे और मनीष पिटाले की एक पीठ ने रनौत और उनकी बहन द्वारा दायर याचिका पर आगे की सुनवाई स्थगित कर दी, जिसमें मुंबई पुलिस द्वारा बार-बार भेजे गए समन और उपरोक्त प्राथमिकी के आधार पर उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही शुरू करने के बांद्रा मजिस्ट्रेट के आदेश को चुनौती दी गई है। पीठ ने कहा, चूंकि सुनवाई स्थगित कर दी गई है, इसलिए अगली तारीख तक स्वाभाविक रूप से बढ़ा दिया जाएगा। कास्टिंग निर्देशक और फिटनेस ट्रेनर मुनव्वर अली सैय्यद ने रनौत और उनकी बहन के खिलाफ उनके द्वारा कथित तौर पर किए गए कुछ ट्वीट और बयानों का हवाला देते हुए शिकायत दर्ज कराई थी जिसके बाद मुबई में मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश पर पिछले साल अक्टूबर में बांद्रा में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अपने वकील रिजवान मर्चेंट के माध्यम से सोमवार को उच्च न्यायालय में दायर एक हलफनामे में, सैय्यद ने कहा कि रनौत और उनकी बहन रंगोली ने अपने ट्वीट से घृणा फैलाई है और महाराष्ट्र सरकार के प्रति असंतोष को बढ़ावा दिया है। सैय्यद ने कहा कि दोनों बहनों ने अपनी टिप्पणियों से समुदायों के बीच नफरत को बढ़ावा दिया है।



## राजाजी रिजर्व में बाघों की निगरानी के लिए लगे 100 कैमरा ट्रैप

भाषा। ऋषिकेश (उत्तराखंड)

**कॉर्बेट** टाइगर रिजर्व (सीटीआर) से हाल में स्थानांतरित बाघों की गहन निगरानी के लिए राजाजी टाइगर रिजर्व (आरटीआर) के पश्चिमी भाग में 100 कैमरा ट्रैप लगाए गए हैं। राजाजी टाइगर रिजर्व के पश्चिमी हिस्से में बाघों की सं या को बढाने के लिए हाल में सीटीआर से दो बाघएक नर और एक मादाको स्थानांतरित किया गया था। उत्तराखंड के प्रमुख मु य वन संरक्षक, वन्यजीव, विनोद कुमार सिंघल ने भाषा को बताया, फिलहाल राजाजी टाइगर रिजर्व के पश्चिमी भाग के जंगल में कॉर्बेट से लाकर बसाए जा रहे बाघों की गतिविधियों पर गहनता से नजर रखने के लिए 100 स्थानों पर कैमरा ट्रैप लगाए गए हैं। इनसे लगातार बाघों के जंगल मे विचरण की तस्वीरें मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में स्थानांतरित



बाघों की निगरानी और बढ़ाने के लिए कुछ पालतू हाथियों को तैनात करने का निर्णय भी विभाग ले सकता है। मोतीचूर रेंज में स्थित अपने बाडे में रेडियो कॉलर निकाल कर जंगल में भागे स्थानांतरित बाघ के संबंध में सिंघल ने कहा कि उसे दोबारा से रेडियो कॉलरिंग किए जाने की संभावना पर भी व्यापक रूप से विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में देश के अन्य टाइगर रिजर्वों से संपर्क कर स्थानांतरित बाघ को रेडियो रिकॉलरिंग करने की पूरी प्रक्रिया के बारे में अध्ययन किया जा रहा है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के उपमहानिरीक्षक, वन, सुरेन्द्र मेहरा ने हाल में उत्तराखंड के वन विभाग को पत्र लिख कर स्थानांतरित बाघों की गहन निगरानी के लिए पर्याप्त उपाय करने को कहा था।

## मुनव्वर फारुकी की जमानत याचिका पर मप्र उच्च न्यायालय का फैसला सुरक्षित

**इंदौर।** हिंदू देवी-देवताओं को लेकर कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले में गुजरात के हास्य कलाकार मुनव्वर फारूकी की जमानत याचिका पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने सोमवार को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा की स्थानीय विधायक मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़ के बेटे एकलव्य सिंह गौड़ की शिकायत पर एक जनवरी को गिरफ्तारी के बाद फारूकी यहां न्यायिक हिरासत के तहत केंद्रीय जेल में बंद हैं। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति रोहित आर्य ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सभी संबद्ध पक्षों की करीब 30 मिनट तक दलीलें सुनने के बाद फारूकी की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा। एकल पीठ ने अभियोजन पक्ष और हास्य कलाकार की जमानत याचिका पर आपत्ति जताने वाले दो स्थानीय वकीलों से मामले से जुड़े दस्तावेज भी तलब किए। वरिष्ठ अधिवक्ता तथा राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने फारूकी की ओर से पैरवी करते हुए हास्य कलाकार के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 295-ए (किसी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के इरादे से जान-बूझकर किए गए विद्वेषपूर्ण कार्य) के तहत प्राथमिकी दर्ज किए जाने को लेकर सवाल उठाए। तन्खा के मुताबिक उनके मुवक्किल ने इंदौर के एक कैफे में एक जनवरी को आयोजित कार्यक्रम में ऐसा कोई भी शब्द नहीं कहा था जिससे किसी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचती हो और उनके मंच पर पहुंचते ही शिकायतकर्ता (भाजपा विधायक का बेटा) ने हंगामा करते हुए कार्यक्रम रुकवा दिया था। सरकारी वकील अमित सिंह सिसोदिया ने फारूकी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के आरोपों पर जोर देते हुए हास्य कलाकार की जमानत याचिका के खिलाफ दलीलें पेश कीं।



# INDIAN AIR FORCE

INDIAN AIR FORCE
A CUT ABOVE

## PROUD OF ITS PRESIDENTIAL AWARDEES ON THE OCCASION OF THE REPUBLIC DAY 2021

### PARAM VISHISHT SEVA MEDAL

Air Marshal Navkaranjit Singh Dhillon AVSM ADC
Air Marshal Rajesh Kumar AVSM VM ADC
Air Marshal Arvindra Singh Butola VM VSM **(Retired)**
Air Marshal Amit Tiwari AVSM VM
Air Marshal Vivek Ram Chaudhari AVSM VM
Air Marshal Mothlampet Sabari Gireesa Menon VSM

### ATI VISHISHT SEVA MEDAL

Air Marshal Indira Padmanabhan Vipin VM
Air Marshal Thazhathupulikunnel Devasia Joseph
Air Marshal Richard John Duckworth VSM
Air Marshal Vibhas Pande VSM
Air Marshal Mahendra Singh Butola **(Retired)**
Air Vice Marshal Suraj Kumar Jha
Air Vice Marshal Jonnalagadda Rajendra VSM
Air Vice Marshal Saju Balakrishnan VM
Air Vice Marshal Sukumaran Ramakrishnan VSM
Air Commodore Manish Kumar Gupta
Air Commodore Tejpal Singh VM
Air Commodore Vikram Gaur VSM

### VAYU SENA MEDAL (GALLANTRY)

Wing Commander Bibhu Dutta SK Jenamani
Squadron Leader Vivek Gairola
Flight Lieutenant Anand Singh
Flight Lieutenant Preji Raju

### VAYU SENA MEDAL

Group Captain Rajagopalan Mohan Kumar
Group Captain Arjun Sreedhar
Group Captain Abhishek Shukla
Group Captain Elvis Clinton Rodrigues
Group Captain Ritam Kumar
Group Captain Sachin Anand Gadre
Group Captain Ranpreet Singh Sodhi
Group Captain Pranav Sisodia
Group Captain Ved Prakash Singh
Group Captain Mohit Kumar Srivastava
Group Captain Sushant Mitra
Group Captain Nitin Nayal
Group Captain Ajay Krishna Misra
Group Captain Vipul Mishra

### VISHISHT SEVA MEDAL

Air Vice Marshal Rakesh Kumar Khattri **(Retired)**
Air Vice Marshal Vishnubhotla Nagaraj Srinivas
Air Commodore Suhas Prabhakar Bhandare
Air Commodore Aman Kapur
Air Commodore Venkat Tukaram Mare
Group Captain Sanjay Bahukhandi
Group Captain Bhagawat
Group Captain Kesavan Harishankar
Group Captain Koduri Appa Rao
Group Captain Akella Ravi Narasimha Sarma
Group Captain Rishi Seth
Group Captain Hampapuram Narasimha Kumar
Group Captain Mukund Vithal Khare
Group Captain Deepak Kumar Sharma
Group Captain Vikas Wahi
Group Captain Amit Sharma
Group Captain Manish Anil Minocha
Group Captain Tanvir Singh Narula
Group Captain Amit Kumar Budhwar
Group Captain Balamurugan S
Group Captain Sandeep Kumar Dhiman
Group Captain Navneet Singh
Group Captain Sunil Agrawal
Group Captain Shailesh Kumar Gaur
Wing Commander S Sundeep Desai
Wing Commander Pravin Dikshit
Master Warrant Officer Suresh Kumar
Mukund Lal Upadhyay

davp 10802/13/0017/2021

IndianAirForce iaf_mcc IndianAirForce https://www.youtube.com/c/indianairforce_MCC

26 जनवरी, 2021



हरियाणा सरकार

# गणतंत्र दिवस

पर

## हरियाणावासियों को हार्दिक

# शुभकामनाएं

"भारतीय संविधान पूरे विश्व में एक अनूठी पहचान रखता है। हमारा संविधान सर्वधर्म व विभिन्न संस्कृतियों पर आधारित है जहां सभी देशवासियों को न केवल एकसमान अधिकार मिले हुए हैं अपितु नागरिकों के कर्तव्यों का भी उचित उल्लेख किया हुआ है। आज देशवासियों की बदौलत भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में कई ऊंचाइयों को छुआ है जो हमें सदैव गौरवान्वित करता है। आइये, इस गणतंत्र दिवस पर यूँ ही साथ मिलकर देश व प्रदेश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की पुनः प्रतिज्ञा लें।"

– मनोहर लाल, मुख्यमंत्री, हरियाणा



सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in @Cmohry @DiprHaryana